# कैनविज टाइम्स

सिर्फ सच

❑ वर्ष-13 ❑ अंक-331 ❑ बुधवार, 01 जनवरी 2025 ❑ नगर संस्करण ❑ लखनऊ से प्रकाशित एवं दिल्ली, पंजाब और उत्तराखंड में प्रसारित ❑ मूल्य- ₹ 3.00 ❑ पृष्ठ-12



केजरीवाल, आतिशी की झूठ, ठगी की राजनीति : भाजपा 11

निकाय चुनाव के लिए भाजपा ने किया समिति का गठन 12


## जिम्मेदारी निभाएं ताकि न रहे मलाल



राकेश कुमार पाण्डेय
प्रधान सम्पादक

साल 2024 विदा हो गया, नई आशाओं के साथ हमने नए वर्ष में प्रवेश किया है। सामान्य अर्थों में देखें तो समय साल-दर-साल अपनी चाल चलता रहता है। नया साल समय का एक मानक है। साल कोई अच्छा-बुरा नहीं होता, परिस्थितियां उसकी दशा-दिशा तय करती हैं। यह हम पर निर्भर करता है कि समय के इस मानक को हम किस तरह बेहतर बनाते हैं। यह विचित्र संयोग ही कि नया साल रक्त जमाती सर्दी के बीच दस्तक देता है। वातावरण में एक उदासी सी होती है। संभवतः जीवन की इसी एकरसता को तोड़ने के लिये ही नया साल मनाने की परंपरा शुरू हुई होगी। ताकि सर्दी को अंगूठा दिखाकर सार्वजनिक जीवन में उत्सव व उल्लास का मौसम बने। जहां तक भारतीय नववर्ष का आगमन है, वह उस समय आता है जब कुदरत मुस्करा रही होती है। सर्दी की विदाई की वेला, और ग्रीष्म ऋतु दस्तक दे रही होती है। वृक्षों पर फल-फूल व खेतों में नई फसल पकने की तैयारी होती है। बहरहाल, उत्सव कैसे भी हों हमें उल्लासित करते हैं, हमारे जीवन की एकरसता को तोड़ते हैं। नये उत्साह का संचार करते हैं। लेकिन नये साल का उत्सव हमें अराजक व्यवहार का लाइसेंस नहीं देता। सड़कों पर नशे में झूमने और तेज गति से वाहन चलाने का लाइसेंस नहीं देता। एक व्यक्ति की आजादी किसी की आजादी का अतिक्रमण करने का अधिकार नहीं देती। विडंबना है कि नई पीढ़ी तरह-तरह के नशों में डूबकर नये साल का उच्छृंखल जश्न मनाने को बेताब नजर आती है। उनसे सवाल किया जाना चाहिए कि देर रात तक हुड़दंग के बाद जब वे देर से एक अलसायी सुबह के साथ उठते हैं तो क्या ऐसे नये साल का स्वागत करते हैं? बहरहाल, यह वर्ष महाकुंभ का है। भारत विभिन्न संस्कृतियों व धर्मों का गुलदस्ता है। महाकुंभ कई जातियों, पंथों और जीवन के विभिन्न क्षेत्रों से लाखों लोगों को एक साथ लाता है, जिससे सामाजिक सद्भाव और सांस्कृतिक आदान-प्रदान को बढ़ावा मिलता है। 2025 में महाकुंभ मेला सिर्फ़ एक मेले से कहीं ज़्यादा है, यह खुद की ओर एक यात्रा है। अनुष्ठानों और प्रतीकात्मक कर्मों से परे, यह तीर्थयात्रियों को आंतरिक विचारों में संलग्न होने और पवित्रता के साथ अपने संबंध को गहरा करने का अवसर देता है। आधुनिक जीवन की माँगों से भरी दुनिया में, महाकुंभ मेला एकजुटता, पवित्रता और ज्ञान के प्रतीक के रूप में सामने आता है। महाकुंभ मेला में न केवल आध्यात्मिक जीवन को समृद्ध करने की क्षमता है, बल्कि उत्तर प्रदेश में दीर्घकालिक आर्थिक विकास को भी गति देने की क्षमता है। अपने विशाल आकार और इससे पैदा होने वाली नौकरियों के साथ, इस आयोजन का उद्देश्य एक स्थायी विरासत छोड़ना है, जो राज्य को वैश्विक आर्थिक केंद्र में बदल देगा। इस आयोजन का आर्थिक प्रभाव न केवल तात्कालिक है, बल्कि यह कई वर्षों तक क्षेत्र में पर्यटन, बुनियादी ढांचे और रोजगार सृजन को प्रोत्साहित करता रहेगा। आशा यही है कि हर पक्ष और व्यक्ति इस प्रयत्न में अपने दायित्व को समझेगा।

**समस्त पाठकों को नए साल की बधाई और अनंत शुभकामनाएं!**

# महाकुंभ में सुरक्षा और सुविधा शीर्ष प्राथमिकता

## अखाड़ों, महामंडलेश्वर, खालसा, दंडीबाड़ा, खाकचौक एवं अन्य संस्थाओं को भूमि आवंटन पूरा

**कैनविज टाइम्स संवाददाता**

महाकुम्भ नगर। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने महाकुम्भ में प्रत्येक तीर्थयात्री और पर्यटक की सुरक्षा और सुविधा को सरकार की शीर्ष प्राथमिकता बताया है। उन्होंने कहा है कि महाकुम्भ में कोई भारतीय हो या विदेशी, प्रवासी भारतीय हो या प्रयागराजवासी, बिना भेदभाव सबकी सुरक्षा-सबकी सुविधा सुनिश्चित करना हमारी जिम्मेदारी है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि महाकुम्भ के दौरान आपदा प्रबंधन, साइबर सुरक्षा, अग्निशमन, घाट सुरक्षा और आपातकालीन चिकित्सा तंत्र को और पुख्ता किया जाना आवश्यक है। सुरक्षा से जुड़ी सभी एजेंसियों को 247 एक्टिव रहना होगा। इंटेलिजेंस को और मजबूत करने पर बल देते हुए मुख्यमंत्री ने महाकुम्भ के दौरान एंटी ड्रोन सिस्टम के प्रभावी इस्तेमाल के निर्देश भी दिए हैं। यही नहीं, मुख्यमंत्री ने महाकुम्भ की थीम पर चल रहीं फर्जी वेवसाइट और एप के चिन्हांकन और कार्रवाई के साथ साथ आमजन को इस बारे में जागरूक करने की जरूरत बताई है। उन्होंने निर्देश दिए हैं कि कतिपय अराजक संगठनों एवं व्यक्तियों द्वारा महाकुम्भ के नाम पर फर्जीवाड़ा कर वसूली करने का दुस्साहस किया जा रहा है, पुलिस द्वारा ऐसे लोगों को चिन्हित कर कड़ी कार्रवाई की जाए।

मंगलवार को महाकुम्भ की तैयारियों की समीक्षा करने प्रयागराज पहुंचे मुख्यमंत्री ने एक-एक कर सभी विभागों से उनके कार्यों की प्रगति का विवरण लिया। मुख्यमंत्री ने सभी स्ट्रीट वेंडर, ऑटो रिक्शा चालकों, ई-रिक्शा चालकों के पुलिस सत्यापन तेजी से



पूरा करने के निर्देश भी दिये, साथ ही प्रयागराज की ओर आने वाले सभी अंतर्जनपदीय मार्गों पर ट्रैफिक प्रबंधन के व्यवस्थित प्रबंध करने के निर्देश दिए। उन्होंने सोशल मीडिया, डिजिटल मीडिया व फ़ेक न्यूज पर कड़ाई से लगाम लगाने के भी निर्देश दिए। उन्होंने यह भी कहा कि भारतीय संस्कृति और परंपरा से चिढ़ने वाले लोग महाकुम्भ को लेकर दुष्प्रचार कर रहे हैं, उन्हें यथोचित जवाब दिया जाना चाहिए।

मेलाधिकारी विजय किरण आनंद ने मुख्यमंत्री को बताया कि सभी पूजनीय अखाड़ों, महामंडलेश्वर, खालसा, दंडीबाड़ा, खाकचौक एवं अन्य संस्थाओं को भूमि आवंटन का कार्य पूर्ण हो गया है, जबकि प्रयागवाल व अन्य नई संस्थाओं को आवंटन का कार्य जारी है। सभी की आवश्यकताओं के अनुरूप संसाधन भी उपलब्ध कराए जा रहे हैं। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने इस पर संतुष्टि जताते हुए कहा कि पूजनीय अखाड़ों, साधु-संतों की भावनाओं का यथोचित सम्मान किया जाना चाहिए। मेला प्रबंधन से जुड़े अधिकारी संतों से सतत-सम्पर्क-संवाद बनाये रखें। मुख्यमंत्री ने अगले तीन दिन में अरैल क्षेत्र में नया स्नान घाट तैयार करने के निर्देश दिए। बैठक में मुख्यमंत्री ने कहा करीब 550 शटल बसें महाकुम्भ में चलाई जानी हैं, इन्हें 05 जनवरी से क्रियाशील कर दिया जाए। किसी चालक एवं परिचालक को लगातार 08 घंटे से अधिक की ड्यूटी न दी जाए। इसके अलावा, दिव्यांग, बुजुर्ग और महिलाओं के आवागमन के लिए अतिरिक्त प्रबंध भी किए जाएं। मुख्यमंत्री ने यह भी कहा कि सभी 06 प्रमुख स्नान पर्वों पर हेलीकॉप्टर से पुष्पवर्षा की जाएगी, इस संबंध में सभी प्रबंध कर लिए जाएं। अधिकारियों ने मुख्यमंत्री को अवगत कराया कि महाकुम्भ के लिए तैनात पूरा पुलिस बल और सभी सफाई कर्मचारी 03 जनवरी तक प्रयागराज में मुस्तैद हो जाएंगे। सभी डॉक्टरों, पैरामेडिकल स्टाफ की तैनाती हो गई है। इसी तरह अब तक 28 पांटून पुल, 520 किमी चकर्ड मार्ग, 610 साइनेज, पेयजल ● शेष पेज 11 पर

## अखाड़ों-कल्पवासियों को 5 रुपए में आटा और 6 रुपए में चावल

**उपलब्धि**

- ❑ कल्पवासियों के लिए एक लाख बीस हजार सफ़ेद राशन कार्ड बनाने का लक्ष्य
- ❑ योगी सरकार के निर्देश पर मेला क्षेत्र में 138 दुकानों पर विशेष इंतजाम
- ❑ अखाड़ों और संस्थाओं के लिए 800 परमिट की भी है व्यवस्था
- ❑ सभी सेक्टर में कल्पवासियों, अखाड़ों और संस्थाओं को गैस कनेक्शन की सुविधा

महाकुम्भनगर। महाकुम्भ में योगी सरकार ने अखाड़ों, संस्थाओं और कल्पवासियों के लिए बड़े पैमाने पर अन्न भंडार की व्यवस्था की है। ऐसा पहली बार है, जब महाकुम्भ में इतने बड़े पैमाने पर अखाड़ों, संस्थाओं और कल्पवासियों को नाम मात्र की कीमत पर राशन की सुविधा प्रदान की जा रही है। सीएम योगी के निर्देश पर अखाड़ों-संस्थाओं और कल्पवासियों को मात्र 5 रुपए में आटा और 6 रुपए में चावल उपलब्ध कराए जाने की व्यवस्था है। इसके लिए मेला क्षेत्र में 138 उचित मूल्य की दुकानों पर राशन उपलब्ध कराया गया है।

18 रुपए प्रति किलो की दर पर चीनी मुख्यमंत्री योगी ने अफसरों को सभी जरूरी इंतजाम करने के निर्देश दिए हैं। खासकर श्रद्धालुओं के भोजन के लिए इस बार विशेष इंतजाम किए गए हैं। मुख्यमंत्री ने महाकुम्भ में आने वालों के लिए अन्न भंडार खोल दिया है। यहां मेला क्षेत्र में उचित मूल्य की 138 दुकानें खोली गई हैं, जहां पर कल्पवासियों के लिए एक लाख बीस हजार सफ़ेद राशन कार्ड बनाने की व्यवस्था की गई है। इस बार कल्पवासियों, अखाड़ों और संस्थाओं को राशन के लिहाज से बेहद कम कीमत पर राशन उपलब्ध कराया जा रहा है। महाकुम्भ में अखाड़ों-कल्पवासियों को 5 रुपए प्रति किलो की दर से आटा और 6 रुपए प्रति किलो के हिसाब से चावल उपलब्ध कराया जाना है। इसके अलावा कल्पवासियों को 18 रुपए प्रति किलो की दर से चीनी भी उपलब्ध कराई जाएगी। अखाड़ों और संस्थाओं को 800 परमिट की व्यवस्था है। भोजन पकाने के लिए गैस कनेक्शन की भी सुविधाराशन देने के साथ ही मुख्यमंत्री योगी ने भोजन पकाने के लिए भी सभी प्रकार की सुविधाएं उपलब्ध कराई हैं। इस काम के लिए सभी 25 सेक्टर्स में एजेंसियां निर्धारित की गई हैं। ये एजेंसियां कल्पवासियों, अखाड़ों और संस्थाओं को नया गैस कनेक्शन प्रदान कर रही ● शेष पेज 11 पर

## संक्षेप

### व्हाट्सऐप पे को अब सभी को यूपीआई सेवाएं प्रदान करने की अनुमति

**मुंबई।** नेशनल पेमेंट्स कॉरपोरेशन ऑफ इंडिया ने थर्ड पार्टी ऐप प्रदाता व्हाट्सऐप पे को अब सभी उपयोगकर्ताओं को यूपीआई सेवायें प्रदान करने की अनुमति दे दी है। एनपीसीआई ने आज यहां जारी बयान में कहा कि व्हाट्सऐप पे के लिए यूपीआई उपयोगकर्ता ऑनबोर्डिंग सीमा को तत्काल प्रभाव से हटा दिया गया है। इसके साथ ही व्हाट्सऐप पे अब भारत में अपने संपूर्ण उपयोगकर्ताओं को यूपीआई सेवाएँ प्रदान कर सकता है। इससे पहले,एनपीसीआई ने व्हाट्सऐप पे को चरणबद्ध तरीके से अपने यूपीआई उपयोगकर्ता आधार का विस्तार करने की अनुमति दी थी।

### मेरे राजनीतिक चरित्र हनन के दुष्प्रयास पर विराम लगाएं सीएमः आशीष

**लखनऊ।** प्रदेश के प्राविधिक शिक्षा मंत्री आशीष पटेल ने विभागीय पदोन्नति में लगाए जा रहे भ्रष्टाचार के आरोपों पर मंगलवार को सोशल मीडिया प्लेटफार्म 'एक्स पर खुलकर अपनी बात रखी है। लिखा है कि मुख्यमंत्री यदि उचित समझें तो बार-बार के मीडिया ट्रायल, झूठ और फरेब के जरिए किए जा रहे मेरे राजनीतिक चरित्र हनन के इस दुष्प्रयास पर स्थायी विराम लगाएं। इसके लिए बतौर मंत्री मेरे द्वारा अब तक लिए गए सभी फैसलों की सीबीआई जांच करा सकते हैं। यदि सामाजिक न्याय की इस जंग में मेरे साथ किसी प्रकार का षड्यंत्र, दुर्घटना हुई तो इसकी सारी जिम्मेदारी उत्तर प्रदेश पुलिस के स्पेशल टास्क फ़ोर्स की होगी। मंत्री ने मंगलवार को लिखा है कि लगे हाथ अगर उचित समझा जाए तो स्वयं मेरी तथा मेरी पत्नी और अपना दल (एस) की राष्ट्रीय अध्यक्ष व केंद्रीय मंत्री अनुप्रिया पटेल के सांसद-विधान परिषद सदस्य बनने के बाद अर्जित की गई संपत्ति की भी जांच करा ली जाए। उत्तर प्रदेश के सबसे ईमानदार आईएएस अधिकारी एवं तत्कालीन प्रमुख सचिव, प्राविधिक शिक्षा एम0 देवराज की अध्यक्षता में हुई विभागीय पदोन्नति समिति की संस्तुति और शीर्ष स्तर पर सहमति के आधार पर हुई पदोन्नति के बावजूद राजनीतिक चरित्र हनन के लिए लगातार मीडिया ट्रायल अस्वीकार्य है।

## बावड़ी का दूसरा तल, पत्थरों से बनी संरचनाएं एवं सीढ़ियां सामने आईं

**एजेंसी**

मुरादाबाद। उत्तर प्रदेश के संभल जिले के चंदौसी स्थित मुस्लिम बहुल मोहल्ला लक्ष्मणगंज में मिली प्राचीन बावड़ी में भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण (एएसआई) का सर्वे एवं खोदाई का कार्य लगातार 11वें दिन मंगलवार को भी जारी रहा। एएसआई की टीम के निर्देशन में प्राचीन बावड़ी की खोदाई और मिट्टी हटाने का काम चल रहा है। आज बावड़ी का दूसरा तल, पत्थरों से बनी संरचनाएं व सीढ़ियां सामने आ गईं। चंदौसी नगर पालिका के 50 मजदूर शाम करीब 5 बजे तक बावड़ी की साफ-सफाई में लगे रहे। इसके बाद खोदाई रोक दी गयी। अब बुधवार को फिर खोदाई होगी।

नगर पालिका के अधिशासी अधिकारी कृष्ण कुमार सोनकर ने बताया कि एएसआई की तीन सदस्यीय टीम और नगर पालिका के सहयोग से दर्जनों मजदूर बावड़ी की खोदाई में मंगलवार को भी जुटे रहे। बावड़ी के द्वितीय तल, पत्थरों से बनी संरचनाएं, सुरंगनुमा रास्ते और दर्जनों



❑ संभल एएसआई सर्वे : चंदौसी के मोहल्ला लक्ष्मणगंज में भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण की टीम के निर्देशन में 11वें दिन खोदाई का कार्य जारी

सीढ़ियां दिखाई देने लगी हैं। बावड़ी के कुएं और गलियारों की पूरी संरचना को साफ करने का कार्य जारी है। वहीं दो दिन पूर्व रविवार को बावड़ी में एक व्यक्ति के द्वारा शंखनाद करने और कुछ पंपलेट बांटने के बाद से पुलिस व पीएसी का पहरा सख्त हो गया है। स्थानीय प्रशसन ने बावड़ी परिसर में बाहरी लोगों के प्रवेश पर प्रतिबंध लगा दिया है। पूर्व सांसद ने प्राचीन बावड़ी को पुरातत्व विभाग अथवा पर्यटन विभाग को सौंपने ● शेष पेज 11 पर

## आयरलैंड, तुर्की, अमेरिका व बंगलादेश की नकली दवा जब्त

नयी दिल्ली। केंद्रीय औषधि मानक नियंत्रण संगठन (सीडीएससीओ) ने पश्चिम बंगाल की राजधानी कोलकाता में आयरलैंड, तुर्की, अमेरिका और बंगलादेश सहित विभिन्न देशों में कथित रुप से निर्मित नकली दवायें जब्त की है जिनका बाजार मूल्य लगभग 6.60 करोड़ रुपए है।

केंद्रीय स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय ने मंगलवार को यहां बताया कि पूर्वी क्षेत्र और पश्चिम बंगाल के औषधि नियंत्रण निदेशालय ने कोलकाता में एक थोक परिसर में जांच की। 'मैसर्स केयर एंड क्योर फॉर यू' पर की गई छापेमारी के दौरान बड़ी मात्रा में नकली कैंसर रोधी, मधुमेह रोधी और अन्य दवाएं जब्त की गईं। इन दवाईयों पर आयरलैंड, तुर्की, अमेरिका और बंगलादेश सहित विभिन्न देशों में निर्मित होने के लेबल लगा है और इन दवाईयों का भारत में वैध आयात दस्तावेज़ नहीं मिले हैं। मंत्रालय ने कहा है कि जांच के बाद एक आरोपी को गिरफ्तार किया गया जिसकी पहचान थोक विक्रेता फर्म की मालकिन के रूप में की गई है। आरोपी महिला ● शेष पेज 11 पर

# उत्तर प्रदेश में आठ वर्ष में पुलिस ने मुठभेड़ में मारे 217 अपराधी

## पुलिस के 17 जवान अपने कर्तव्यों को निर्वाहन करते हुए बलिदानी

**कैनविज टाइम्स ब्यूरो**

लखनऊ। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की जीरो टॉलरेंस नीति के तहत उत्तर प्रदेश पुलिस ने अपराधियों पर ठोस कार्रवाई की है। 20 मार्च 2017 से लेकर 28 दिसंबर 2024 तक पुलिस मुठभेड़ में 217 अपराधी मारे गये हैं जबकि पुलिस के 17 जवान अपने कर्तव्यों को निर्वाहन करते बलिदानी हुए हैं। मुठभेड़ों और गिरफ्तारियों ने यह साबित कर दिया है कि राज्य सरकार अपराधियों के खिलाफ बेहद सख्ती अपना रही है। यह जानकारी मंगलवार को राज्य पुलिस महानिदेशक प्रशांत कुमार की ओर सेजारी विज्ञप्ति में दी गई।

आंग्ल नए साल के महज कुछ ही घंटे अब शेष बचे हैं। राज्य पुलिस प्रशासन ने साल भर के रिपोर्ट कार्ड पेश किया हैं। इस दौरान यह बताया गया कि योगी आदित्यनाथ




ने जब से उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री का पदभार संभाला है। उनकी जीरों टॉलरेंस की नीति के तहत अपराधियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई जारी है। पुलिस की ताजा जानकारी के मुताबिक, 20 मार्च 2017 से 28 दिसंबर 2024 तक 217 अपराधी मुठभेड़ में मारे गये और 7799 अपराधी घायल हुए। बदमाशों से मोर्चा लेने के दौरान पुलिस के 17 जवान वीरगति को प्राप्त हुए। 1644 अपराधी घायल हुए हैं।

पुलिस की ओर से घोषित थे इनाम- यूपी पुलिस ने ऐसे अपराधियों को मारा गिराया हैं, जिनका समाज में आतंक भय व्याप्त है। सरकार ने ऐसे ही अपराधियों पर इनाम घोषित किए थे। इनमें पांच लाख, ढाई लाख, दो लाख,डेढ़ लाख, एक लाख और पचास हजार रुपये के इनाम घोषित थे। वहीं, 20 मार्च 2017 से 22 दिसंबर 2024 तक कुल इनामी 19955 गिरफ्तार कर जेल भेजे गये हैं। इनमें 25 हजार रुपये के 17,849 अपराधी, 25 से 50 हजार रुपये तक 1883 अपराधी,50 हजार रुपये से अधिक धनराशि के 223 इनामी अपराधी शामिल है। 924 अभियुक्तों पर लगाई रासुका, 140 अरब से अधिक संपत्ति सीज-यूपी पुलिस ने अपराधियों के खिलाफ सख्त से सख्त कार्रवाई की है। इनमें 924 अभियुक्तों पर राष्ट्रीय सुरक्षा अधिनियम रासुका के तहत हुई कार्रवाई की है। वहीं, गैंगस्टर एक्ट के तहत कार्रवाई करते हुए 140 अरब 90 करोड़ 50 लाख 79 हजार 181 रुपये की चल अचल संपत्ति के ● शेष पेज 11 पर

# 'मुख्यमंत्री योगी की अगुआई में गरीबी मुक्त प्रदेश की ओर अग्रसर उत्तर प्रदेश'

**कैनविज टाइम्स ब्यूरो**

लखनऊ। मुख्यमंत्री योगी के नेतृत्व में प्रदेश को गरीबी मुक्त बनाने के लिए योगी सरकार महत्वाकांक्षी योजना पर कार्य कर रही है। सरकार का उद्देश्य है कि 2 अक्टूबर 2025 तक प्रदेश के अति गरीब परिवारों को चिन्हित कर उन्हें सरकारी योजनाओं का लाभ पहुंचाया जाए। इस दिशा में व्यापक स्तर पर सर्वेक्षण और सत्यापन की प्रक्रिया शुरू कर दी गई है। यह पहल 'जीरो पावर्टी' अभियान के तहत चल रही है, जो उत्तर प्रदेश को गरीबी मुक्त राज्य बनाने की सरकार की प्रतिबद्धता के साथ तेज रफ्तार से आगे बढ़ रही है।

योगी सरकार प्रदेश में 15 लाख अति गरीब परिवारों को चिह्नित करने के लिए पंचायत सहायक, रोजगार सेवक, बीसी सखी और स्वयं सहायता समूहों (एस.एच.जी.) की मदद से सर्वेक्षण कराया जा रहा है। इन परिवारों में

**उपलब्धि**

- ❑ प्रदेश में 15 लाख अति गरीब परिवार को चिह्नित कर रही योगी सरकार
- ❑ सर्वेक्षण और सत्यापन के लिए डिजिटल प्लेटफॉर्म और मॉप-अप ऐप का हो रहा उपयोग

आवासहीन, कच्चे मकानों में रहने वाले, भूमिहीन और दिहाड़ी मजदूरी करने वाले परिवारों को प्राथमिकता दी जा रही है। सर्वेक्षण पूरा होने के बाद इन परिवारों के रिकॉर्ड का सत्यापन ग्रामस्तरीय समितियों द्वारा किया जाएगा।

इस महत्वाकांक्षी योजना में डिजिटल तकनीक का पूरा उपयोग किया जा रहा है। मॉप-अप मोबाइल ऐप के माध्यम से सर्वेक्षण और सत्यापन कार्य किया जा रहा है। इसमें संबंधित परिवारों का आधार, बैंक खाता विवरण, और लाभार्थी का फोटोग्राफ



अपलोड किया जा रहा है। सर्वेक्षण प्रक्रिया के बाद, ग्रामस्तरीय समिति के सदस्य, जिनमें ग्राम प्रधान, पूर्व प्रधान, विद्यालय के हेडमास्टर, स्वयं सहायता समूह की अध्यक्ष, आशा और आंगनवाड़ी कार्यकर्ता शामिल हैं वे चयनित लाभार्थियों की पुष्टि करेंगे। चयन प्रक्रिया में पांच में से न्यूनतम तीन सदस्यों का अभिमत आवश्यक होगा। चयन प्रक्रिया को और पारदर्शी बनाने के लिए सभी रिकॉर्ड मॉप-अप ऐप और जीरो पावर्टी पोर्टल पर उपलब्ध कराए जाएंगे। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ का उद्देश्य है कि उत्तर प्रदेश का प्रत्येक गरीब परिवार सरकारी योजनाओं का लाभ पाकर अपनी जीवन गुणवत्ता में सुधार कर सके। इस योजना के तहत प्रथम चरण में उन परिवारों को प्राथमिकता दी जा रही है जिन्हें अब तक सरकारी योजनाओं का लाभ नहीं मिला है। मुख्यमंत्री ने इस बात पर जोर दिया है कि योजनाओं को समयबद्ध तरीके से लागू किया जाए और जरूरतमंदों तक उनकी पहुंच सुनिश्चित की जाए। सरकार की इस योजना में सरकारी फंड के अलावा कॉरपोरेट सोशल रिस्पॉन्सिबिलिटी (सीएसआर) फंड का भी उपयोग किया जाएगा। योगी सरकार का यह कदम सामाजिक जिम्मेदारी के साथ-साथ विकासशील प्रदेश के निर्माण के लिए एक समावेशी दृष्टिकोण ● शेष पेज 11 पर

## 52 आईपीएस का हुआ प्रमोशन, 9 बनाए गए आईजी

**कैनविज टाइम्स ब्यूरो**

लखनऊ। नए साल की पूर्व संध्या पर राज्य सरकार ने 52 आईपीएस अफसरों को पदोन्नति की सौगात दी है। बीती 21 दिसंबर को विभागीय प्रोन्नति समिति की बैठक में इस पर मुहर लगाई गई थी, राज्यपाल की अनुमति के बाद इसका औपचारिक आदेश जारी कर दिया गया। मंगलवार को डीजी सीबीसीआईडी एसएन साबत के सेवानिवृत्त होने के बाद एडीजी अभियोजन दीपेश जुनेजा (1992 बैच) को डीजी के पद पर प्रोन्नत किया गया है।

वहीं दूसरी ओर वर्ष 2000 बैच के तीन अफसरों को एडीजी के पद पर प्रोन्नत किया गया है। इनमें नोएडा की पुलिस कमिश्नर लक्ष्मी सिंह, आईजी रेंज लखनऊ प्रशांत कुमार द्वितीय और आईजी एटीएस नीलाब्जा चौधरी शामिल हैं। वहीं वर्ष 2007 बैच के 9 आईपीएस अधिकारियों को डीआईजी से आईजी के पद पर पदोन्नत किया गया है। इनमें अमित पाठक, जोगेंद्र




- ❑ 2010-2011 बैच के 26 आईपीएस बने डीआईजी
- ❑ 2012 बैच के 13 अफसरों को सेलेक्शन ग्रेड

कुमार, रवि शंकर छवि, विनोद कुमार सिंह, भारती सिंह, विपिन कुमार मिश्रा, राकेश प्रताप सिंह, योगेश सिंह और गीता सिंह शामिल हैं। इसी तरह वर्ष 2011 बैच के 25 आईपीएस को एसएसपी से डीआईजी के पद पर पदोन्नत किया गया है। इनमें शैलेश कुमार पांडेय, अजय कुमार, अभिषेक सिंह, देवरंजन वर्मा, राजेश एस., हेमंत कुटियाल, शालिनी, स्वप्निल ममगई, डी. प्रदीप कुमार, ● शेष पेज 11 पर

# दिल्ली चुनाव के लिए मायावती ने बनायी रणनीति, आकाश आनंद संभालेंगे कमान

कैनविज टाइम्स संवाददाता




लखनऊ। बहुजन समाज पार्टी पूरी मजबूती के साथ दिल्ली विधानसभा चुनाव लड़ने जा रही है। पार्टी की राष्ट्रीय अध्यक्ष मायावती दो दिन पहले दिल्ली में बैठक कर चुनाव की रणनीति भी बना ली है।

दिल्ली चुनाव की कमान पार्टी के राष्ट्रीय समन्वयक आकाश आनंद को सौंपी गई है। पार्टी के एक वरिष्ठ नेता ने मंगलवार को बताया कि दिल्ली में होने वाले विधानसभा चुनाव के लिए सभी दल जोर-शोर से तैयारी में लगे हुए हैं।

इसी क्रम में बसपा भी पूरी ताकत के साथ दिल्ली विधानसभा चुनाव लड़ेगी, जिसके लिए विशेष रणनीति तैयार की गई है। उन्होंने बताया कि दिल्ली चुनाव के दौरान राजनीतिक दल बड़ी रैलियां और कार्यक्रम आयोजित करेंगे। वहीं बसपा के कार्यकर्ता घर-घर जाकर लोगों से मिलेंगे और कंग्रेस और भाजपा के कारनामों के बारे में बताते हुए बसपा की नीतियों से अवगत कराएंगे। जनता को आश्वस्त करेंगे कि बसपा की सरकार बनने पर दलितों को सरकारी नौकरी दी जाएगी। उल्लेखनीय है कि बीते दिनों हुई बैठक में पार्टी ने कई सीटों पर अपने उम्मीदवारों का चयन भी कर लिया है। दिल्ली चुनाव की कमान पार्टी के राष्ट्रीय समन्वयक आकाश आनंद को मिली है। पांच जनवरी के वे दिल्ली कोंडली स्थित अम्बेडकर पार्क में जनसभा करने जा रहे हैं।

# फर्जी पत्रकारों के खिलाफ सभी संगठन एक होकर देश में अभियान चलाएं: उपमन्यु

एजेंसी



मथुरा। भुवनेश्वर, उड़ीसा, उत्कल पत्रकार संघ उड़ीसा राज्य इकाई द्वारा ब्रज प्रेस क्लब के अध्यक्ष एवं एनयूजेआई के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष डॉ. कमलकांत उपमन्यु एडवोकेट एवं उनकी धर्मपत्नी श्रीमती अलका उपमन्यु एडवोकेट स्पेशल डीजीसी पॉक्सो कोर्ट का अभिनंदन किया गया। इस अवसर पर अपने सम्मान में आयोजित पत्रकार समारोह को संबोधित करते हुए ब्रज प्रेस क्लब के अध्यक्ष डॉ. कमलकांत उपमन्यु एडवोकेट ने कहा कि देश भर के अंदर व्हाट्सएप और सोशल साइट से फर्जी पत्रकारों की एक फौज खड़ी हो गई है।

जो न केवल पत्रकारों की छवि को खराब कर रही है बल्कि समाज के हर वर्ग को ब्लैकमेल कर रही है।

इसके विरुद्ध देश भर के सभी संगठनों के पत्रकारों को एकजुट होकर मुकाबला करने का उन्होंने आह्वान किया। इस अवसर पर समारोह की अध्यक्षता करते हुए उत्कल पत्रकार संघ, ओडिसा राज्य इकाई के अध्यक्ष विभूति भूषण कर ने बताया कि उत्कल पत्रकार संघ 1945 में गठित राज्य का सर्व पुरातन पत्रकार संघ है। इस अवसर पर सभी वक्ताओं ने एक स्वर से श्री उपमन्यु के विचारों पर सहमति भी जताई तथा उड़ीसा राज्य के पत्रकारों का एक प्रतिनिधि मंडल बहुत जल्द उत्तर प्रदेश में प्रयागराज कुम्भ एवं ब्रज और अयोध्या भ्रमण पर भी आएगा।

समारोह की अध्यक्षता उत्कल पत्रकार संघ के अध्यक्ष विभूति भूषण कर ने की तथा संचालन संघ के कोषाध्यक्ष राजन चौधरी ने किया। भुवनेश्वर पत्रकार संघ के जिला अध्यक्ष प्रताप चन्द्र प्रधान, साधारण सचिव जीतेन्द्र कुमार महान्ति, वरिष्ठ पत्रकार प्रदीप बैशाख, पवित्र महारथा, भरत बेहेरा, मनोज प्रधान टुलु पात्र,रणजीत पटनायक, प्रकाश साहू आदि ने समारोह को संबोधित करते हुए देश भर में पत्रकारों को एकजुट होने का संकल्प लिया।

# त्रिशा हॉस्पिटल पर स्वास्थ्य विभाग की कार्रवाई, अस्पताल को किया सीज

कैनविज टाइम्स संवाददाता

मेजा प्रयागराज। ऑपरेशन के दौरान महिला को हुई मौत को संज्ञान में लेते हुए स्वास्थ्य विभाग की टीम ने रामनगर स्थित त्रिशा हॉस्पिटल को चीज कर दिया। मेजा के रामनगर स्थित त्रिशा हॉस्पिटल में इलाज के दौरान महिला की मौत हो गयी महिला की मौत होते ही शव को सौपने के बाद परिजन अस्पताल पहुंचे तो अस्पताल कर्मी मौके से फरार हो गए। घटना की जानकारी होते ही मौके पर पहुंची सिरसा चौकी की पुलिस टीम के साथ रहे चौकी प्रभारी अनिल कुमार पांडेय ने आवश्यक जानकारी जुटाया और विधिक कार्रवाई कर शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। मांडा थाना क्षेत्र के सांड़ी गांव निवासी सत्या देवी (43) पत्नी विजयचंद्र भारती को बच्चेदानी के ऑपरेशन हेतु रामनगर के त्रिशा अस्पताल में रविवार को सुबह भर्ती कराया गया था। शाम को ऑपरेशन के दौरान सर्जन ने एनस्थीसिया का इंजेक्शन दिया तो उसकी हालत बिगड़ गई। हालत बिगड़ते ही अस्पताल कर्मी परिजनों को बीपी लो होने की जानकारी देकर मरीज को अपने साथ अस्पताल दिखाने की बात कहकर शहर की ओर चल पड़े। बीच में अस्पताल कर्मी कई अस्पतालों में मरीज को दिखाते हुए एसआरएन अस्पताल पहुंच गए। जहां पर डॉक्टरों ने महिला को मृत घोषित कर दिया। डॉक्टरों की सूचना पर निजी अस्पताल की नर्स और डॉक्टर को बैठाकर शव परिजनों को घर ले जाने को कहा। पीड़ित परिजन दिवंगत महिला के शव को लेकर करीब 11 बजे रामनगर के उसी अस्पताल पहुंचे जहां महिला भर्ती थी।

# प्रदर्शनी कार्यक्रम में बाल विज्ञानियों ने 60 मॉडल बनाकर दिखाई प्रतिभा

कैनविज टाइम्स संवाददाता



करछना प्रयागराज। स्थित श्रीमती इंदिरा गांधी इण्टर कॉलेज पटेलनगर अकोढ़ा में मंगलवार को विज्ञान प्रदर्शनी ,कला प्रदर्शनी व बाल मेला का आयोजन किया गया। प्रदर्शनी में छात्रों ने विज्ञान के विभिन्न मॉडल प्रस्तुत किए। विज्ञान प्रदर्शनी में सौ से अधिक बाल वैज्ञानिकों ने 60 मॉडलों को प्रदर्शित किए। इनमें ज्वाला मुखी, वैक्यूम क्लिनर, फ़ेफडे का परिसंचरण, श्वसन तंत्र,पवन चक्की स्मार्ट सिटी,सोलर पैनल, हाइड्रोलिक ब्रिज,जल विद्युत ऊर्जा, किडनी, सोलर रोटेशन वर्किंग,एयर प्यूरीफायर, वाटर अलार्म, इको फ्रेंडली होम, लेजर सिक्योरिटी सिस्टम सहित कई मॉडल शामिल रहे।इसके अलावा छात्र छात्राओं ने बाल मेला का भी आयोजन किया। विज्ञान मॉडल प्रदर्शनी का उद्घाटन मेट्रोलॉजिस्ट आकाश मिश्र, ब्लॉक प्रमुख कौंधियारा इंद्रनाथ मिश्र व विद्यालय के प्रबंधक राजेन्द्र कुमार मिश्र ने मां सरस्वती के समक्ष दीप जलाकर एवं माल्यार्पण कर प्रतियोगिता का शुभारंभ किया गया। इसके बाद विद्यालय की छात्राओं ने सरस्वती वंदना प्रस्तुत की। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि आकाश मिश्र ने फीता काटकर प्रतियोगिता का शुभारंभ किया। अतिथियों ने बाल वैज्ञानिकों द्वारा प्रस्तुत किए गए मॉडलों को देखा। अतिथियों ने अन्य मॉडलों के साथ ही कक्षा 9 की छात्रा दीक्षा कुशवाहा के रेन वाटर हार्वेस्टिंग को सराहा। कार्यक्रम का संचालन आशीष शुक्ला ने किया। इस दौरान विद्यालय के प्रधानाचार्य अमित पाण्डेय,मंडलीय महामंत्री माध्यमिक शिक्षक संघ अनुज पाण्डेय,प्रधानाचार्य देव प्रकाश यादव,पीके त्रिपाठी समेत अन्य लोग मौजूद रहे।

## वेद छात्रों ने वैदिक मंत्रों से किया नये साल का स्वागत

**महाकुम्भ नगर।** झूसी स्थित श्री परमानन्द आश्रम में संचालित श्री स्वामी नरोत्तमानन्द गिरि वेद विद्यालय में वेद छात्रों ने सस्वर वैदिक मंत्रों का उच्चारण कर नये साल का स्वागत किया। वेदाचार्यों की देखरेख में श्री स्वामी नरोत्तमानन्द गिरि वेद विद्यालय में हवन की आहुति के जरिये 2024 का आभार और 2025 के मंगलमय होने की कामना की गई। मानवता एवं विश्व कल्याण के लिए स्वस्ति वाचन एवं शांति करण मंत्रों का पाठ हुआ। इस संबंध में जानकारी मंगलवार को हरिद्वार से पधारे संत एवं संस्था के उपाध्यक्ष स्वामी शरद पुरी ने दी। उन्होंने बताया कि महाकुंभ के दौरान आम श्रद्धालुओं के लिए विशेष रूप से नियमित वेद मंत्रों का पाठ किया जाएगा। वेद मंत्रों के उच्चारण से वातावरण शुद्ध होता है। व्यक्ति के मन, शरीर व आत्मा पर सकारात्मक प्रभाव पड़ता है। ऋग्वेद, यजुर्वेद, सामवेद और अथर्ववेद सनातन धर्म की आधारशिला हैं। इनकी रचना वैदिक काल में हुई, जब ऋषियों ने ब्रह्मांड के रहस्यों को समझने के लिए तपस्या और ध्यान के माध्यम से ''श्रुति'' (ईश्वरीय वाणी) को सुना और उसे मंत्रों के रूप में संकलित किया। इन वेदों के भीतर एक लाख मंत्र समाहित हैं। इनको समझने और उनके अर्थ को आत्मसात करने वाले ऋषियों को ''मंत्र दृष्टा'' कहा जाता है। कुंभ के आयोजन का मुख्य आधार वैदिक ज्ञान और ज्योतिषीय गणनाएं हैं। माना जाता है कि कुंभ का आयोजन उस समय किया जाता है जब ग्रह-नक्षत्र एक विशेष संयोग में होते हैं। पच्चीस वर्ष से संचालित श्री स्वामी नरोत्तमानन्द गिरि वेद विद्यालय उन्होंने बताया कि शिक्षा मंत्रालय भारत सरकार के सहयोग से 25 वर्षों से संचालित श्री स्वामी नरोत्तमानन्द गिरि वेद विद्यालय के सामवेदाचार्य वेद मूर्ति ब्रजमोहन पांडेय ने बताया कि वेद पाठशाला में बच्चों को शुक्ल यजुर्वेद, सामवेद, अथर्ववेद और ऋग्वेद के मंत्र सस्वर कंठस्थ कराए जा रहे हैं। वेदों की पढ़ाई के साथ-साथ बच्चों को संस्कृत, अंग्रेजी, गणित, सामाजिक विषय पढ़ाया जाता है। ताकि उनमें सामाजिक भावना भी आए। संस्था की कोशिश है कि यहां पढ़ने वाले वेद छात्र अपनी प्राचीन परंपरा और आधुनिक परंपरा दोनों को सीख सकें। इसके लिए बच्चों को कंप्यूटर का प्रशिक्षण दिया जाता है। यहाँ बच्चे सिर्फ वेदों की पढ़ाई ही नहीं करते, बल्कि खेल-कूद, पेंटिंग, बागवानी व अन्य व्यावहारिक प्रशिक्षण भी लेते हैं। बच्चों को यहां क्रिकेट, कबड्डी, बैडमिंटन जैसे खेल भी खेलने को मिलता है। बच्चों को योग के जरिए ध्यान लगाने की भी ट्रेनिंग दी जाती है। कार्यक्रम का संयोजन ब्रजमोहन पांडेय और खिमलाल न्योपाने ने किया। इस कार्यक्रम में प्रमुख रूप से जीवन उपाध्याय, गौरव जोशी, अवनीश पाण्डेय, कृष्णकुमार मिश्र, शिवानंद द्विवेदी, अवनी सिंह, अंजनी कुमार सिंह आदि ने योगदान दिया।

## पेट्रोल पंप मैनेजर के साथ 78 हजार रुपये की लूट

**कानपुर।** पनकी थाना अंतर्गत रतनपुर में बने इंडियन ऑयल पेट्रोल पंप के मैनेजर ने लूट आरोप लगाते हुए पनकी थाने में रिपोर्ट दर्ज करवाई है। पीड़ित के मुताबिक सोमवार की रात जब पेट्रोल पंप बंद कर रुपयों से भरा बैग लेकर जा रहा था तभी पनकी कटरा रेलवे क्रासिंग ओवर ब्रिज के ऊपर बाइक सवार तीन लड़के पीछे से आये और उन्होंने चाकू से उसके शरीर में कई जानलेवा वार करते हुए 78 हजार रुपये से भरा बैग छीन कर भाग गए। पीड़ित द्वारा मिली शिकायत के बाद पुलिस मामले की जांच में जुट गई है। पनकी थाना क्षेत्र के रतनपुर इलाके में बने इंडियन ऑयल पेट्रोल पंप में कल्याणपुर के रहने वाले हीरा प्रसाद मैनेजर की नौकरी करते हैं। सोमवार की दिन रात वह पेट्रोल पंप का कलेक्शन लेकर ई ब्लॉक पनकी के रहने वाले पैट्रोल पम्प मालिक अमित नारायण के घर 78 हजार रुपए से भरा बैग देने जा रहे थे, लेकिन पनकी कटरा रेलवे क्रासिंग ओवर ब्रिज के ऊपर बाइक सवार तीन लड़के पीछे से बैग छीना और चाकुओं से हमला कर भाग गए निकले।उधर इस मामले को लेकर एडीसीपी विजयेंद्र द्विवेदी ने मंगलवार को बताया कि पीड़ित पेट्रोल पंप मैनेजर हीरा प्रसाद की शिकायत के बाद जब कल्याणपुर स्थित उनके घर जाकर देखा गया तो वह पूरी तरह से स्वस्थ्य दिखाई दिए। जबकि उन्होंने कहा था कि लूट करने आये लड़कों ने उन पर चाकुओं से हमला किया था। लेकिन उसके शरीर में चोट के एक भी निशान नहीं मिले। फिलहाल पीड़ित मैनेजर की शिकायत पर मुदकमा दर्ज कर मामले की जांच की जा रही है।

## दुष्कर्म का आरोप लगाने वाली युवती से पंचायत ने कराया निकाह

**मुरादाबाद।** जिले के थाना कुंदरकी क्षेत्र में प्रेमिका द्वारा प्रेमी पर शादी का झांसा देकर दुष्कर्म का आरोप लगाने के मामले में बैठी पंचायत ने मंगलवार को दोनों का निकाह करा दिया।कुंदरकी के एक गांव की एक युवती ने बीते दिन सोमवार को थाना कुंदरकी पुलिस को दिए शिकायती पत्र में अपने गांव में रहने वाले पड़ोसी युवक पर लंबे समय से शादी का झांसा देकर दुष्कर्म करने का आरोप लगाया था। पीड़िता का आरोप था कि वह शादी से इनकार कर रहा था। मंगलवार को दोनों पक्षों से पंचायत बैठी और पंचायत ने दोनों का रजामंदी से निकाह करा दिया। कुंदरकी धाना अध्यक्ष प्रदीप सेहरावत ने बताया कि पंचायत द्वारा निकाह कराने के बाद पीड़िता ने अपनी शिकायत वापस ले ली है।

# सनातन धर्म की अलख जगाने प्रयागराज महाकुम्भ आ रही है पवित्र छड़ी यात्रा

कैनविज टाइम्स संवाददाता

करछना प्रयागराज महाकुम्भ नगर। प्रयागराज महाकुम्भ में आस्था की डुबकी लगाने आ रहे करोड़ों श्रद्धालु सनातन की अलख जगाने निकली पवित्र छड़ी का भी दर्शन कर सकेंगे।

श्री पंच दशनाम आवाहन अखाड़े के सैकड़ों महात्मा इस पवित्र छड़ी को लेकर प्रयागराज पहुंच रहे हैं। आवाहन अखाड़े के साधुओं का जत्था हरिद्वार से पवित्र छड़ी लेकर रवाना हरिद्वार से यह पावन छड़ी यात्रा शुरू हो चुकी है। छड़ी यात्रा की अगुवाई प्रयाग महाकुम्भ मे आवाहन अखाड़े के दादा जी धुनी वाले श्री महन्त गोपाल गिरी कर रहे हैं। उनका कहना है कि अखाड़े के निर्देशानुसार छड़ी के चार श्री महन्त चुने गए हैं जो उनके साथ चल रहे हैं। आवाहन अखाड़े के साधुओं का जत्था भी साथ है।

यह पवित्र छड़ी यात्रा 1 जनवरी को प्रयागराज महाकुम्भ पहुंचेगी, जहां विभिन्न स्थानों पर इस यात्रा का अखाड़ों के साधु संत और श्रद्धालु स्वागत करेंगे।

आदि गुरु शंकराचार्य ने की थी छड़ी यात्रा की शुरुआत इस छड़ी यात्रा की शुरुआत के इस साल 1220 वर्ष पूरे हो रहे हैं। इस यात्रा की अगुवाई कर रहे आवाहन अखाड़े के श्री महंत गोपाल गिरी का कहना है कि आदिगुरू शंकराचार्य जी के नेतृत्व मे आज से 1220 वर्ष पूर्व अखाड़ा श्री शम्भू पंच दश नाम आवाहन नागा सन्यासी के 550 महात्माओं और श्री महन्त द्वारा भारत के सनातन धर्म के मन्दिरों का जीर्णोद्धार करने के लिए यह छड़ी यात्रा शुरू की गई थी। इस बार प्रयाग महाकुम्भ में अखाड़ा श्री शम्भू पंच दशनाम आवाहन नागा संन्यासी को 1478 वर्ष हो रहे हैं और 2025 में आवाहन अखाड़ा 123वां महाकुम्भ स्नान करने जा रहा है। उनके साथ यह पवित्र छड़ी भी स्नान करेगी। एक जनवरी 2025 से 27 फरवरी तक यह पवित्र छड़ी प्रयागराज महाकुम्भ में आवाहन अखाड़े के छावनी में दर्शन के लिए रखी जाएगी।

# बिजनौर में मादा गुलदार का मिला शव

कैनविज टाइम्स संवाददाता



बिजनौर। जनपद के मानपुर गांव में मंगलवार को एक गुलदार का शव मिला है। सूचना पर पहुंची वन विभाग की टीम ने शव को कब्जे में लेकर जांच शुरू कर दी है। नागल थाना क्षेत्र के मानपुर मे मंगलवार को एक गुलदार का शव मिलने की जानकारी पर लोगों की भीड़ घटनास्थल पर एकत्र हो गई। इस बीच ग्रामीणों ने इसकी जानकारी वन विभाग को दी। मौके पर वनकर्मी पहुंचे और शव को कब्जे में ले लिया। गुलदार मादा प्रतीत हो रही है लेकिन उसकी मौत का कारण फिलहाल स्पष्ट नहीं हो पाया है। वन विभाग ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। ताकि मौत के असली कारणों का पता चल सके।उल्लेखनीय है कि बीते ?कुछ दिनों से जिले में गुलदारों के लगातार हमलों की वजह से लोगों में भय का माहौल है। अब तक गुलदार 24 से अधिक लोगों पर हमला बोल चुके हैं। घायलों में कई लोग अपनी जान गवां चुके हैं।


## अनारक्षित मेला स्पेशल रेलगाड़ियाँ

महाकुम्भ–2025 के दौरान रेलयात्रियों के सुविधाजनक आवागमन हेतु रेलवे द्वारा निम्नलिखित अनारक्षित विशेष रेलगाड़ियों का संचालन किया जायेगा जिनका विस्तृत विवरण निम्नानुसार है:–

| विशेष गाड़ी सं. | स्टेशन से | प्रस्थान समय | स्टेशन तक | आगमन समय | ठहराव | चलने की तिथि(याँ) (आरंभिक स्टेशन से) |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 04223 | प्रयाग जं. | 11:55 | अयोध्या कैंट जं. | 17:10 | फाफामऊ जं., सेवाइत, मऊ आइमा, बिश्नाथगंज, प्रतापगढ़ जं., चिलबिला जं., खंडौर, पीपरपुर, सुल्तानपुर जं., कूड़ेभार, खजुरहट, भरतकुण्ड एवं मसौधा | 13.01, 14.01, 15.01, 29.01 & 30.01.2025 |
| 04229 | प्रयाग जं. | 21:10 | अयोध्या कैंट जं. | 01:55 | | 13.01, 14.01, 15.01, 29.01, 30.01, 03.02, 04.02, 12.02, 13.02, 26.02 & 27.02.2025 |
| 04271 | फाफामऊ | 13:00 | जौनपुर जं. | 16:20 | थरवई, सराय चण्डी, फूलपुर, उग्रसेनपुर, बरियाराम, जंघई, मड़ियाहूँ एवं जफ़राबाद जं. | 13.01, 14.01, 15.01, 29.01, 30.01, 03.02, 04.02, 12.02, 13.02, 26.02 & 27.02.2025 |
| 04293 | प्रयाग जं. | 20:20 | लखनऊ | 02:00 | फाफामऊ जं., अटरामपुर, रामचौरारोड, लालगोपाल गंज, भदरी, कुण्डाहरनाम गंज, गढ़ी मानिकपुर, परियावाँ कालाकाँकर रोड, अरखा, ऊंचाहार, लक्ष्मणपुर, दरियापुर, रायबरेली, गंगागंज, हरचन्दपुर, कुन्दनगंज, बछरावाँ, श्रीराजनगर, निगोहाँ, कनकहा, मोहनलालगंज और उतरेटिया जं. | 13.01.2025, 14.01.2025, 15.01.2025, 29.01.2025, 30.01.2025, 03.02.2025, 04.02.2025, 12.02.2025, 13.02.2025, 26.02.2025 & 27.02.2025 |
| 04219 | प्रयाग जं. | 05:35 | अयोध्या धाम जं. | 10:30 | फाफामऊ जं., सेवाइत, मऊ आइमा, बिश्नाथगंज, प्रतापगढ़ जं., चिलबिला जं., खंडौर, पीपरपुर, सुल्तानपुर जं., कूड़ेभार, खजुरहट, भरतकुण्ड, मसौधा, अयोध्या कैंट जं. एवं अयोध्या कैंट जं. | 29.01.2025, 03.02.2025, 12.02.2025, 13.02.2025 & 26.02.2025 |
| 04221 | फाफामऊ | 10:40 | अयोध्या कैंट जं. | 15:50 | | 29.01.2025 |
| 04225 | प्रयाग जं. | 13:55 | अयोध्या कैंट जं. | 18:55 | | 29.01.2025, 30.01.2025, 03.02.2025, 12.02.2025 & 26.02.2025 |
| 04227 | फाफामऊ | 18:45 | अयोध्या कैंट जं. | 23:35 | फाफामऊ जं., सेवाइत, मऊ आइमा, बिश्नाथगंज, प्रतापगढ़ जं., चिलबिला जं., खंडौर, पीपरपुर, सुल्तानपुर जं., कूड़ेभार, खजुरहट, भरतकुण्ड एवं मसौधा | 29.01.2025 |
| 04231 | फाफामऊ | 22:10 | अयोध्या कैंट जं. | 02:20 | | 29.01.2025 30.01.2025 |
| 04273 | प्रयाग जं. | 21:40 | अयोध्या कैंट जं. | 01:30 | थरवई, सराय चण्डी, फूलपुर, उग्रसेनपुर, बरियाराम, जंघई, मड़ियाहूँ एवं जफ़राबाद जं. | 29.01.2025 30.01.2025 |
| 04291 | फाफामऊ | 12:30 | लखनऊ | 19:50 | फाफामऊ जं., अटरामपुर, रामचौरारोड, लालगोपाल गंज, भदरी, कुण्डाहरनाम गंज, गढ़ी मानिकपुर, परियावाँ कालाकाँकर रोड, अरखा, ऊंचाहार, लक्ष्मणपुर, दरियापुर, रायबरेली, गंगागंज, हरचन्दपुर, कुन्दनगंज, बछरावाँ, श्रीराजनगर, निगोहाँ, कनकहा, मोहनलालगंज और उतरेटिया जं. | 29.01.2025 30.01.2025 |
| 04233 | प्रयाग जं. | 09:40 | अयोध्या धाम जं. | 15:05 | फाफामऊ जं., सेवाइत, मऊ आइमा, बिश्नाथगंज, प्रतापगढ़ जं., चिलबिला जं., खंडौर, पीपरपुर, सुल्तानपुर जं., कूड़ेभार, खजुरहट, भरतकुण्ड, मसौधा, अयोध्या कैंट जं. एवं अयोध्या कैंट जं. | 03.02.2025, 04.02.2025, 12.02.2025, 13.02.2025, 26.02.2025 & 27.02.2025 |

रेल यात्रा के दौरान ज्वलनशील वस्तुएं जैसे पटाखे, पेट्रोल, मिट्टी का तेल एवं गैस सिलेंडर आदि लेकर कभी यात्रा न करें।

रेलयात्रियों से अनुरोध है किसी भी अन्य जानकारी जैसे मार्ग में पड़ने वाले स्टेशन एवं उनकी विस्तृत समय–सारणी की जानकारी के लिए रेलमदद हेल्पलाईन नं. 139 पर सम्पर्क करें अथवा रेलवे की वेबसाइट https://enquiry.indianrail.gov.in अथवा NTES App देखें।

उत्तर रेलवे

हमें www.nr.indianrailways.gov.in पर मिलें

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

पर हमें फॉलो करें



## उत्तर रेलवे

### ई–निविदा सूचना

भारत के राष्ट्रपति की ओर से वरिष्ठ मंडल विद्युत अभियंता/टीआरडी/हजरतगंज, मंडल रेल प्रबंधक कार्यालय लखनऊ द्वारा निर्धारित प्रारूप पर निम्नलिखित कार्यों के लिए मुहरबंद खुली ई–निविदा आमंत्रित की जाती है।

| | |
|---|---|
| ई–निविदा सूचना संख्या | टीआरडी–21–सीनि0डी0ई0ई0–लखनऊ–24 |
| कार्य का नाम | लखनऊ डिवीजन के मिशन रफ्तार के संबंध में अमौसी–मानक नगर सेक्शन में गति को 160/200 किमी प्रति घंटे तक बढ़ाने के लिए ओ0एच0ई0 संशोधन कार्य का डिजाइन आपूर्ति, निर्माण, परीक्षण और कमीशनिंग का कार्य एवं अमौसी–कानपुर सेक्शन पर 160/200 किलोमीटर प्रति घंटा गति बढ़ाने के लिए 2x25 के0 वी0 सिस्टम के लिए ओएचई संशोधन कार्य (शेष)'' |
| अनुमानित लागत | रु.14,02,91,797.13 |
| बयाना राशि | रु.8,51,500.00/– |
| कार्य पूर्ण करने की अवधि | 06 माह |
| निविदा फार्म जमा करने की अंतिम तिथि व समय तथा खोलने की तिथि | दिनांक 24.01.2025 को 15.00 बजे तक तथा खुलने का समय उसी दिन 15.00 बजे के बाद |
| प्रस्ताव की वैधता | निविदा खुलने की तिथि से 90 दिन। |
| उत्तर रेलवे की वेबसाइट | अतिरिक्त सूचना उत्तर रेलवे की वेबसाईट www.ireps.gov.in पर चैक की जा सकती है। |
| पत्रता मापदण्ड | निविदाकर्ता तब तक निविदा डालने योग्य नही है, जब तक कि वह |

निम्नलिखित पात्रता मापदंड पूरा नही करता: 1. निविदाकर्ता का न्यूनतम औसत वार्षिक संविदात्मक कारोबार वी/एन या 'वी' जो भी कम हो होना चाहिए: जहां वी = निविदा का विज्ञापित मूल्य करोड़ रुपये में एन = कार्य पूरा करने के लिए निर्धारित वर्षों की संख्या जिसके लिए बोलियां आमंत्रित की गई हैं। निविदाकर्ता पिछले सात वित्तीय वर्ष (निविदा के आमंत्रित करने के एक महिने पहले के अंतिम दिन तक): ''कम से कम एक समान प्रत्येक तीन कार्य का 30 प्रतिशत न्यूनतम विज्ञापित राशि का कार्य किया हो'' या ''कम से कम एक समान प्रत्येक दो कार्य का 40 प्रतिशत न्यूनतम विज्ञापित राशि का कार्य किया हो'' या ''कम से कम एक समान एक कार्य का 60 प्रतिशत न्यूनतम विज्ञापित राशि का कार्य किया हो''। एक समान कार्य की परिभाषा होगी: Similar work means design, supply, erection, testing & commissioning of 50 Hz, Single Phase 25 KV AC OHE. 3. निविदाकर्ता अपने आफर के साथ बिजली के ठेकेदारों के वैध लाइसेंस की प्रमाणित छायाप्रति अवश्य जमा करें।

नोट: इस निविदा के लिए किसी भी तरह के मैनुअल प्रस्तावों की अनुमति नहीं है और किसी भी तरह के प्राप्त मैनुअल प्रस्ताव नजरअंदाज/खारिज कर दिया जाएगा। पूर्ण विवरण वेबसाइट www.ireps.gov.in पर देखा जा सकता है।

सं. –टीआरडी–21–सीनि0डी0ई0ई0–लखनऊ–24 दिनांक: 27.12.2024

3985/2024

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

# नशेड़ी युवकों ने कार सवारों को पीटा

कैनविज टाइम्स संवाददाता



बंथरा। थाना क्षेत्र के एक गांव में कुछ नशेड़ी युवकों ने मिलकर कार सवारों को इसलिए पीट दिया क्योंकि वह कार सवार उन्हें सड़क से हटने के लिए कार का हार्न बजा दिए थे, इस पर नाराज नशेड़ियों ने कार सवारों की लात घुसो और डंडों से बुरी तरह पिटाई कर दी। इतना ही नहीं नशेड़ी लोगों ने उनकी कार का शीशा भी तोड़ दिया। पीड़ितों ने सूचना पुलिस को दी इसके बाद पुलिस ने घायल कार सवारों का इलाज कराने के साथ ही आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर कार्रवाई कर रही है। जानकारी के अनुसार सीतापुर जिले के महोली थाना क्षेत्र के रघुनाथपुर निवासी प्रवीण कुमार वर्मा सोमवार को अपने मित्र अनिल कुमार, विनय वर्मा और शिव पटेल के साथ सोमवार को अपनी कार से थाना क्षेत्र के चक गांव अपने रिश्तेदारी में आए थे उन्होंने बताया कि वहां से लौटते समय शाम करीब 4 बजे गांव के बाहर निकलते ही रास्ते में वहीं के रहने वाले आसू और काली नशे में धुत खड़े थे उनको रास्ते से हटाने के लिए कार का हार्न बजाया तो दोनों युवक गाली गलौज करते हुए मारपीट करने लगे साथ ही कार के शीशे पर भी हमला कर दिया जिससे शीशा भी टूट गया।आरोपियों ने जान से मारने की भी धमकी दी। प्रवीण के अनुसार हमले में वह और उसका साथी अनिल चोटिल हुए हैं। पुलिस दोनों का इलाज कराने के साथ आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर कार्रवाई कर रही है।

## हेल्पडेस्क इंडिया फाउंडेशन द्वारा विचार गोष्ठी एवं भंडारे का आयोजन आज

बीकेटी, लखनऊ। उत्तर प्रदेश हेल्पडेस्क इंडिया फाउंडेशन के संयोजक डॉ वीरेंद्र प्रताप सिंह ने बताया कि संस्था द्वारा हर वर्ष की भांति 01/01/2025 नववर्ष के शुभअवसर पर स्वास्थ्य शिविर,विचार गोष्ठी तथा भंडारे का आयोजन आज किया जाएगा,जिसमें क्षेत्र के समस्त नागरिकों का निशुल्क ईलाज एवं जांच आदि की जाएगी,उक्त कार्यक्रम में जनपद के वरिष्ठ चिकित्सक उपलब्ध रहेंगे,इसी के साथ संस्था द्वारा दीपयज्ञ एवं विचार संगोष्ठी भंडारे तथा कार्यक्रम का समापन फूलों की होली के साथ होगा, कार्यक्रम के मुख्य अतिथि जे.के.सिन्हा पूर्व मुख्य स्थाई अधिवक्ता हाईकोर्ट लखनऊ,विशिष्ट अतिथि विश्वात्मा जी चेयरमैन विश्व परिवर्तन मिशन राजनैतिक परिवर्तक,एवं विचार गोष्ठी के मुख्य वक्ता जुगल किशोर एडवोकेट, जे.डी.आजाद एडवोकेट,आर एस मानव,श्री कृष्ण कान्त यादव,विश्वनाथ पखारिया जी इटावा आदि भारत की बदहाल आर्थिक व्यवस्था,बेरोजगारी एवं समाधान पर अपने अमूल्य विचार प्रकट करेंगे।अंत में सभी महानुभावों को प्रसाद वितरण, जनमानस के खुशहाली हेतु संस्था प्रत्येक वर्ष गरीबों की चिकित्सा एवं स्वास्थ्य के लिए कार्यक्रम करती है तथा इस दिशा में संपूर्ण भारत में सभी नागरिकों को स्वास्थ्य चिकित्सा निशुल्क उपलब्ध हो संस्था प्रयासरत है उक्त कार्यक्रम में संपूर्ण भारतवर्ष से लोग सहभाग करेंगे एवं संगोष्ठी में अपने विचार रखेगें।

# किसान की गला रेत कर हत्या के प्रयास के मामले मौसेरा भाई व साथी गिरफ्तार


कैनविज टाइम्स संवाददाता



मोहनलालगंज लखनऊ। मोहनलालगंज के दीवानगंज गांव में बीते शनिवार की रात ट्यूबेल की कोठरी में खेत की रखवाली के दौरान किसान का गला रेत कर हत्या करने के प्रयास के मामले में पुलिस ने घायल किसान के मौसेरे भाई समेत उसके साथी को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। मोहनलालगंज के दीवानगंज निवासी अरून लोधी की जायदाद बंटवारे को लेकर किए गए कातिलाना हमले में पुलिस ने सर्विलांस टीम की मदद से घायल अरुण के मौसेरे भाई रामसजीवन व उसके साथी रंजीत रावत को हिरासत में लेकर पूछताछ शुरू की तो उन्होंने जमीन बंटवारे के विवाद से असंतुष्ट होकर किसान पर जानलेवा हमले की बात काबुल की। मंगलवार को एसीपी रजनीश वर्मा ने प्रेस वार्ता में बताया कि घायल किसान अरुन का नानी से मिली जमीन को लेकर अपने मौसेरे भाई रामसजीवन से बंटवारे का कुछ विवाद था और नानी की एक जमीन के बंटवारे से वह सहमत नहीं था जिससे असंतुष्ट रामसजीवन ने यह कुचक्र रचा था और वह शनिवार देर रात साजिश के तहत दीवानगंज स्थित अरुण के खेत के पास स्थित अपने खेत में पहुंचा और उसके बाद अरुण के ट्यूबबेल पर तीनों ने वहां पर शराब पी थी वही शराब पीकर अत्यधिक नशा हो जाने के बाद राम सजीवन ने अपने साथी रंजीत रावत के साथ मिलकर किसान का गला रेत दिया और लूट साबित करने के लिए अरुण का मोबाइल और जेब में रखे पैसे लेकर फरार हो गए थे। जिसके खुलासे को लेकर कई टीम में लगाई गई थी सर्विलांस सेल की मदद से घायल के मौसेरे भाई राम सजीवन व रंजीत रावत को गिरफ्तार कर उनके कब्जे से हमले में प्रयुक्त चाकू व मोबाइल बरामद कर लिया गया हैं दोनों आरोपियों को जेल भेज दिया गया है म्वहीं पत्नी द्वारा नामित आरोपियों की भूमिका नहीं पाई गई है।

# अल्पसंख्यक सभा के प्रदेश उपाध्यक्ष पद की अमान हसन खाँ को मिली अहम ज़िम्मेदारी

कैनविज टाइम्स संवाददाता



**नवनियुक्त प्रदेश उपाध्यक्ष के आवास पर बधाई देने वाले नेताओं व कार्यकर्ताओं का लगा तांता**

मलिहाबाद/लखनऊ। समाजवादी पार्टी में कड़ी मेहनत और परिश्रम करके ज़मीनी कार्यकर्ता के रूप में पहचान स्थापित कर चुके मलिहाबाद के मिर्ज़ागंज निवासी अमान हसन खाँ की पार्टी के प्रति ईमानदारी व लगन को देखते हुए समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव के निर्देशानुसार प्रदेश अध्यक्ष श्यामलाल पाल की संस्तुति पर अल्पसंख्यक सभा के प्रदेश अध्यक्ष शकील नदवी ने अल्पसंख्यक सभा के प्रदेश उपाध्यक्ष पद पर अमान हसन खाँ को मनोनीत किया। इस अवसर पर अमान हसन खाँ ने राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव को धन्यवाद देते हुए कहा कि पार्टी ने जो दायित्व उन्हें सौंपा हैं उसका वह पूरी ईमानदारी से निर्वाहन करने के साथ आगामी 2027 के विधानसभा चुनाव मे कड़ी मेहनत कर सपा सरकार बनवाने का काम करेंगे। उन्होंने कहा मौजूदा भाजपा सरकार के कार्यकाल में बढ़ती महँगाई,ध्वस्त कानून व्यवस्था और बेरोज़गारी से जनता त्रस्त है। भाजपा किसानों की आवाज दबाने व कुचलने का काम कर रही है। भाजपा किसान विरोधी सरकार है। इस सरकार में बहन, बेटियां सुरक्षित नही हैं। भ्रष्टाचार चरम सीमा पर पहुंच चुका है। इन सबको को रोकना है तो पुनः आगामी विधानसभा चुनाव में राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव जी को मुख्यमंत्री बनाना है। जिसके लिए वो निरंतर संघर्ष करते रहेंगे। वही समाजवादी पार्टी द्वारा अमान हसन खाँ को प्रदेश स्तर पर अहम ज़िम्मेदारी दिए जाने के बाद से बधाई देने वाले नेताओं व कार्यकर्ताओं का ताँता लगा हुआ है।

# रेस्टोरेंट में संदिग्ध परिस्थितियों में लगी आग, सामान जलकर ख़ाक

कैनविज टाइम्स संवाददाता



बीकेटी, लखनऊ। बख्शी का तालाब थानांतर्गत मां चंद्रिका देवी मंदिर के पास स्थित एक रेस्टोरेंट में सोमवार रात को संदिग्ध परिस्थितियों में आग लग गई और जब तक आग पर काबू पाया जाता तबतक रेस्टोरेंट में रखा अधिकांश सामान जलकर ख़ाक हो चुका था। प्राप्त जानकारी के अनुसार कठवारा गांव निवासी शैलेन्द्र सिंह उर्फ गुल्ले का चंद्रिका देवी मंदिर के पास रेस्टोरेंट है,जहां सोमवार देर रात को संदिग्ध परिस्थितियों में अचानक आग लग गई जिससे दुकान में रखा सारा सामान जलकर ख़ाक हो गया रखा,वही सूचना पाकर मौके पर पहुंची फायर ब्रिगेड ने आग पर काबू पाया लेकिन तबतक देर हो चुकी थी।वही रेस्टोरेंट में शॉर्ट शर्किट से आग लगने का अनुमान लगाया जा रहा है,वही एक सबसे बड़ा सवाल यह भी उठता है कि क्या रेस्टोरेंट में विद्युत व्यवस्था थी और विद्युत व्यवस्था अगर थी तो रेस्टोरेंट संचालक ने क्या विद्युत कनेक्शन ले रखा था या विद्युत उपयोग चोरी से किया जा रहा था। यह एक जांच का विषय है।

## ट्रक की टक्कर से बाइक सवार की मौत

मोहनलालगंज लखनऊ कैनविज टाइम्स संवाददाता। मोहनलालगंज कोतवाली क्षेत्र के लखनऊ रायबरेली हाईवे पर सोमवार रात गोपाल खेड़ा पुल के पास हुई सड़क दुर्घटना में ट्रक के चालक ने युवक को रौद दिया जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई म मृतक आनंद कुमार पाल पुत्र रविंद्र कुमार पाल उम्र करीब 25 वर्ष निवासी कुंदन खेड़ा बरवलिया थाना मोहनलालगंज जो लखनऊ से सोमवार रात वापस घर अपनी बाइक से आ रहे थे तभी गोपाल खेड़ा कट पर अज्ञात ट्रक ने जोरदार टक्कर मार दी जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया सूचना पर पहुंची पुलिस ने गंभीर हालत में अस्पताल पहुंचाया जहां डॉक्टर ने उसे मृत घोषित कर दिया। वही राहगीरों की सूचना पर मौके पर पहुंची पुलिस ने मृतक के शव को कब्जे में लेकर परिजनों को सूचित कर शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

## लखनऊ : पूर्व मंत्री के बेटे ने काट ली हाथ की नस, पुलिस ने पहुंचाया अस्पताल

लखनऊ कैनविज टाइम्स संवाददाता। बसपा सरकार में मंत्री रहे रामलखन वर्मा के बेटे उपकार सिंह ने मंगलवार को अपने हाथ की नस काट ली। पुलिस ने उसे इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया है। हजरतगंज थाना के प्रभारी निरीक्षक विक्रम सिंह ने बताया कि पूर्व मंत्री के बेटे उपकार सिंह डालीबाग स्थित अपने मकान में थे। इसी दौरान उन्होंने अपने हाथ की नस काट ली। चीखने-चिल्लाने की आवाज आने पर पड़ोसियों ने पुलिस को सूचना दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने एक तरफ उसे बातों में उलझाए रखा दूसरी तरफ दरवाजा तोड़कर कमरे के अंदर पहुंची। वहां देखा कि उपकार सिंह खून से लथपथ था। आनन-फानन में पुलिस उसे लेकर सिविल अस्पताल पहुंची, जहां डॉक्टरों ने उसकी हालत नाजुक बतायी है।

# बिजली बिल भुगतान के लिए शुरू हुई एकमुश्त समाधान योजना में सत्रह लाख से अधिक उपभोक्ताओं ने उठाया फायदा

कैनविज टाइम्स संवाददाता




लखनऊ। विद्युत बिलों में लगे सरचार्ज में छूट के लिए एकमुश्त समाधान योजना प्रथम चरण आज पूरा हो गया। तीन चरणों में चलने वाली योजना का दूसरा चरण एक जनवरी से शुरू होकर 15 जनवरी तक चलेगा। योजना के प्रथम चरण में 17,20,651 उपभोक्ताओं ने छूट का लाभ लिया, इससे 1372.09 करोड़ रूपये राजस्व की प्राप्ति हुई। इसमें से 1,28,382 नेवर पेड उपभोक्ता, 9,84,026 लांग अनपेड उपभोक्ता और 6,08,243 अन्य उपभोक्ताओं ने लाभ लिया। डिस्काम स्तर पर दक्षिणांचल में 3,26,278 उपभोक्ता, केस्को में 4,591 उपभोक्ता, मध्यांचल में 5,01,844 उपभोक्ता, पूर्वांचल में 5,25,145 उपभोक्ता तथा पश्चिमांचल में 3,62,793 उपभोक्ताओं ने लाभ लिया। यह जानकारी ऊर्जा मंत्री ए.के. शर्मा ने सोमवार को दी।

ऊर्जा मंत्री ने बताया कि योजना का लाभ लेने के लिए उपभोक्ताओं को अपने नजदीकी विद्युत केंद्रों में पंजीकरण कराना होगा। सभी प्रकार के उपभोक्ता अपने नजदीकी विभागीय खंड, उपखंड कार्यालय, कैश काउंटर, जनसेवा केंद्र के माध्यम से या विभागीय वेबसाइट बबब.पर्ध्दद्य.धन्द पर लॉगिन कर योजना के लिए पंजीकरण करा सकते हैं। पंजीकरण कराते समय 30 सितम्बर, 2024 तक के विद्युत बिलों के मूल बकाए का 30 प्रतिशत राशि जमा करना होगा। उपभोक्ताओं को 30 सितम्बर, 2024 तक के बकाया विद्युत बिलों के सरचार्ज में छूट मिलेगी।उन्होंने कहा कि उपभोक्ताओं को एकमुश्त भुगतान के साथ किस्तों में भी भुगतान का विकल्प दिया गया है। एकमुश्त भुगतान करने पर छूट का ज्यादा लाभ मिलेगा। एक किलोवाट भार तक के तथा 05 हज़ार रुपए के मूल बकाये पर घरेलू उपभोक्ताओं को योजना के द्वितीय चरण में विलंबित बिलों के एकमुश्त भुगतान पर सरचार्ज में सर्वाधिक 80 प्रतिशत छूट का लाभ मिलेगा। किस्तों में भुगतान पर 65 प्रतिशत की छूट मिलेगी।

इसी प्रकार 01 किलोवाट भार तक के घरेलू उपभोक्ता तथा 05 हजार रूपये से अधिक के मूल बकाये के एकमुश्त भुगतान पर 60 प्रतिशत और किश्तों में भुगतान पर 50 प्रतिशत की छूट मिलेगी। 01 किलोवाट से अधिक भार के घरेलू उपभोक्ताओं तथा वाणिज्यिक उपभोक्ताओं, निजी संस्थानों व लघु एवं मध्यम उद्योग के सभी भार तक के उपभोक्ताओं को अपने बकाये के एकमुश्त भुगतान पर 50 प्रतिशत की छूट एवं किश्तों में भुगतान पर 40 प्रतिशत की छूट मिलेगी। किसानों को उनके निजी नलकूप में 31 मार्च, 2023 तक के उनके बकाए विद्युत बिलों के विलंबित भुगतान अधिभार में छूट का लाभ लेने के लिए 07 मार्च, 2024 से पंजीकरण कराए जा रहे हैं, जिन्हें अभी इस छूट का लाभ मिलता रहेगा।

# आज नववर्ष के मौक़े पर मां चंद्रिका देवी के वीआईपी दर्शन रहेंगे बंद



कैनविज टाइम्स संवाददाताथ

बीकेटी, लखनऊ। मां चंद्रिका देवी मेला विकास समिति ने नव वर्ष पर भारी भीड़ पर सुरक्षा व्यवस्था को देखते हुए मां चंद्रिका देवी के गर्भ गृह के दर्शन बंद करने का निर्णय लिया है।मेला विकास समिति के महामंत्री अनुराग तिवारी ने बताया नव वर्ष पर मंदिर पर लखनऊ,बाराबंकी,सीतापुर,हरदोई सहित अन्य जिलों से लाखों भक्त मां के दर्शन करने के लिए आते हैं।जिससे काफी भीड़ होने की संभावना है। प्रतिवर्ष की भांति इस बार भी तीन लाख भक्तों के आने की उम्मीद है।भक्तों व मंदिर की सुरक्षा व्यवस्था सुचारू रूप से बनाए रखने के लिए नववर्ष पर माता के गर्भ गृह के दर्शन बंद रहेंगे।

# उप्र में कोई भी व्यक्ति खुले आसमान के नीचे न सोये : पी. गुरू प्रसाद

कैनविज टाइम्स संवाददाता

**पूरे प्रदेश में अब तक तीन लाख से अधिक कम्बल वितरित किए गये**

लखनऊ। सर्द मौसम के बीच राज्य सरकार में प्रमुख सचिव राजस्व पी. गुरू प्रसाद और राहत आयुक्त भानुचन्द्र गोस्वामी ने मंगलवार को जियामऊ, 1090 चौराहा, कैसरबाग एवं चारबाग बस अड्डे पर स्थापित रैन बसेरों की व्यवस्थाओं का निरीक्षण किया। इस दौरान अधिकारियों ने कम्बल का वितरण किए। निरीक्षण के दौरान प्रमुख सचिव राजस्व ने उपस्थित अधिकारियों को निर्देशित किया कि पूरी संवेदनशीलता के साथ रैन बसेरों का संचालन किया जाए। यह सुनिश्चित करें कि किसी भी दशा में कोई भी व्यक्ति खुले आसमान में न सोये। नगर निगम, प्रशासन से जुड़े अधिकारी सुनिश्चित कर लें कि इस कार्य में किसी प्रकार की लापरवाही न बरती जाए। सर्दी से बचने के लिए रैन बसेरों में पर्याप्त संसाधन रखें।

उन्होंने बताया कि मुख्यमंत्री के निर्देश पर पूरे प्रदेश में अब तक 1240 रैन बसेरों तथा आश्रय स्थलों को विकसित किया गया है। आगे भी आवश्यकता अनुसार इनको विस्तारित किया जायेगा। पूरे प्रदेश में अब तक तीन लाख से अधिक कम्बल वितरित किये जा चुके हैं। प्रदेश के समस्त जिलों को सर्दी से निपटने के लिए पर्याप्त बजट दिया गया है। इसके लिए पूरे प्रदेश में बजट की कोई कमी नहीं आयेगी। राहत आयुक्त ने कहा कि पिछले दो दिनों से शीतलहर का व्यापक प्रभाव पूरे प्रदेश भर में हैं, जिसके दृष्टिगत सभी मण्डलायुक्तों एवं जिलाधिकारियों को अपने-अपने मण्डल एवं जनपद में भ्रमण कर रैन बसेरों तथा आश्रय स्थलों का निरीक्षण करने के निर्देश दिए हैं। साथ ही प्रदेश के समस्त नगर आयुक्तों को रैन बसेरों तथा आश्रय स्थलों की व्यवस्था सुदृढ़ रखने के निर्देश दिए हैं।

उन्होंने कहा कि जिलाधिकारी रैन बसेरों पर जाकर लोगों से स्वयं बात करें तथा उनके अनुभवों के आधार पर जहां भी कोई कमी हो उसको दूर करायें। उन्होंने रैन बसेरों को स्वच्छ रखने के साथ ही उसमें आ रही किसी भी प्रकार की समस्या का तत्काल निराकरण करने का निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि अधिकारी इस बात को सुनिश्चित करें कि कोई भी असहाय, निराश्रित एवं जरूरतमंद व्यक्ति खुले आसमान, डिवाइडर, सड़क की पटरी तथा पार्कों में न सोये। जिलाधिकारी एवं नगर आयुक्त जरूरतमंद व्यक्तियों को प्रत्येक दशा में कम्बल देना सुनिश्चित करें। श्री गोस्वामी ने स्पष्ट किया कि अधिकारी इस बात का ध्यान रखें की ठण्ड से किसी प्रकार की कोई घटना न घटित हो। जगह-जगह जलाये जा रहे अलाव की टेक्नोलॉजी के माध्यम से लगातार मॉनिटरिंग की जा रही है। रैन बसेरों के सामने अलाव की समुचित व्यवस्था तथा रैन बसेरों की अंदर पर्याप्त रोशनी रखने के निर्देश दिये। साथ ही उन्होंने कहा कि रैन बसेरों में महिलाओं की सुरक्षा के लिए पर्याप्त व्यवस्था का ध्यान रखा जाए।

# लखनऊ में नशा मुक्त समाज के लिए महिला फुल मैराथन दौड़ का आयोजन

कैनविज टाइम्स संवाददाता



लखनऊ दुबग्गा। नए साल को नशा मुक्त बनाने के उद्देश्य से आज लखनऊ में महिला फुल मैराथन दौड़ का आयोजन किया गया। इस आयोजन का मुख्य उद्देश्य युवाओं को नशे से दूर रखना और समाज में नशा मुक्ति का संदेश फैलाना था। पूर्व केंद्रीय मंत्री कौशल किशोर के नेतृत्व में आयोजित इस मैराथन में कुल 42.2 किलोमीटर की दौड़ संपन्न हुई। मैरेथन के विजेताओं को आकर्षक पुरस्कार राशि प्रदान की गई। प्रथम स्थान पर रंजना (एटा) ने जीत हासिल की और पांच लाख रुपए का पुरस्कार प्राप्त किया। द्वितीय स्थान पर सोनिका (हरियाणा) और तृतीय स्थान पर रेनु (हरियाणा) रही, जिन्हें क्रमशः तीन लाख रुपए और डेढ़ लाख रुपए की पुरस्कार राशि दी गई।

इस कार्यक्रम में हिमाचल प्रदेश के महामहिम राज्यपाल, उत्तर प्रदेश सरकार के खेल मंत्री श्री गिरीश चंद्र यादव, विधायक श्रीमती जय देवी कौशल, विधायक श्री अमरेश कुमार, एमएलसी श्री योगेश शुक्ला और श्री पवन सिंह चौहान ने हरी झंडी दिखाकर दौड़ की शुरुआत की। लखनऊ यातायात पुलिस ने इस आयोजन के दौरान दुबग्गा के जॉगर्स पार्क से लेकर मैराथन के मार्ग तक यातायात डायवर्जन लागू किया था। हालांकि, पुलिस कर्मियों की मेहनत और तत्परता से ट्रैफिक की समस्याओं में काफी कमी आई, और मैराथन शांतिपूर्ण संपन्न हुई।

# स्वामी विवेकानंद के उपदेशों को जीवन में उतारें : ओमप्रकाश जायसवाल

❐ समर्थ भारत पर्व एवं युवा संवाद चुनौतियां एवं संवाद कार्यक्रम

कैनविज टाइम्स संवाददाता



कुशीनगर। नपाप कुशीनगर अन्तर्गत नवजीवन मिशन स्कूल के प्रांगण में गोरक्ष प्रांत के स्वामी विवेकानंद केंद्र द्वारा विवेकानंद केंद्र कुमारी समर्थ भारत पर्व एवं युवा संवाद चुनौतियां एवं संवाद का कार्यक्रम आयोजित किया गया। प्रभारी श्रवण जी द्वारा आयोजित संवाद में मुख्य अतिथि भाजपा नेता एवं समाजसेवी ओमप्रकाश जायसवाल ने स्वामी विवेकानंद के जीवन पर प्रकाश डाला और बच्चों को उनके उपदेशों को जीवन में उतारने का आह्वान किया। बच्चों द्वारा पूछे गए प्रश्न पर कहा कि भाजपा सरकार जीरो टॉलरेंस पर काम कर रही है। भाजपा शासन में जो गलत काम कर रहा है उनके विरुद्ध कड़ी से कड़ी कार्रवाई करने का कदम उठा रही है। विशिष्ट अतिथि जन शिक्षा गोरक्ष प्रांत के प्रांतीय मंत्री विनोद कांत मिश्रा ने बच्चो द्वारा पूछे गए प्रश्न कि बच्चों में बड़ों एवं गुरु तथा माता- पिता के सम्मान करने करने में गिरावट आ रही है। उन्होंने जवाब दिया कि संस्कार परिवार से आता है। जिसका बच्चों के मन मस्तिष्क पर प्रभाव पड़ रहा है। आज हम सब का साथ सबका विकास सबका विश्वास के आधार पर वर्तमान सरकार कार्य कर रही है उनका अनुसरण करना चाहिए और बड़ों का सम्मान देना चाहिए। यही सनातन धर्म कहता है। विशिष्ट अतिथि बुद्ध विद्या विहार के प्रधानाचार्य एवं पत्रकार वीरेंद्र सिंह ने बच्चों के सवाल पर संविधान का उल्लेख करते हुए बताया कि जब संविधान बना उस समय जो समाज सामाजिक, आर्थिक, शैक्षिक रूप से पिछडे हुए थे। उनको भी एक समान करने के लिए संविधान सभा ने कानून 5 वर्ष के लिए बनाया। उसी का देन है कि आज समाज में सबका साथ सबका विकास सबका विश्वास के आधार पर सभी एक समान आगे बढ़ रहे हैं।अंत में विद्यालय के डायरेक्टर प्रशीला सेमने सभी आगंतुकों का आभार व्यक्त किय। इस अवसर पर संजय, दीनबंधु, अनिल जायसवाल व गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

# जनसहयोग से ही होगा टीबी उन्मूलन :डीटीओ

❐ दवा के साथ पौष्टिक आहार खाकर शीघ्र स्वस्थ होंगे टीबी रोगी–डॉ जी पी राय

❐ टीबी उन्मूलन में आईएमए करेगा पूर्ण सहयोग–डॉ वाई के मद्देशिया

❐ ऐशप्रा के संचालक उमंग खेतान ने 3 मरीजों को लिया गोद तथा 30 मरीजों को भेंट किये कम्बल

कैनविज टाइम्स संवाददाता



पड़रौना,कुशीनगर। प्रधानमंत्री टीबी मुक्त अभियान के तहत जिला क्षयरोग केंद्र पर मंगलवार को 30 मरीजों में पोषण की पोटली वितरण का कार्यक्रम आयोजित किया गया। जिसमें इंडियन मेडिकल एशोसिएशन के द्वारा 27 टीबी रोगियों में दूसरे माह की तथा ऐशप्रा के संचालक उमंग खेतान द्वारा 3 नये मरीजो को प्रथम माह का पौष्टिक आहार तथा 30 मरीजों को कम्बल वितरित किया गया।कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुये जिला क्षयरोग अधिकारी डॉ एस. एन. त्रिपाठी ने कहा कि जनसहयोग से होगा टीबी का उन्मूलन। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री टीबी मुक्त भारत को सफल बनाने के लिये आमजन का सहयोग जरूरी है। उन्होंने टीबी रोगियों को गोद लेने वाले आईएमए एवं उमंग खेतान के प्रति धन्यबाद ज्ञापित किया। आईएमए के अध्यक्ष डॉ ज्ञान प्रकाश राय ने कहा कि गोद लिये गये टीबी रोगियों जो हम प्रोटीनयुक्त आहार देते है। उन्हें रोगी दवा के साथ खाकर शीघ्र स्वस्थ हो जाते है। उन्होंने कहा कि सरकारी एवं गैर सरकारी चिकित्सकों को मिलकर टीबी उन्मूलन कार्यक्रम को सफल बनाना है। आईएमए के सचिव डॉ वाई के मद्देशिया ने कहा कि टीबी उन्मूलन कार्यक्रम में आईएमए का पूर्ण सहयोग रहेगा। जनपद में कार्यरत सभी आईएमए के चिकित्सक गण टीबी रोगियों को चिन्हित करने तथा उन्हें निःशुल्क उपचार करने हेतु कटिबद्ध है। हम सभी मिलकर प्रधानमंत्री टीबी मुक्त भारत 2025 के अभियान को सफल बनायेगे। कार्यक्रम को वरिष्ठ चिकित्सक डॉ अजय शुक्ला,एसटीएलएस विशाल जयसवाल ने भी सम्बोधित किया। कार्यक्रम का संचालन निक्षय मित्र नोडल आशुतोष कुमार मिश्र ने किया। आगन्तुकों का स्वागत जिला कार्यक्रम समन्यवक अनुपम कुमार मिश्र ने किया तथा जिला पीपीएम सन्यवक नितेश राय ने आभार व्यक्त किया। इस दौरान एसटीएस विवेक यादव, सन्दीप मौर्या, राकेश राव, टीबी एचबी राकेश सिंह, अविनाश गुप्ता, लेखाकार कमलशंकर पांडेय,डीईओ अरमान अहमद,एलटी अनिल कुमार सिंह, प्रभु, विद्या,राजा,सन्दीप मिश्र आदि उपस्थित रहे।

# किसानों ने प्रदर्शन कर गन्ना ढुलाई करने वाले ट्रकों की संख्या बढ़ाने की मांग की

❐ गुरवलिया सेंटर का मामला

❐ ट्रांसपोर्टर की लापरवाही, छह ट्रकों के बदले चार ट्रक ही हो रही गन्ने की ढुलाई

❐ कंाटा परिसर में जाम, सूख रहा सत्तर गाड़ियों पर लदा गन्ना

कैनविज टाइम्स संवाददाता



राजापाकड़/कुशीनगर। सेवरही चीनी मिल के पंसरवा स्थित गुरवलिया सेंटर पर ट्रांसपोर्टर की लापरवाही से छह ट्रकों के बदले सिर्फ चार ट्रकों से ही गन्ना की ढुलाई की जा रही है।

इससे निर्धारित मात्रा से कम गन्ना खरीद होने से किसानों की गन्ना लदी गाड़ियों से कंाटा परिसर में जाम की स्थिति हो गई है। दो-तीन दिन से तौल न होने से किसानों की गाढ़ी कमाई का गन्ना सूखने लगता है। आक्रोशित किसानों ने मंगलवार को प्रदर्शन करते हुए तत्काल ट्रकों की संख्या बढ़ाने की मांग की। किसानों ने चेतावनी दी कि यदि शीघ्र समस्या का समाधान नहीं हुआ तो व्यापक स्तर पर आंदोलन किया जाएगा। चीनी मिल द्वारा उक्त सेंटर से प्रतिदिन न्यूनतम 1300 क्विंटल गन्ना खरीदने का लक्ष्य निर्धारित है। ट्रांसपोर्टर को उक्त गन्ना को 6 ट्रकों के माध्यम चीनी मिल तक पहुंचाने का निर्देश है। लेकिन स्थिति यह है कि सेंटर पर क्रय शुरु होने के बाद से आज तक सिर्फ चार ट्रकों के माध्यम से ही गन्ना की ढुलाई की जा रही है। नतीजन ओवरलोड गन्ना ढुलाई के बावजूद रोज दस गाड़ियों की तौल नहीं हो पाती और मंगलवार को सुबह से बीस गाड़ियों की तौल होने के बाद भी दोपहर तक बिना तौले गाड़ियों की संख्या 70 पार कर गई थी। जबकि गन्ना लदी गाड़ियों का आना जारी था। कंाटा इंचार्ज ओकार यादव ने पूछे जाने पर बताया कि गत चार दिनों से सोमवार तक क्रमशः 1180 क्विंटल, 1150 क्विंटल, 1013 क्विंटल व 978 क्विंटल गन्ना चीनी मिल को भेजा गया है। 1300 क्विंटल प्रतिदिन की अपेक्षा उक्त मात्रा में गन्ना तौल होने से कंाटा पर जाम लगने व अपनी कीमती फसल सूखने से आक्रोशित किसानों ने मंगलवार को प्रदर्शन किया। किसान राजेश्वर उर्फ मुन्ना राय, पप्पू यादव, हरेंद्र राय, नन्दू सिंह, अलाउद्दीन, रोहित शुक्ल, विद्या, शर्मा यादव, धर्मेंद्र यादव, ट्विंकल शुक्ल, साहब हुसेन, सूर्यनाथ यादव, वीरेंद्र यादव, दिनेश्वर यादव, भीखम सिंह आदि ने कहा कि ट्रांसपोर्टर की लापरवाही से समस्या खड़ी हुई है, यदि शीघ्र ही समाधान नहीं हुआ तो आंदोलन किया जाएगा।

# ढाढ़ा चीनी मिल द्वारा गन्ना काटने, छीलने, लादने वाला गन्ना हार्वेस्टर मशीन का कराया गया प्रदर्शन

कैनविज टाइम्स संवाददाता



कुशीनगर। ढाढ़ा चीनी मिल परिक्षेत्र के किसानों को गन्ना उत्पादन लागत कम करने, कृषकों की आय बढ़ाने, गन्ने की खेती में श्रमिकों की समस्या को दूर करने, गन्ना क्षेत्रफल बढ़ाने आदि को ध्यान में रखकर गन्ने की खेती को कृषि यंत्रों से जोड़ने के लिए चीनी मिल एक अभीयान चला रही है।

इसी क्रम में 30 से 31 दिसंबर को गन्ना समिति हाटा के ग्राम बरसैना में गन्ना काटने, छीलने तथा ट्रॉली पर लादने वाला आधुनिक तकनीक से बना कृषि यंत्र केन हार्वेस्टर का प्रदर्शन गन्ना किसान श्री लालता सिंह व श्री तेज प्रताप सिंह का गन्ना काटकर किया गया। यह जानकारी चीनी मिल के अधिशासी निदेशक श्री करन सिंह ने किसान के खेत से लौट कर दी। गांव के किसान खड़े होकर गन्ना काटते हुए मशीन को पहली बार देख रहे थे। अधिशासी निदेशक ने ढाढ़ा चीनी मिल परिक्षेत्र के सभी गन्ना किसानो से अपील की, आज गन्ना किसानों के सामने सबसे बड़ी समस्या है गन्ना काटने , छीलने, ट्रॉली पर लादने , गुड़ाई करने आदि कार्यों के लिए गांव में मजदूर नहीं मिल रहे हैं । इसको ध्यान में रखकर हम सबसे पहले ऑटोमेटिक केन प्लांटर से गन्ना बुवाई विगत वर्षों से प्रारंभ कर चुके है। जो एक साथ नाली बनता है , बीज गन्ने का टुकड़ा काटता है , उर्वरक प्रयोग करता है। टुकड़ों के ऊपर मिट्टी डालने वाला गन्ना गुड़ाई का यंत्र भी दिया जा रहा है। गन्ना खेती में कृषकों की समस्या को दूर करने के लिए हमने गन्ना काटने , छीलने तथा ट्रॉली पर लादने का कार्य बरसैना ग्राम में प्रारंभ कर दिया है। सभी किसान चार फुट की दूरी पर गन्ना बोंए तभी गन्ने की कटाई इस मशीन से हो पाएगी। एक दिन में 5 से 6 एकड़ गन्ना कटेगा केन हार्वेस्टर। जब किसान का विकास होगा तभी चीनी मिल का विकास होगा। उत्तर प्रदेश गन्ना किसान संस्थान प्रशिक्षण केंद्र पिपराइच गोरखपुर के गन्ना कृषि विशेषज्ञ ओम प्रकाश गुप्ता ने बी.सी. आई. पुणे महाराष्ट्र में प्रशिक्षण के समय सतारा जिले के चीनी मिल किशनवीर का भ्रमण कर गन्ने काटते हुए किसान के खेत पर देखा। इसका सबसे बड़ा लाभ वहां के किसानों ने बताया कि भूमि की सतह से काटने से पेड़ी फसल बहुत अच्छी हो रही है, गन्ने की सूखी पत्तियां, अंगोला सड़ कर खाद बन रही है। जिस खेत की उपज शक्ति बढ़ रही है , खरपतवार नियंत्रण हो रहा है , चीनी मिल को ताजा गन्ना मिल रहा है, चीनी परता बढ़ रही है। इससे ढाढ़ा चीनी मिल क्षेत्र के किसानों में खुशहाली आएगी, उपज बढ़ेगी आय भी बढ़ेगी। इस अवसर पर बरसैना गांव में किसान के खेत पर गन्ना प्रबंधक देवेश गिल, अवधेश गुप्ता प्रधान प्रबंधक गन्ना, डी .डी. सिंह सहायक महाप्रबंधक प्रबंधक गन्ना, ज्येष्ठ विकास निरीक्षक हाटा अशोक कुमार वर्मा तथा भारी संख्या में किसान उपस्थित थे।

# प्रधानाचार्य परिषद ने सेवानिवृत डीआईओएस को किया सम्मानित

❐ अनुशासनप्रियता की मिसाल रहे डीआईओएस रविन्द्र सिंह: सुभाष

सशक्त नेतृत्वकर्ता के रूप मे जाने जायेगें रविन्द्र सिंह – कोषाधिकारी

कैनविज टाइम्स संवाददाता





कुशीनगर। जिला विद्यालय निरीक्षक रविन्द्र सिंह ने शिक्षा के क्षेत्र में अपनी उत्कृष्ट कार्यशैली और निष्ठा से न केवल जिले की शिक्षा व्यवस्था को मजबूत किया, बल्कि उन्होंने हर शिक्षक और छात्र के विकास में अपना अमूल्य योगदान दिया। उनका कार्यकाल शिक्षा के क्षेत्र में एक प्रेरणा स्त्रोत बनकर उभरा है।

यह कहना है देवरिया कसया सहकारी बैंक के पूर्व चेयरमैन सुभाष प्रसाद त्रिपाठी का। श्री त्रिपाठी मंगलवार प्रधानाचार्य परिषद कुशीनगर के तत्वावधान में डीआईओएस रविंद्र सिंह के सेवानिवृत्त होने पर आयोजित सम्मान समारोह को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने सेवानिवृत डीआईओएस रवीन्द्र सिंह के बेहतर कार्यकाल, अनुसासन तथा कल्याण की भावना के लिए गए फैसलों की प्रशंसा की। विशिष्ट अतिथि वरिष्ठ कोषाधिकारी/ वित्त एवं कोषाधिकारी सुशील यादव ने कहा कि रविंद्र सिंह ने न केवल प्रशासनिक कार्यों में दक्षता दिखाई, बल्कि समाज में एक आदर्श स्थापित किया। उनकी मेहनत और ईमानदारी ने उन्हें एक सशक्त नेतृत्वकर्ता के रूप में प्रतिष्ठित किया। हम उनके उज्जवल भविष्य की कामना करते हैं और आशा करते हैं कि वे अपने अनुभवों से समाज और शिक्षा के क्षेत्र में आगे भी मार्गदर्शन करते रहें।

समारोह में प्रधानाचार्य परिषद के जिलाध्यक्ष देवेंद्र मणि त्रिपाठी, शैलेन्द्र दत्त शुक्ल, अश्विनी पांडेय, गोविंद मिश्र समेत सभी सदस्य, शिक्षकों और कर्मचारियों ने भी श्री रविंद्र सिंह को सम्मानित किया। कार्यक्रम के अंत में श्री सिंह ने सभी का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि, मुझे जो भी सम्मान प्राप्त हुआ है।

वह मेरे समस्त सहयोगियों और शिक्षा क्षेत्र से जुड़े हर व्यक्ति के समर्थन और स्नेह का परिणाम है। मैं सभी का आभारी हूं और हमेशा उनके उज्जवल भविष्य की कामना करुँगा । कार्यक्रम का संचालन प्रधानाचार्य परिषद के अध्यक्ष देवेंद्र मणि द्वारा किया गया। प्रधानाचार्य अश्विनी पांडेय ने सभी उपस्थित लोगों का धन्यवाद ज्ञापित किया।

# दो ट्रकों में भिड़ंत, लगी आग, दो की मौत



एजेंसी

हमीरपुर। नेशनल हाईवे में ट्रक एवं डंपर के मध्य हुई भीषण टक्कर के बाद भड़की आग से मरे चालक के पुत्र ने मंगलवार को डंपर चालक के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराया है।

मृत खलासी की शिनाख्त चित्रकूट जिले के शिवरामपुर कस्बा निवासी चुन्नू सविता 45 वर्ष के रूप में हुई है। सुमेरपुर थाना क्षेत्र में गत 28 दिसंबर की रात 8,30 बजे हाईवे में पेट्रोल पंप के सामने पशु आहार लदे ट्रक एवं कबरई से डस्ट लादकर जा रहे डंपर में आमने-सामने जोरदार टक्कर हो गई थी।

इस घटना में दोनों ट्रकों में आग लग गई थी और ट्रक के अंदर फंसकर चालक और खलासी जिंदा जल गए थे जबकि डंपर के चालक और खलासी कूदकर भागने में सफल रहे थे। ट्रक चालक कि शिनाख्त अगले दिन ट्रक मालिक ने कानपुर से आकर कर दी थी जबकि खलासी की शिनाख्त नहीं हो सकी थी। घटना की सूचना पाकर मौके पर आए ट्रक चालक शिवशरण सोनी 55 निवासी असोह थाना पहाड़ी चित्रकूट के पुत्र सुदर्शन सोनी ने खलासी की शिनाख्त चुन्नू सविता 45 निवासी शिवरामपुर चित्रकूट के रूप में कर डंपर चालक के खिलाफ ट्रक में टक्कर मार देने का मुकदमा दर्ज कराया है। पुलिस ने दोनों शवों का पोस्टमार्टम कराकर परिजनों को सौंप दिया है।

## ज्वेलर्स की दुकान से नकदी समेत सवा करोड़ रुपये की चोरी

**कानपुर।** नवाबगंज थाना अंतर्गत चोरों ने एक ज्वेलर्स की दुकान में घुसकर सवा करोड़ की ज्वेलरी समेत नकदी पर हाथ साफ कर गये। मंगलवार की सुबह जब दुकानदार दुकान खोलने पहुंचा तो उसे इस घटना की जानकारी हुई। मौके पर पहुंची पुलिस ने फॉरेंसिक टीम और डॉग स्क्वायड घटनास्थल का जायजा लेते हुए कई अहम साक्ष्य एकत्रित कर जांच में जुट गई है। नवाबगंज थाना क्षेत्र के सराफा बाजार में रहने वाले पीड़ित जुगल किशोर अपनी पत्नी और दो बच्चों के साथ जिस घर में रहते हैं, उसी घर के नीचे उनकी हरिशंकर एंड जुगल किशोर के नाम से ज्वेलर्स की दुकान है। दो दिन पहले उनकी पत्नी नैना अपने दोनों बच्चों को लेकर गुमटी स्थित एक रिश्तेदार के घर गईं थी। सोमवार की रात पीड़ित जुगल किशोर अपनी दुकान बंदकर पत्नी और बच्चों से मिलने के लिए गुमटी चले गए। रात ज्यादा हो जाने की वजह से रिश्तेदार के घर में ही रुक गए।

# बदलते मौसम में खुद का रखें ख्याल नहीं, तो पड़ सकती है मुश्किल में जान: डॉ. आरके वर्मा

एजेंसी



कानपुर। ठंड के साथ मौसम में हुए बदलाव के चलते जीएसवीएम मेडिकल कॉलेज में लगने वाली ओपीडी में मरीजों की संख्याओं में इजाफा देखने को मिल रहा है। इन मरीजों में अस्थमा, सिर दर्द, सांस और रक्तचाप जैसे मरीजों को सबसे ज्यादा समस्या हो रही है। ऐसे में इन बीमारियों से ग्रसित मरीजों को बचाव से लेकर एक स्वस्थ्य आदमी के शरीर में होने वाले बदलाव और लक्षणों से बचने के लिए मेडिकल कालेज के मेडिसिन विभाग के प्रोफ़ेसर डॉ. आरके वर्मा ने कई अहम जानकारियां साझा की है। मौसम में हुए बदलाव के चलते दिन पर दिन तापमान में गिरावट आने की वजह से गलन भरी सर्दी में इजाफा देखने को मिल रहा है। ऐसे में इस जानलेवा सर्दी को नजरअंदाज कर खुद का ख्याल न रखने वाले लोगों को सबसे ज्यादा समस्याएं हो रही है। गणेश शंकर विद्यार्थी मेडिकल कॉलेज (जीएसवीएम) में लगने वाली ओपीडी में सबसे ज्यादा मधुमेह, रक्तचाप, सांस के मरीज, अस्थमा और ह्रदय रोग से जुड़े मरीज पहुंच रहें हैं। इसको लेकर मेडिकल कालेज के मेडिसिन विभाग के प्रोफ़ेसर डॉ. आरके वर्मा से बात की गई। बातचीत के दौरान उन्होंने बताया कि सर्दी के मौसम में हम सभी को सावधानी बरतने की आवश्यकता है, क्योंकि ठंड के समय इस तरह की समस्याएं बढ़ना काफी आम बात है। ऐसा इसलिए होता है क्योंकि बाहर के मौसम में बदलाव होने के चलते हमारे शरीर में मौजूद हार्मोन्स में काफी परिवर्तन होता है। शरीर के अंदर हुए परिवर्तन के चलते हमारा शरीर बाहर के तापमान को सहन नहीं कर पाता है। जिस वजह से सबसे पहले रक्तचाप की समस्या उत्पन्न होती है और शरीर में खून का थक्का जमने लगता है, जो सीधे जाकर ह्रदय को प्रभावित करता है। इस वजह से हार्ट अटैक और लकवा का खतरा सबसे ज्यादा बढ़ जाता है। इस मौसम में सांस के रोगियों को भी सांस लेने में काफी समस्या होती है। ऐसे में यह कहना गलत नहीं होगा कि सर्दी के मौसम में सभी लोगों को अपना ध्यान रखने की आवश्यकता है। खासकर उन्हें जो पहले किसी भी तरह की बीमारी से ग्रसित है और उनका इलाज चल रहा है।आगे उन्होंने बताया कि यदि कोई भी व्यक्ति इन बीमारियों से ग्रसित है तो इस मौसम में उनके लिए खतरा कई गुना ज्यादा बढ़ जाता है। ऐसे में मरीज को अपने खान-पान से लेकर दिनचर्या में कई बदलाव करने होंगे। जिनमें सबसे अहम यह है कि इस मौसम में अनावश्यक घर से बाहर न निकले, जितना हो सके गर्म कपड़े पहने, यदि किसी तरह की कोई दवा चल रही हो तो इसका सेवन नियमित रूप से करते रहें, साथ ही पानी को उबालकर पिएं, खाने में हरी सब्जियों की मात्रा बढ़ायें। चक्कर आना, पसीना छूटना, घबराहट होना या शरीर मे किसी भी तरह के होने वाले दर्द जैसी समस्या होने पर तुरंत डॉक्टर को दिखाएं। सुबह की सैर करने वाले मरीज हो सके तो कुछ दिन सैर न करते हुए घर में ही योगा या फिर किसी भी तरह की व्यायाम करें।

# कप्तान साहब: नाबालिक लड़की का गर्भपात करने वाले सलवरी वेगम हास्पिटल पर नहीं दर्ज हुआ मुकदमा

❐ नाबालिग का अवैध तरीके से गर्भपात का मामला

कैनविज टाइम्स संवाददाता




कुशीनगर। जनपद के पडरौना कोतवाली क्षेत्र के खिरकिया मार्ग पर संचालित सरवरी वेगम हास्पिटल द्वारा अवैध तरीके से एक नाबालिग लड़की का गर्भपात किये जाने का सनसनीखेज मामला प्रकाश में आया है। बताया जाता है कि नाबालिक लडकी को एक युवक द्वारा शादी का झासा देकर दो वर्षों तक मुंह काला किया जाता रहा इस दौरान जब युवती गर्भवती हो गयी तो युवक और उसके घर वालो ने मिलकर युवती का सरवरी वेगम हास्पिटल मे गर्भपात कराकर युवती से निकाह करने से इंकार कर दिया। इसके बाद पीड़िता की माँ थाने में युवक के खिलाफ तहरीर दी इस पर विशुनपुरा पुलिस ने युवक और उसके घर वालो के विरुद्ध मुकदमा तो दर्ज कर लिया किन्तु नाबालिग का गर्भपात करने वाले सरवरी वेगम हास्पिटल के संचालक पर आज तक मुकदमा दर्ज नही किया जो यक्ष प्रश्न बना हुआ है। जनपद के विशुनपुरा थाना क्षेत्र के नगर पंचायत दुदही के वार्ड संख्या 4 निवासी जैतुन नेशा पत्नी नसरूदिन की ओर से दिये गये तहरीर पर विशुनपुरा थाने मे दर्ज अभियोग के मुताबिक जैतुन नेशा की चौदह वर्षीय नाबालिग पुत्री सानिया का नगर पंचायत दुदही के वार्ड संख्या 3 निवासी सुल्तान पुत्र साबीर लगभग 2 वर्ष से शारीरिक शोषण कर रहा था।

इस दरम्यान जब लड़की गर्भवती हुई तो इसकी जानकारी जैतून नेशा को हुई। वह सुल्तान के घर वालो से बात की तो सुल्तान के घर वाले शादी करने के लिए राजी हो गये। इसके बाद सुल्तान के घर वाले 2 सितंबर-2023 को नाबालिक को पडरौना कोतवाली क्षेत्र के खिरकिया मार्ग पर स्थित सरवरी बेगम जनरल जनरल हास्पिटल ले गये और लडकी का गर्भपात करा दिया।

शादी से किया इंकार नाबालिग की माँ जैतुन नेशा की तहरीर पर दर्ज मुकदमे में अंकित है कि सुल्तान के घर वालो द्वारा नाबालिग का गर्भपात कराने के बाद जब वह अपनी बेटी की शादी के लिए सुल्तान के घर गयी तो सुल्तान और उसके घर वालो ने शादी करने से साफ इंकार कर दिया और भद्दी-भद्दी गाली देते हुए मारपीट करने पर उतारू हो गये। पीडिता की माँ ने अपनी बेटी को नाबालिग बताया है। विशुनपुरा पुलिस ने सुल्लान और उसके घर वाले के खिलाफ धारा 376,313,504 3/4 तहत मुकदमा दर्ज कर आरोपी को धड-पकड में जुट गयी।

## सरवरी बेगम हास्पिटल पर क्यो नही दर्ज हुआ मुकदमा

कहना ना होगा कि विशुनपुरा पुलिस अपराध संख्या 253/24 मे जैतुन नेशा के तहरीर पर दर्ज मुकदमे स्पष्ट शब्दों में नाबालिग लडकी का गर्भपात करने वाले सरवरी वेगम जनरल हास्पिटल का उल्लेख किया है किन्तु इस अवैध कृत को अंजाम देने वाले सरवरी वेगम हास्पिटल के खिलाफ आज तक मुकदमा दर्ज नही किया जो चर्चा का विषय बना हुआ है। इतना ही नही इस मामले में स्वास्थ्य विभाग भी कुंभकर्णी निद्रा मे है। जानकार बताते है कि नाबालिग लड़की का गर्भपात करने के लिए लडकी के माता–पिता और विशेषज्ञ चिकित्सक की रजामंदी, सलाह व अनुमति जरूरी है। इसके अलावा गर्भपात करने वाला हास्पिटल पंजीकृत हो और वहा प्रशिक्षित डाक्टर हो।

## नही है कोई प्रशिक्षित डाक्टर

सूत्रों का दावा है कि सरवरी वेगम हास्पिटल पर कोई प्रशिक्षित डाक्टर नही है। इतना है नही बोर्ड पर अंकित कोई डाक्टर कभी हास्पिटल पर नही दिखते है। सूत्रो के इस दावे मे कितनी सच्चाई है यह निष्पक्ष जांच के बाद ही स्पष्ट होगा। लेकिन इस बात से इंकार नही किया जा सकता है कि ऐसे हास्पिटल स्वास्थ्य विभाग के संरक्षण में फलफूल रहा है।

# एसपी ने सेवानिवृत्त होने वाले पुलिस कर्मियों को दी विदाई

**कैनविज टाइम्स संवाददाता**



अमेठी । पुलिस अधीक्षक द्वारा अधिवर्षता आयु पूर्ण कर सेवानिवृत्त होने वाले पुलिस उपाधीक्षक एवं अधिकारियों व कर्मचारियों को उपहार भेंटकर विदाई दी गई। जनपद अमेठी में नियुक्त पुलिस उपाधीक्षक जगदीश कुमार , उप निरीक्षक संत लाल यादव, उप निरीक्षक सर्वेश कुमार सिंह एवं लीडिंग फायरमैन अनिल कुमार सिंह को उनकी अधिवर्षता आयु पूर्ण होने पर सेवानिवृत्ति के उपरान्त पुलिस कार्यालय गौरीगंज में पुलिस अधीक्षक अर्पणा रजत कौशिक द्वारा उनको उत्कृष्ट सेवा के लिए प्रशस्ति पत्र प्रदान किया एवं उपहार देकर विदाई दी गई तथा आगामी जीवन की शुभकामनाएं दी गई साथ साथ वर्तमान समय में चल रहे फोन कॉल अथवा ऑनलाइन साइबर ठगी जैसे फर्जी ट्रेजरी अधिकारी बनकर अथवा पुलिस कार्यालय के कर्मचारी बनकर रिटायर्ड पुलिस अधिकारी कर्मचारीगण को पेंशन प्रपत्र पूरा न होने बात कहकर पेंशन रोकने की बात कहकर उनसे पूरी जानकारी व ओटीपी आदि पूंछकर ठगी करने वालों से सावधान रहने व इस प्रकार के फोन कॉल पर कोई भी जानकारी न देने के बारे में जानकारी देकर जागरूक भी किया गया । जिससे किसी के साथ कोई साइबर ठगी न हो सके । इस दौरान अपर पुलिस अधीक्षक हरेन्द्र कुमार, प्रशिणाधीन पुलिस उपाधीक्षक व अन्य अधिकारी कर्मचारीगण मौजूद रहे।

# मैनेजमेंट डिपार्टमेंट में हुआ फ्रेशर पार्टी का आयोजन

**कैनविज टाइम्स संवाददाता**



सुल्तानपुर। कमला नेहरू संस्थान के मैनेजमेंट डिपार्टमेंट में फाइनल ईयर के छात्रों द्वारा फर्स्ट ईयर के छात्रों को फ्रेशर पार्टी दी गई। इस पार्टी के भव्य आयोजन में रंगारंग कार्यक्रम हुए, सभी छात्र-छात्राओं ने अपनी कलात्मक प्रतिभाएं दिखाई। कार्यक्रम का शुभारंभ मां सरस्वती एवं के0एन0सिंह की प्रतिमा पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्वलित कर विभाग की निदेशक डॉ0इंद्रजीत कौर ने डॉ0टीनू, डॉ0मैथ्यू आलोक श्रीवास्तव, सुप्रिया सिंह आदि के साथ किया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में डॉ0सुशील की गरिमामई उपस्थिति रही। पार्टी में मिस्टर फ्रेशर शिवम पाण्डेय एवं मिस फ्रेशर भूमिका सोनी रहीं। कार्यकम का आयोजन एम0बी0ए0 फाइनल ईयर के विद्यार्थियों ने लगन भाव,अथक प्रयास से किया। जिनमें प्रमुख रूप से निकिता, इंदु, जेहरा, पलक, निधि, अशरफ, आनन्द कृष्ण, अनुराग, आशिका, विशाल, आदेश, यासिर, सोमव्रत, अमन, शहबाज, अभिषेक, शिफान, फैज आदि शामिल रहे। पार्टी के समापन पर डिपार्टमेंट की निदेशक डॉक्टर इंद्रजीत कौर ने सभी विद्यार्थियों को आशीर्वचन से अनुग्रहित किया।

## डीएफओ ने वितरण की हाइजीन किट उपस्थित रहे वन विभाग कर्मचारी और अधिकारी



पीलीभीत कैनविज टाइम्स संवाददाता। इंडियन रेड क्रॉस सोसायटी पीलीभीत शाखा के द्वारा अध्यक्ष व जिला अधिकारी संजय कुमार सिंह के दिशा निर्देशन में मुस्तफाबाद में वन विभाग में कार्यरत महिलाओं को हाइजीन किट का वितरण किया गया है।सोसाइटी के जिला अवैतनिक सचिव कौशलेंद्र भदौरिया ने बताया कि मुस्तफाबाद गेस्ट हाउस में डीएफओ पीटीआर मनीष सिंह के द्वारा लगभग 50 महिलाओं को हाइजीन किट का वितरण किया गया है ।साथ ही टी शर्ट,महिला धोती, त्रिपाल ,साबुन, मास्क, ऑक्सीमीटर आदि का भी वितरण किया गया है। डीएफओ पीटीआर मनीष सिंह ने महिलाओं को स्वच्छता के बारे में भी जानकारी प्रदान की है। कार्यक्रम में भारतीय कछुआ संरक्षण के डॉक्टर शैलेंद्र सिंह,रेंजर शहेंद्र यादव तथा वन विभाग के अन्य अधिकारी एवं स्टाफ मौजूद रहा है।

## पुलिस ने चौदह ग्राम स्मैक के साथ युवक को जेल भेजा

अमेठी कैनविज टाइम्स संवाददाता । थाना मुंशीगंज पुलिस ने नशा मुक्त अमेठी अभियान के तहत चौदह ग्राम स्मैक के साथ एक युवक को गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की है। पुलिस ने पकड़े गये युवक के खिलाफ मुकदमा दर्जकर जेल भेज दिया है। पुलिस अधीक्षक अपर्णा रजत कौशिक के निर्देश पर स्थानीय पुलिस द्वारा क्षेत्र में अपराध एवं अपराधियों के धर पकड़ हेतु चलाये जा रहे अभियान के क्रम में व नशा मुक्त अमेठी अभियान के तहत मंगलवार को उप निरीक्षक संजय सिंह मय हमराही द्वारा देखभाल क्षेत्र, चेकिंग संदिग्ध व्यक्ति, वस्तु, वाहन के दौरान रविशंकर दूबे पुत्र बलभ्रद दूबे निवासी ग्राम डिहवा राघुनाथपुर मजरे नोहरेपुर थाना मुंशीगंज को प्राथमिक विद्यालय दिदलदाई पूरे कन्धई के पास से समय करीब साढ़े बारह बजे रात्रि में गिरफ्तार किया गया। पुलिस टीम द्वारा की गई तलाशी में युवक के कब्जे से चौदह ग्राम स्मैक बरामद हुई। इस सम्बंध में थाना मुंशीगंज पुलिस ने बताया कि पकड़े गये युवक के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट के तहत मुकदमा दर्जकर जेल भेज दिया गया है।

## मुख्यमंत्री कृषक दुर्घटना कल्याण योजना के अन्तर्गत 25 परिवारों होगें लाभान्वित

पीलीभीत कैनविज टाइम्स संवाददाता। जिलाधिकारी संजय कुमार सिंह की अध्यक्षता में यूपी कृषकों की दुर्घटनावश मृत्यु व दिव्यांगता की स्थिति में मुख्यमंत्री कृषक दुर्घटना कल्याण योजना के अन्तर्गत प्राप्त दावा पत्रावलियों के निस्तारण के सम्बन्धी में समीक्षा बैठक कल देर शाम गांधी सभागार में सम्पन्न हुई। बैठक के दौरान उन्होंने समस्त उप जिलाधिकारियों को निर्देश दिये कि मुख्यमंत्री कृषक दुर्घटना कल्याण योजना के प्राप्त आवेदनों का भौतिक सत्यापन कर लिया जाये, जिससे कि पात्र पीड़ित परिवार को योजना से लाभान्वित किया जाये। बैठक के दौरान जिलाधिकारी ने तहसील वार प्राप्त हुये कृषक दुर्घटना दावा पत्रों की पत्रावलियों का अवलोकन करने के उपरान्त ही पीडित परिवारों को आर्थिक सहायता प्रदान करने की सहमति प्रदान की गई। इस दौरान जनपद की पांचों तहसीलो से कुल प्राप्त आवेदन 50 में से 25 पीड़ित परिवारों को रू. 05-05 लाख की आर्थिक हेतु स्वीकृत प्रदान की गई। जनपद की पांचों तहसीलों में 50 कुल आवेदन में से 25 स्वीकृत, 13 निरस्त एवं 12 आवेदन दावों की पुनः जांच करने के निर्देश दिये। बैठक में अपर जिलाधिकारी, मुख्य चिकित्साधिकारी, समस्त उप जिलाधिकारी सहित अन्य उपस्थित रहे है।

## कांशीराम कॉलोनी में चल रहा है बिजली चोरी का बड़े पैमाने पर खेल

सुल्तानपुर कैनविज टाइम्स संवाददाता। विद्युत विभाग की लचरता का फ़ायदा कांशीराम कॉलोनी के कुछ लोग जमकर उठा रहे है, रात और दिन चोरी की बिजली से हीटर और ई-रिक्शा चार्जिंग की जा रही है। सूत्र बताते है बाकायदा ई-रिक्शे की चार्जिंग की ठेकेदारी बेधड़क चल रही है। मामला रायबरेली रोड स्थित पर्यावरण पार्क के सामने कांशीराम कॉलोनी का है, जहां बिजली चोरी से चाय-पान की दुकानें चल रही है,देर रात तक हीटर से दुकानदारी तो करते ही है साथ ही ई-रिक्शे चार्जिंग का धंधा भी जोरो पर चल रहा है, सूत्रों की माने तो प्रति ई-रिक्शे की चार्जिंग 50?.वसूला जा रहा है, इस पूरे मामले की जानकारी ट्रांसपोर्ट नगर के अवर अभियंता जियालाल त्यागी को है, उन्होनें बताया कि मामला संज्ञान में है, औचक छापेमारी की जाएगी, बिजली चोरी करने वालों के विरूद्ध मुकदमा पंजीकृत किया जाएगा। साथ ही आगे विद्युत चोरी की रोकथाम के लिए ठोस रणनीति बनाकर उसे हम अमल में लाएगें। हांलाकि ट्रांसपोर्ट नगर सब स्टेशन ने बिजली चोरी रोकने व चोरी करने वालों के लिए रणनीति तैयार करते हुए औचक छापेमारी और कार्यवाही का मन बना लिया है।

## विद्यार्थी परिषद कार्यकारणी सदस्य बनने के बाद प्रथम ज़िला आगमन पे हुआ भव्य स्वागत

पूरनपुर कैनविज टाइम्स संवाददाता। अकाशदीप संधु का अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद ब्रज प्रांत का कार्यकारणी सदस्य बनने के बाद ज़िला में प्रथम आगमन पर हुआ भव्य स्वागत।और कहा कि विद्यार्थी परिषद हमेशा राष्ट्र हित व छात्र हित में कार्य करता रहा है। और करता रहेगा साथ ही कहा की अगर किसी भी छात्र को कोई भी परेशानी हो चाहे वो अधिकारी परेशान कर रहे हो चाहे स्कूल कॉलेज हो सब से निपटने के लिए विद्यार्थी परिषद अपनी लड़ाई समझ के लड़ेगा।

## डिवाइडर से टकराने के बाद चालक की मौत

जालौन। जालौन कोतवाली क्षेत्र में मंगलवार को तेज रफ्तार डंपर डिवाइडर से टकराया जिससे चालक की मौके पर ही मौत हो गई। पुलिस ने मृतक का पंचनामा भर पोस्टमार्टम के लिए भेजा। बुंदेलखंड एक्सप्रेसवे के पॉइंट नंबर 201 पर सिंगारपुर फतेहपुर निवासी जितेंद्र कुमार पुत्र भूरे उम्र 32 वर्ष औरैया की ओर से अपने डंपर से आ रहे थे। वह डंपर को खुद चला रहे थे। डंपर इतनी तेज रफ्तार में था कि वह उसे नियंत्रित नहीं कर सके और डंपर डिवाइडर से टकरा गया, जिससे उसकी मौके पर ही मृत्यु हो गई। राहगीरों द्वारा इसकी सूचना यूपीडा पुलिस को दी गई। मौके पर पहुंची पुलिस ने मृतक को अस्पताल पहुंचाया जहां उसका पंचनामा भरकर स्थानीय पुलिस द्वारा पोस्टमार्टम के लिए भेजा।

## टीएसएच में दो जनवरी से लगेगा प्रदेश के स्क्वैश खिलाड़ियों का जमघट

कानपुर। उत्तर प्रदेश में खेलों के विकास की दिशा को आगे बढ़ाते हुए यूपी स्टेट क्लोज स्क्वैश चैंपियनशिप 2024-25 का आयोजन दो से चार जनवरी तक किया जाएगा। यह प्रतिष्ठित प्रतियोगिता द स्पोर्ट्स हब (टीएसएच) आर्यनगर कानपुर में होगी, जो अपनी अंतरराष्ट्रीय स्तर की उत्कृष्ट सुविधाओं और आधुनिक इंफ्रास्ट्रक्चर के लिए प्रसिद्ध है। मंगलवार को आयोजित पत्रकार वार्ता में उत्तर प्रदेश स्क्वैश एसोसिएशन के सचिव विनय पांडे और उपाध्यक्ष प्रणीत अग्रवाल ने बताया कि यह आयोजन न केवल खिलाड़ियों को प्रोत्साहित करेगा बल्कि प्रदेश में स्क्वैश खेल के प्रति रुचि और उत्साह को भी बढ़ावा देगा। उन्होंने द स्पोर्ट्स हब के उच्चस्तरीय इंफ्रास्ट्रक्चर की भी सराहना की, जो खिलाड़ियों को वैश्विक मानकों पर ट्रेनिंग और प्रतियोगिता का अनुभव प्रदान करता है। यह आयोजन निश्चित रूप से उत्तर प्रदेश को स्क्वैश के क्षेत्र में नई ऊंचाइयों पर ले जाएगा।

# एंबुलेंस को रास्ता दें कार्यक्रम का हुआ समापन

**कैनविज टाइम्स संवाददाता**



सुल्तानपुर। कटका क्लब सामजिक संस्था और यूनिक फाउंडेशन के तत्वाधान में कटका खानपुर के निजी कॉलेज में एंबुलेंस को रास्ता दें कार्यक्रम का समापन हुआ छात्रों को नि :शुल्क सेनेटरी पैड उपलब्ध कराया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता राज्य पुरस्कार से सम्मानित वैदाह की प्रधानाध्यापिका कांति सिंह ने किया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में शिक्षक साहित्यकार सर्वेश कांत वर्मा संस्था की कार्यक्रम की सराहना करते हुए सभी को एंबुलेंस के प्रति रास्ता देने के लिए आवाहन किया और कार्यक्रम की समाप्ति की घोषणा की ।यूनिक फाउंडेशन के अध्यक्ष डॉ अनूप मिश्रा ने बताया कि मासिक धर्म के दौरान स्वच्छता के प्रति जागरूक होना आवश्यक है। इस दौरान यदि स्वच्छता के प्रति लापरवाही बरती तो यूरिनरी ट्रैक्ट इंफ़ेक्शन( यूटीआई ), फंगल इंफ़ेक्शन और पैल्विक इंफ्लेमेटरी डिजीज जैसी समस्याएं हो सकती हैं। शिक्षा प्रकोष्ठ अध्यक्ष शीतला प्रसाद पांडेय ने कहा की एंबुलेंस को रास्ता देना हम सभी की नैतिक जिम्मेदारी है। संस्था के अध्यक्ष सौरभ मिश्रा विनम्र ने आए अतिथियों के प्रति आभार व्यक्त किया । इस मौके पर उपस्थित यूनिक फाउंडेशन के महिला प्रकोष्ठ अध्यक्ष अनुपमा द्विवेदी, दो सूरज विश्वास, सरफराज , गर्वित, पारुल, अमन, पवन विद्यालय के उप प्रधानाचार्य कृष्ण देव मिश्रा आदि लोग उपस्थित रहे।

# पुलिस अधीक्षक ने नगर क्षेत्र में पैदल गश्त कर सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लिया गया



**कैनविज टाइम्स संवाददाता**

पीलीभीत। पुलिस अधीक्षक पीलीभीत द्वारा नववर्ष की पूर्व संध्या पर शान्ति एवं कानून व्यवस्था के दृष्टिगत नगर क्षेत्रान्तर्गत प्रमुख बाजार में पैदल गश्त कर सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लिया गया। पुलिस अधीक्षक द्वारा अत्यधिक भीड़ वाले बाजारों में यातायात व्यवस्था को सुदृढ़ कर पार्किंग की उचित व्यवस्था व वाहनों का रुट निर्धारण के निर्देश दिये,साथ ही होटल,ढाबों,चौराहों पर सीसीटीवी की उपलब्धता सम्बन्धी जानकारी कर कैमरों की लगातार व प्रभावी मॉनिटरिंग करने तथा महिलाओं की सुरक्षा हेतु प्रमुख प्वाइंटस पर एंटीरोमियो स्क्वाड तैनात रखने के निर्देश दिये गये है। पुलिस अधीक्षक द्वारा सभी प्रमुख स्थानों पर पुलिस बल को लगातार संदिग्ध व्यक्तियों वाहनों की चैकिंग करते हुये सतर्कता से ड्यूटी करने के निर्देश दिए गये।इस दौरान क्षेत्राधिकारी नगर व सदर व प्रभारी निरीक्षक थाना कोतवाली, सुनगढ़ी, महिला थाना आदि मय फोर्स उपस्थित रही है।

# साइबर क्राइम पुलिस ने बीते वर्ष में वापस कराया चालीस लाख रुपया



**कैनविज टाइम्स संवाददाता**

अमेठी । थाना साइबर क्राइम पुलिस द्वारा बीते वर्ष में धोखाधड़ी व गुमराह कर आम जनमानस के बैंक खातों क्रेडिट एवं डेबिट कार्ड इत्यादि से निकाले गये उनतालिस लाख बासठ हजार छह सौ सरसठ रुपयों को वापस कराया गया।पुलिस अधीक्षक अपर्णा रजत कौशिक के निर्देशन व अपर पुलिस अधीक्षक हरेन्द्र कुमार के पर्यवेक्षण तथा सीओ साइबर क्राइम अखिलेश वर्मा के कुशल नेतृत्व में थाना साइबर क्राइम की प्रभारी कंचन सिंह मय टीम द्वारा बीते वर्ष में साइबर धोखाधड़ी से पीड़ित व्यक्तियों द्वारा प्राप्त प्रार्थना पत्रों पर गहनता से तथ्यातमक बिन्दुओं की छानबीन करते तत्काल आवश्यक वैधानिक कार्यवाही करते हुये पीडितों के खातों, वालेट, क्रेडिट कार्ड इत्यादि से निकाले गये उनतालिस लाख बासठ हजार छह सौ सरसठ रुपये पीडितों के बैंक खातों में वापस व बरादम कराये गये। थाना साइबर क्राइम की प्रभारी कंचन सिंह ने आम जनमानस से अपील करते हुये कहा कि साइबर अपराध घटित होने की स्थिति में साइबर हेल्पलाइन नम्बर 1930 अथवा साइबर क्राइम पोर्टल पर अपनी शिकायत दर्ज कराये।

# व्यापार मंडल के बाजार अध्यक्ष पर प्राण घातक हमला

**कैनविज टाइम्स संवाददाता**



सुलतानपुर। बिरसिंहपुर बाजार के व्यापार मंडल अध्यक्ष जगन्नाथ कनौजिया अपनी दुकान बंद कर घर जा रहे थे तो रास्ते में एक बोलेरो पर सवार लोगों ने इन्हें रुकवाया रुकवा कर रास्ता पूछने के बहाने इन पर डंडों से तथा हॉकी से प्रहार किया संख्या ज्यादा होने से चोट खाकर जगन्नाथ जमीन पर गिर पड़े चिल्हाट तथा गुहार लगने पर स्थानीय लोग तथा उनके परिवरीजन पहुंचे तब तक बोलेरो सवार जिनकी संख्या जगन्नाथ द्वारा 4 से 5 लोगों की बताई गई भाग गए थे परिवारी जनों ने उनके इलाज के लिए उन्हें बिरसिंहपुर प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र पर ले गए। सूचना पाकर भारतीय उद्योग व्यापार मंडल के जिलाध्यक्ष रमेश अग्रहरि ने इंस्पेक्टर कोतवाली जयसिंहपुर से बात किया तथा जिला अध्यक्ष रमेश अग्रहरि व तहसील अध्यक्ष अरविंद गुप्ता ने इस घटना की सूचना अपने नेता भारतीय उद्योग व्यापार मंडल के प्रदेश महामंत्री रविंद्र त्रिपाठी को दिया जिस पर रवीद्र त्रिपाठी ने तत्काल पुलिस अधीक्षक से बात कर इस मामले में कड़ी कार्रवाई करने का निवेदन किया पुलिस अधीक्षक ने कहा कि सामाजिक तत्वों पर तथा बदमाशों पर कड़ी कार्रवाई की जाएगी। बिरसिंहपुर से जगन्नाथ कनौजिया की हालत गंभीर देखते हुए बिरसिंहपुर अस्पताल के डॉक्टरों ने उन्हें सुल्तानपुर जिला चिकित्सालय के लिए रेफर किया जहां पर प्रदेश महामंत्री रविंद्र त्रिपाठी जिला अध्यक्ष रमेश अग्रहरि जिला उपाध्यक्ष अवधेश सिंह तहसील अध्यक्ष जयसिंहपुर अरविंद गुप्ता तहसील अध्यक्ष सदर राजेंद्र प्रसाद तहसील उपाध्यक्ष जयसिंहपुर विनोद मौदनवाल पहले से पहुंचकर उनकी इलाज के लिए चिकित्सकों से बात कर पूरी तैयारी कर रखी थी जगन्नाथ कनौजिया जैसे जिला अस्पताल पहुंचे चिकित्सकों ने तत्काल जांच किया और प्राथमिक उपचार के बाद कनौजिया की हालत को गंभीर देखते हुए उन्हें लखनऊ ट्रामा सेंटर के लिए रेफर कर दिया गया।

# जिलाधिकारी ने कल देर ठंड के दृष्टिगत अलाव व्यवस्था एवं रैन बसेरा का लिया जायजा

**कैनविज टाइम्स संवाददाता**

**ठंड से ठिठूर रहे जरूरतमंदों को वितरित किए कम्बल**



पीलीभीत। जिलाधिकारी संजय कुमार सिंह ने ठंडक के दृष्टिगत कल देर रात शहर के प्रमुख स्थलों का निरीक्षण कर अलाव व्यवस्था एवं रैन बसेरा का निरीक्षण कर जायजा लिया।इस दौरान जिलाधिकारी द्वारा रेलवे स्टेशन रोड,नकटादाना, गौहनिया छतरी चौराहा सहित अन्य चिन्हित स्थलों पर अलाव व्यवस्था देखी। भ्रमण के दौरान स्थानीय लोगों से बातचीत कर अलाव जलाने की व्यवस्था के सम्बन्ध में जानकारी ली गई, स्थानीय लोगों द्वारा अवगत कराया गया कि शहर में नियमित अलाव जलाने की जानकारी दी गई। भ्रमण के दौरान ठंडक से ठिठूर रहे जरूरतमंद लोगों को कम्बल वितरित एवं उनसे बातचीत की। इसके साथ ही शहर में संचालित रैन बसेरो का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान रैन बसेरे की व्यवस्थाओ को देखा और रैन बसेरे में ठहरे हुये लोगों से बातचीत कर व्यवस्थाओं की जानकारी ली। उन्होंने समस्त सम्बन्धित अधिकारियों को निर्देशित किया गया कि कोई भी व्यक्ति बाहर खुले में पाए जाये तो उसे तत्काल रैन बसेरे में पहुंचाना सुनिश्चित किया जाए।इस दौरान अपर जिलाधिकारी, उप जिलाधिकारी सहित अन्य उपस्थित रहे हैं।

# सहकार भारती की बैठक हुई आयोजित पदाधिकारी हुए नियुक्त

**कैनविज टाइम्स संवाददाता**



पीलीभीत।सहकार भारती नगर पीलीभीत एवं पकड़िया नौगमा पीलीभीत के द्वारा एक मीटिंग का आयोजन शिवाजी नगर संघ कार्यालय पीलीभीत में किया जिसमें नगर पीलीभीत एवं पकड़िया नौगमा की टीम की घोषणा विधिवत जिला अध्यक्ष सहकार भारती हरि राम गौतम द्वारा की गई।मुख्य अतिथि के रूप में विभाग संयोजक दिग्विजय सिंह द्वारा आने वाले स्थापना दिवस की रुप रेखा की जिम्मेदारी जिले के मुख्य दायित्ववान पदाधिकारियों को सौंपी गई।कार्यक्रम का संचालन जिला महामंत्री प्रदीप शर्मा द्वारा किया गया।नगर की नवीन दायित्ववान पदाधिकारियों का स्वागत सम्मान जिले के संपर्क प्रमुख आचार्य धर्म प्रकाश बौद्ध,जिला संगठन प्रमुख संतोष सिंह राठौर,जिला पैक्स प्रमुख मुनेंद्र पाल सागर,जिला कोषाध्यक्ष रामवतार गौतम,जिला मीडिया प्रभारी रमेश चंद्र अकेला,जिला उपाध्यक्ष तुषार अग्रवाल, अधिवक्ता नत्थू लाल पांडे,जिला डी.सी.बी.प्रमुख त्रिभुवन शर्मा,जिला मंत्री शेर सिंह यादव एवं जिला मंत्री अंजुल त्रिवेदी द्वारा किया गया।पीलीभीत नगर अध्यक्ष के रूप में मोहन स्वरूप,नगर संगठन प्रमुख के रूप में वीरपाल यादव एवं पकड़िया नौगमा के नगर अध्यक्ष के रूप में जतिन राही की घोषणा कर दायित्व सौंपा गया।

# साइबर क्राइम का शिकंजा

देश में साइबर अपराधों में लगातार आ रही तेजी सरकार और आम जनता की चिंता का सबब बनी हुई है। हालांकि सरकार के नियामक संगठन और खुफिया एजेंसियां लगातार सक्रिय हैं लेकिन अपराधी अपराध के नये-नये तौर-तरीकों से अपने खतरनाक मंसूबों को अंजाम देने में लगे हैं। यद्यपि, यह संकट विश्वव्यापी है, लेकिन देश में डिजिटलीकरण के प्रयासों के बाद इन अपराधों में तेजी आई है। इंडियन साइबर क्राइम को-ऑर्डिनेशन सेंटर के इस माह के शुरुआत में आए आंकड़ों में बताया गया कि इस साल सितंबर तक देश में साइबर धोखाधड़ी से 11,333 करोड़ रुपये का नुकसान हुआ था। चौंकाने वाली बात यह है कि इस दौरान स्टॉक ट्रेडिंग घोटालों में सर्वाधिक सवा दो लाख शिकायतें आईं और करीब साढ़े चार हजार करोड़ का नुकसान बताया गया। यह बताता है कि देश में साइबर अपराध का जाल कितना दायरा बढ़ा चुका है। उल्लेखनीय है कि गृह मंत्रालय की साइबर अपराधों पर नजर रखने वाली एजेंसी की रिपोर्ट के अनुसार देश में नवंबर तक साइबर धोखाधड़ी की बारह लाख शिकायतें आईं, जिनमें से 45 फीसदी मामलों को म्यांमार, लाओस व कंबोडिया आदि से अंजाम दिया गया। इस तरह ऑनलाइन वित्तीय सेवाओं में साइबर सेंधमारा का मकड़जाल लगातार उपभोक्ताओं की मुसीबतों का सबब बन रहा है। मोबाइल स्पाइवेयर भी एक बड़ी चुनौती बनते जा रहे हैं, जो उपभोक्ताओं की आवश्यक गुप्त रूप से जानकारियां चुरा लेते हैं। जिसके सहारे वित्तीय फ्रॉड को अंजाम दिया जाता है। हाल के दिनों में साइबर अपराधों में नया तरीका डिजिटल अरेस्ट जुड़ गया है, जिसके जरिये देश की वित्तीय नियामक एजेंसियों व पुलिस के नाम पर लोगों से करोड़ों रुपये वसूले जा रहे हैं। उल्लेखनीय है कि साइबर हमलों के अलावा ऑनलाइन फ्रॉड और सेक्सटार्शन के मामले भी सामने आ रहे हैं। साथ ही डाटा चोरी, रैनसमवेयर, ऑनलाइन घृणा फैलाने, साइबर बुलिंग तथा नागरिक सेवाओं व अस्पतालों पर हमले के मामले सामने आते रहते हैं। इसमें शत्रु देशों की तरफ से देश की अर्थव्यवस्था व आंतरिक सुरक्षा को नुकसान पहुंचाने की कोशिश भी शामिल होती है। विडंबना यह है कि देश में साइबर अपराधों पर अंकुश लगाने के लिये अलग से कड़ा कानून नहीं है। दूसरी ओर आईटी एक्ट में संशोधन कर लाए गए प्रावधान इन साइबर अपराधों पर अंकुश लगाने में पूरी तरह से कामयाब नहीं हो पा रहे हैं। साइबर अपराधों पर पूरी तरह अंकुश लगाने के लिये केंद्र सरकार द्वारा बनाए गए साइबर को-ऑर्डिनेशन सेंटर को और अधिक प्रभावशाली बनाये जाने की जरूरत है, जिसने पिछले दिनों दक्षिण पूर्व एशिया से सक्रिय साइबर अपराधियों पर अंकुश लगाने की दिशा में पहल की थी। निस्संदेह, इस संकट के मुकाबले के लिये जहां सरकारों को सख्त कानून बनाने की जरूरत है, वहीं नागरिकों को इन अपराधों से बचने के लिये जागरूक करने की जरूरत है। जिसमें केंद्र व राज्य स्तर पर साइबर नियंत्रक पुलिस बल की आवश्यकता भी महसूस की जा रही है।

**इंडियन साइबर क्राइम को-ऑर्डिनेशन सेंटर के इस माह के शुरुआत में आए आंकड़ों में बताया गया कि इस साल सितंबर तक देश में साइबर धोखाधड़ी से 11,333 करोड़ रुपये का नुकसान हुआ था। चौंकाने वाली बात यह है कि इस दौरान स्टॉक ट्रेडिंग घोटालों में सर्वाधिक सवा दो लाख शिकायतें आईं और करीब साढ़े चार हजार करोड़ का नुकसान बताया गया। यह बताता है कि देश में साइबर अपराध का जाल कितना दायरा बढ़ा चुका है।**

# दिल्ली चुनावों पर 'रेवड़ी कल्चर' का खतरनाक साया

**'मुफ्त की सौगात' राजनीतिक फायदे के लिए जनता को दाना डालकर फंसाने वाली पहल है, एक तरह से दाना डालकर मछली पकड़ने जैसा है। ऐसी सौगातें सिर्फ गरीबों के लिए नहीं बल्कि सभी के लिए होती है, जिसके पीछे आम आदमी पार्टी के संयोजक जैसे राजनेताओं का एकमात्र उद्देश्य देश में अपनी और अपनी पार्टी का प्रभुत्व स्थापित करना है। केजरीवाल के द्वारा चुनावों में मुफ्त की घोषणाएं करना कोई नया चलन नहीं है। अपने देश में रेवड़ियां बांटने का वादा और फिर उन पर जैसे-तैसे और अक्सर आधे-अधूरे ढंग से अमल का दौर चलता ही रहता है। लोकलुभावन वादों को पूरा करने की लागत अंततः मतदाताओं को खासकर करदाताओं को ही वहन करनी पड़ती है। मुख्य चुनाव आयुक्त ने भी मुफ्त रेवड़ियां बांटने के चलन पर गंभीर चिंता जताई थी। नीति आयोग के साथ रिजर्व बैंक भी मुफ्त की रेवड़ियों पर आपत्ति जता चुका है, लेकिन राजनीतिक दलों पर कोई असर नहीं। कई बार तो वे अपात्र लोगों को भी मुफ्त सुविधाएं देने के वादे कर देते हैं। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने भी कुछ समय पहले उन दलों को आड़े हाथों लिया था, जो वोट लेने के लिए मुफ्त की रेवड़ियां देने के वादे करते हैं। उनका कहना था कि रेवड़ी बांटने वाले कभी विकास के कार्यों जैसे रोड, रेल नेटवर्क आदि का निर्माण नहीं करा सकते। वे अस्पताल, स्कूल और गरीबों के घर भी नहीं बनवा सकते। यदि कोई नेता या राजनीतिक दल गरीबों को कोई सुविधा मुफ्त देने का वादा कर रहा है तो उसे यह भी बताना चाहिए कि वह उसके लिए धन कहां से लाएगा? अनेक अर्थशास्त्री मुफ्त उपहार बांटकर लोगों के वोट खरीदने की खतरनाक प्रवृत्ति के प्रति आगाह कर चुके हैं, लेकिन उनकी चिंताओं से नेता बेपरवाह हैं। वे यह देखने को तैयार ही नहीं कि अनाप-शनाप चुनावी वादों को पूरा करने की कीमत क्या होती है और उनसे आर्थिक सेहत पर कितना बुरा असर पड़ता है। रेवड़ी संस्कृति अर्थव्यवस्था को कमजोर करने के साथ ही आने वाली पीढ़ियों के लिए घातक भी साबित होती है।**

दिल्ली विधानसभा चुनाव जैसे-जैसे नजदीक आ रहे हैं, राजनीतिक सरगर्मी उग्र से उग्रत्तर होती जा रही है। आम आदमी पार्टी मतदाताओं को लुभाने की कोई कोर कसर नहीं छोड़ रही है। चुनाव से पहले अब आम आदमी पार्टी ने एक ऐसी लुभावनी, मतदाताओं को आकर्षित करने की योजना की घोषणा की है जिसके अन्तर्गत मंदिरों के पुजारियों और गुरुद्वारा साहिब के ग्रंथियों को 18 हजार रुपए महीने दिए जाएंगे। इस योजना का नाम पुजारी-ग्रंथी योजना है। मुस्लिम धर्म एवं उनके अनुयायियों को रिझाते-रिझाते एकदम से केजरीवाल को हिन्दू धर्म के पुजारी एवं सिख धर्म के गं्रथी क्यों याद आ गये? विडम्बना है कि विभिन्न राजनीतिक दल मतदाताओं को लुभाने के लिए मुफ्त उपहार बांटने, तोहफों, लुभावनी घोषणाएं एवं योजनाओं की बरसात करने का माध्यम बनते जा रहे हैं। बजट में भी 'रेवड़ी कल्चर' का स्पष्ट प्रचलन लगातार बढ़ रहा है, खासकर तब जब उन राज्यों में चुनाव नजदीक हों। 'फ्रीबीज' या मुफ्त उपहार न केवल भारत में बल्कि पूरी दुनिया में वोट बटोरने का हथियार हैं। यह एक राजनीतिक विसंगति एवं विडम्बना है जिसे कल्याणकारी योजना का नाम देकर राजनीतिक पार्टियां राजनीतिक लाभ की रोटियां सेंकती है। अरविन्द केजरीवाल ने तो दिल्ली में अपनी हार की संभावनाओं को देखते हुए सारी हदें पार कर दी है। बात केवल आम आदमी पार्टी, कांग्रेय या भाजपा की ही नहीं है, बल्कि हर राजनीतिक दल सरकारी खजानों का उपयोग आम मतदाता को अपने पक्ष में करने के लिये करता है। 'मुफ्त की सौगात' राजनीतिक फायदे के लिए जनता को दाना डालकर फंसाने वाली पहल है, एक तरह से दाना डालकर मछली पकड़ने जैसा है। ऐसी सौगातें सिर्फ गरीबों के लिए नहीं बल्कि सभी के लिए होती है, जिसके पीछे आम आदमी पार्टी के संयोजक जैसे राजनेताओं का एकमात्र उद्देश्य देश में अपनी और अपनी पार्टी का प्रभुत्व स्थापित करना है। केजरीवाल के द्वारा चुनावों में मुफ्त की घोषणाएं करना कोई नया चलन नहीं है। अपने देश में रेवड़ियां बांटने का वादा और फिर उन पर जैसे-तैसे और अक्सर आधे-अधूरे ढंग से अमल का दौर चलता ही रहता है। लोकलुभावन वादों को पूरा करने की लागत अंततः मतदाताओं को खासकर करदाताओं को ही वहन करनी पड़ती है। मुख्य चुनाव आयुक्त ने भी मुफ्त रेवड़ियां बांटने के चलन पर गंभीर चिंता जताई थी। नीति आयोग के साथ रिजर्व बैंक भी मुफ्त की रेवड़ियों पर आपत्ति जता चुका है, लेकिन राजनीतिक दलों पर कोई असर नहीं। कई बार तो वे अपात्र लोगों को भी मुफ्त सुविधाएं देने के वादे कर देते हैं। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने भी कुछ समय पहले उन दलों को आड़े हाथों लिया था, जो वोट लेने के लिए मुफ्त की रेवड़ियां देने के वादे करते हैं। उनका कहना था कि रेवड़ी बांटने वाले कभी विकास के कार्यों जैसे रोड, रेल नेटवर्क आदि का निर्माण नहीं करा सकते। वे अस्पताल, स्कूल और गरीबों के घर भी नहीं बनवा सकते। यदि कोई नेता या राजनीतिक दल गरीबों को कोई सुविधा मुफ्त देने का वादा कर रहा है तो उसे यह भी बताना चाहिए कि वह उसके लिए धन कहां से लाएगा? अनेक अर्थशास्त्री मुफ्त उपहार बांटकर लोगों के वोट खरीदने की खतरनाक प्रवृत्ति के प्रति आगाह कर चुके हैं, लेकिन उनकी चिंताओं से नेता बेपरवाह हैं। वे यह देखने को तैयार ही नहीं कि अनाप-शनाप चुनावी वादों को पूरा करने की कीमत क्या होती है और उनसे आर्थिक सेहत पर कितना बुरा असर पड़ता है। रेवड़ी संस्कृति अर्थव्यवस्था को कमजोर करने के साथ ही आने वाली पीढ़ियों के लिए घातक भी साबित होती है। इससे मुफ्तखोरी की संस्कृति जन्म लेती है। मुफ्त की सुविधाएं पाने वाले तमाम लोग अपनी आय बढ़ाने के जतन करना छोड़ देते हैं। दिल्ली में महिलाओं एवं किन्नरों को भी डीटीसी बसों में मुफ्त यात्रा की सुविधा की घोषणाएं की गयी है, जिन्हें इस तरह की सुविधा की जरूरत नहीं। आधी आबादी को मुफ्त यात्रा की सुविधा देने से दिल्ली में डीटीसी को हर साल करोड़ों रुपये तक का नुकसान हुआ है। इस राशि का उपयोग दिल्ली के इन्फ्रास्ट्रक्चर पर किया जा सकता है। लेकिन केजरीवाल ने ऐसी विकृत राजनीति को जन्म दिया है, जिसमें विकास पीछे छूट गया है। राजनीतिक दलों में ऐसी 'मुफ्त की संस्कृति' की प्रतिस्पर्धा का परिणाम अनुसंधान एवं विकास व्यय, स्वास्थ्य व शिक्षा व्यय और रक्षा व्यय में कमी के रूप में देखने को मिले तो कोई आश्चर्य नहीं है। पिछले दस वर्षों में दिल्ली का विकास ठप्प है। हम दक्षिण कोरिया के रास्ते पर चलकर भविष्य में एक विकसित अर्थव्यवस्था बनेंगे या हमेशा एक 'विकासशील राष्ट्र' बने रहेंगे, यह हमारे द्वारा अभी चुने गए विकल्पों से निर्धारित होगा। ऐसी मुफ्त की सुविधा, सम्मान एवं लोकलुभावन की घोषणाओं से कहीं हम पाकिस्तान एवं बांग्लादेश की तरह अपनी अर्थ-व्यवस्था को रसातल में न ले जाये? आप सुप्रीमो ने केवल आप सरकारों बल्कि विपक्षी दलों को अपने राज्यों में पुजारियों-गं्रथियों को सम्मान राशि देने जैसे परियोजनाएं शुरू करने के लिए प्रोत्साहित करते हुए कहा है कि वे नई योजना में बाधा न डालें, ऐसा करके वे भगवान को क्रोधित करेंगे। भला राजनीतिक स्वार्थ की रोटियों के बीच भगवान कहां से आ गये? शिक्षा एवं चिकित्सा जैसी मूलभूत योजनाएं तो ठीक से चला नहीं पाते, अच्छे-भले सम्पन्न एवं निष्कंटक जीवन का निर्वाह करने वाले लोगों के लिये मुक्त की सुविधाएं कैसे कल्याणकारी हो सकती है? पंजाब विधानसभा चुनावों में आम आदमी पार्टी ने महिलाओं को नगद राशि देने की घोषणा की थी, क्या हुआ उस योजना का? दिल्ली में 250 से अधिक इमामों को 17 महीने से अधिक समय से वेतन नहीं मिला है। मुफ्त बिजली एवं पानी देने की घोषणाएं भी ठण्डे बस्ते में चली गयी। ऐसी अनेक घोषणाएं हैं जो चुनावी मुद्दा तो बनती है, मतदाताओं को लुभाती है, लेकिन चुनाव जीतने के बाद धरती पर उतरती कभी नहीं। सभी राजनीतिक दलों की बड़ी लुभावनी घोषणाएं होती हैं, घोषणा पत्र होते हैं-जनता को पांच वर्षों में अमीर बना देंगे, हर हाथ को काम मिलेगा, सभी के लिए मकान होंगे, सड़कें, स्कूल-अस्पताल होंगे, बिजली और पानी, हर गांव तक बिजली पहुंचाई जायेगी, शिक्षा-चिकित्सा निःशुल्क होगी। ये राजनीतिक घोषणाएं पांच साल में अधूरी ही रहती है, फिर चुनाव की आहट के साथ रेवडियां बांटने का प्रयत्न किया जाता है, कितने ही पंचवर्षीय चुनाव हो गये और कितनी ही पंचवर्षीय योजनाएं पूरी हो गईं पर यह दुनिया का आठवां आश्चर्य है कि कोई भी लक्ष्य अपनी समग्रता के साथ प्राप्त नहीं हुआ। खुशहाल देश और समाज वही माना जाता है, जहां लोग निजी उद्यम से अपने गुजर-बसर संबंधी सुविधाएं जुटाते हैं। खैरात पर जीने वाला समाज विपन्न ही माना जाता है। लोग भी यही चाहते हैं कि उन्हें कुछ करने को काम मिले। इसी से उन्हें संतोष मिलता है। मगर हकीकत यह है कि देश में नौकरियों की जगहें और रोजगार के नए अवसर लगातार कम होते गए हैं। सरकारों की तरफ से ऐसे अवसरों को बढ़ाने के व्यावहारिक प्रयास न होने की वजह देश एवं प्रांत समग्र एवं चहुंमुखी विकास की ओर अग्रसर नहीं हो पाते हैं। सरकारें अपनी इस नाकामी एवं कमजोरी पर पर्दा डालने के लिए मुफ्त सहायता देने की परंपरा विकसित कर ली है। चाहे वह मुफ्त राशन हो, बेरोजगारी भत्ता हो या फिर महिलाओं को वजीफा हो, मुक्त बिजली-पानी हो, मुफ्त चिकित्सा हो, मुफ्त यात्रा हो, पुजारियों, मौलवियों एवं ग्रंथियों को मुफ्त वेतन हो- इस मामले में किसी भी राजनीतिक दल की सरकार पीछे नहीं है। अब तो इस मामले में जैसे एक-दूसरे को पछाड़ने की होड़-सी नजर आने लगी है। सवाल है कि सरकारें इस पहलू पर कब विचार करेंगी कि हर हाथ को काम मिले, रोजगार बढ़े, स्वरोजगार की स्थितियां बने। इस तरह देश साधन-सम्पन्न लोगों में मुफ्तखोरी की आदत डालना सही नहीं है। मुफ्तखोरी की राजनीतिक से लोकतंत्र को खतरा हो सकता है और इससे देश का आर्थिक बजट लडखड़ाने का भी खतरा है। **-ललित गर्ग**

# विश्व बंधुत्व की भावना से ही बनेगा वैश्विक परिवार

**रमेश सर्राफ धमोरा**

महात्मा गांधी के पसंदीदा भजन- वैष्णव जन तो तेने कहिये जे पीड़ परायी जाणे रे अर्थात दूसरों की पीड़ा समझने वाला ईश्वर के समान होता है- इसे भारत सही अर्थों में चरितार्थ कर रहा है। भारत हमेशा से विश्व बंधुत्व की भावना के सिद्धांत को अपनाकर उसी मार्ग पर चलाता आ रहा है। भारत दुनिया का एकमात्र ऐसा देश है जो हमेशा से सभी को साथ लेकर चलने का प्रयास करता रहा है। दुनिया के किसी भी देश में कैसा भी संकट आया हो भारत उसके साथ कंधे से कंधा मिलाकर खड़ा नजर आता है। इसी को कहते हैं विश्व बंधुत्व की भावना। वैश्विक परिवार दिवस यदि दुनिया का कोई देश सही मायने में मनाता है तो वह भारत ही हैं। भारत में आज भी अतिथि देवो भव की भावना जिंदा है। यहां के लोग स्वयं भूखे रहकर अतिथियों को भोजन करवाना अपना परम धर्म समझते रहे हैं। वैश्विक परिवार का अर्थ है वसुधैव कुटुम्बकम इसका मूल सिद्धांत यह है कि संपूर्ण मानवता एक परिवार है। इस विचारधारा के अनुसार, प्रत्येक व्यक्ति चाहे वह किसी भी राष्ट्र, जाति, या धर्म से हो, एक ही व्यापक परिवार का हिस्सा है। इस सिद्धांत के अनुसार, विश्व में सभी का समान महत्व है और हर किसी को समान सम्मान मिलना चाहिए। दुनिया भर में लोग नए साल की पहली सुबह का आनंद उठाते हैं। लोग अपने दोस्तों, परिवार और करीबी लोगों के इस खास दिन का जश्न मनाते हैं। नए साल के साथ ही साल के पहले दिन यानी एक जनवरी को वैश्विक परिवार दिवस भी मनाया जाता है। हर साल एक जनवरी को मनाए जाने वाले इस दिवस के जरिए परिवारों के माध्यम से राष्ट्रों और संस्कृतियों में एकता, समुदाय और भाईचारे की भावना पैदा करता है। दुनिया में शांति बनाए रखने के लिए जरूरी है कि एक परिवार का निर्माण हो। ताकि विश्व में शांति की स्थापना होने के साथ ही हिंसा भी कम की जा सकें। जब पूरी दुनिया नए साल का जश्न मनाती है। उसी दिन पूरे विश्व में वैश्विक परिवार दिवस मनाया जाता है। ताकि विश्व में रहने वाले सभी लोग एक परिवार की तरह रहें। इस तरह विश्व के सभी राष्ट्रों और समुदाय में भाईचारे की भावना पैदा हो सके। वैश्विक परिवार दिवस जिसे विश्व शांति दिवस के रूप में भी जाना जाता है। दुनिया में सद्भाव और एकता की अवधारणा को बढ़ावा देने के लिए हर साल मनाया जाता है। यह दुनिया के एक वैश्विक गांव के विचार पर जोर देता है। जिसमें नागरिकता, सीमा या नस्ल की परवाह किए बिना हम सभी एक परिवार हैं। एक खुशहाल परिवार वह परिवार नहीं है जिसमें हर कोई एक दूसरे के जैसा सोचता, काम करता, महसूस करता या व्यवहार करता हो। एक खुशहाल परिवार की एक पहचान यह है कि पूरा परिवार एक दूसरे को वैसे ही स्वीकार करता हैं। यह दिन पूरे विश्व को एक परिवार मानता है। वैश्विक परिवार दिवस को शांति और साझाकरण के वैश्विक दिवस के रूप में मनाया जाता है। इस दिन का उद्देश्य बहुसंस्कृतिवाद, बहुलवाद को बढ़ावा देना और शांति और सद्भाव के साथ एक-दूसरे के साथ रहना सिखाना है। यह दिन विश्व के एक वैश्विक परिवार होने के विचार को बढ़ावा देता है। इसका उद्देश्य एकजुट होना और इस विचार को बढ़ावा देकर शांति का संदेश फैलाना है कि पृथ्वी एक वैश्विक परिवार है। ताकि दुनिया को सभी के लिए रहने के लिए एक बेहतर जगह बनाया जा सके। वैश्विक परिवार दिवस की उत्पत्ति दो पुस्तकों में हुई थी। पहली 1996 में अमेरिकी लेखकों स्टीव डायमंड और रॉबर्ट एलन सिल्वरस्टीन द्वारा लिखित वन डे इन पीस 1 जनवरी 2000 नामक बच्चों की किताब थी। वहीं दूसरी किताब अमेरिकी शांति कार्यकर्ता और लेखक लिंडा ग्रोवर का 1998 का यूटोपियन उपन्यास ट्री आइलैंडरू ए नॉवेल फॉर द न्यू मिलेनियम थी। विशेष रूप से ग्रोवर ने 1 जनवरी को शांति के वैश्विक दिवस के रूप में स्थापित करने काफी अहम भूमिका निभाई थी। इन किताबों के विचारों के आधार पर ही 1997 में संयुक्त राष्ट्र महासभा ने 1 जनवरी को शांति का एक दिन मनाने की घोषणा की। बाद में 1999 में संयुक्त राष्ट्र और इसके सदस्य देशों ने पहली बार वैश्विक परिवार दिवस मनाया गया। इस दिवस की सफलता को देखते हुए साल 2001 में संयुक्त राष्ट्र महासभा ने इस दिन को एक वार्षिक कार्यक्रम के रूप में स्थापित किया। इसके बाद से हर साल एक जनवरी को वैश्विक परिवार दिवस के रूप में मनाया जाने लगा। नए साल की शुरुआत के साथ ही इस दिन को मनाने का मकसद एक ऐसे समाज की स्थापना करने का प्रयास है जहां सिर्फ शांति हो।

## सेहत मंत्र

# नीले नाखून हो सकते हैं किसी गंभीर समस्या का संकेत


अक्सर हम यह देखते हैं कि हमारे नाखून का रंग बदलता रहता है। बदलते मौसम के चलते कई बार ऐसा होना सामान्य होता है। लेकिन कई बार नाखूनों के रंग में परिवर्तन किसी बीमारी का संकेत हो सकता है। हमारे शरीर में मौजूद ऐसे कई रोग भी होते हैं जिनके कारण हमारे नाखून बैंगनी-नीले हो जाते हैं। ऐसे में इन बीमारियों के और बारे में जानना बहुत जरूरी हो जाता है। जिससे समय रहता बीमारी का पता लगाया जा सके और अपने शरीर को स्वस्थ रखा जा सके। नीले नाखून आपके शरीर में मौजूद लाल रक्त कोशिकाओं में ऑक्सीजन का स्तर कम या ऑक्सीजन के कमी के कारण होती है। इस स्थिति को सायनोसिस नाम से भी जाना जाता है। यह समस्या तब होती है जब आपके रक्त में पर्याप्त मात्रा में ऑक्सीजन नहीं होती है। जिसके कारण हमारे नाखूनों के नीचे मौजूद त्वचा बैंगीनी-नूीली पड़ जाती है। त्वचा की रंगत का बदलना खून के उच्च स्तर के असामान्य होने के रूप को दर्शाता है जो आपके पूरे शरीर में लगातार फैलता रहता है। हीमोग्लोबिन एक प्रोटीन है जो आपके रक्त में ऑक्सीजन के परिवहन के लिए जिम्मेदार है। ठंडे तापमान के कारण भी आपके नाखून नीले पड़ सकते हैं। ऐसा इसलिए होता है क्योंकि ठंडे तापमान की वजह से आपकी रक्त वाहिकाएं सिकुड़ने या छोटी होने लगती हैं। ऐसी स्थिति में आपके नाखूनों में ऑक्सीजन से भरपूर रक्त को पर्याप्त मात्रा में पहुंचा पाना मुश्किल हो जाता है। कई बार नाखूनों का सामान्य रंग गर्म तापमान में रहने या हाथों की मालिश करने पर बदलना शुरू हो जाता है ऐसा ठन्डे तापमान के कारण होता है। जिससे आपके शरीर के उस हिस्से में पर्याप्त मात्रा में रक्त की आपूर्ति नहीं हो पाती और त्वचा पर नीले रंग वापस आ जाता है। ठंडे तापमान के कारण उंगलियों का नीला पड़ना शरीर की एक सामान्य प्रतिक्रिया होती है। जिससे शरीर के आंतरिक अंगों के तापमान को बनाए रखा जा सके। हालांकि, अगर नाखूनों की नीली रहने की समस्या लगातार बनी रहती है तो यह कोई रोग या इसका कोई अन्य कारण भी हो सकता है जो ऑक्सीजनयुक्त लाल रक्त को पूरे शरीर में फैलने से रोकता है।

## धर्म मंत्र

# एमपी में मौजूद है मां लक्ष्मी की प्रतिमा, दिन में 3 बार बदलती है रंग

हमारे देश में धन की देवी माँ लक्ष्मी के कुछ ही मंदिर हैं लेकिन जो भी मंदिर हैं वह अपने आप में एक अद्भुत चमत्कार को समेटे हुए हैं। आज हम आपको मध्य प्रदेश के जबलपुर में स्थित पचमठा मंदिर के बारे में बताने जा रहे हैं। यहां पर माँ लक्ष्मी की एक प्राचीन प्रतिमा स्थापित हैं जो दिन में तीन बार रंग बदलती हैं। इस मंदिर के बारे में कई विचित्र कथाएं भी प्रचलित हैं। इस मंदिर का निर्माण लगभग 1100 वर्ष पहले हुआ था। एक समय यह मंदिर तंत्र साधना का एक विख्यात केंद्र भी रहा हैं। लोगो का मानना हैं कि यहाँ विराजित माँ लक्ष्मी की प्रतिमा के दर्शन मात्र से ही कई इच्छाएं पूरी हो जाती हैं। पचमठा मंदिर कई मायनों में अहम माना गया हैं। यहाँ विराजित माँ लक्ष्मी की प्रतिमा वर्षो पुरानी हैं। इस मंदिर का निर्माण रानी दुर्गावती के विशेष सेवापति रहें दीवान अधार सिंह के नाम पर बने अधारताल तलाब में गोंडवाना शासन द्वारा करवाया गया था। बताया जाता हैं कि इस मंदिर में विराजित माँ लक्ष्मी की प्रतिमा काफी प्राचीन हैं जो दिन में तीन बार रंग बदलती हैं। प्रातः काल में सफ़ेद, दोपहर में पीली और शाम को यह प्रतिमा नीली हो जाती हैं। पचमठा मंदिर को लेकर काफी कथाएं भी प्रचलित हैं। इस मंदिर का निर्माण 1100 वर्ष पहले करवाया गया था। यह मंदिर एक अनूठी सरंचना के तहत बना हैं। मंदिर के अंदरूनी भाग में लगे श्रीयंत्र की काफी चर्चा होती हैं। मंदिर की खास बात यह हैं कि इस मंदिर की संरचना इस प्रकार हैं कि आज भी सूर्य की पहली किरण माँ लक्ष्मी की प्रतिमा के चरणों में पड़ती हैं।

## पर्यटन



# सैलानियों को अपनी ओर आकर्षित करता है चाय के बागानों का शहर मुन्नार

भगवान का अपना देश कहे जाने वाले केरल की खूबसूरती इस दुनिया में सबसे निराली है। यहाँ का प्रसिद्ध हिल स्टेशन मुन्नार देशी ही नहीं विदेशी सैलानियों को भी अपनी ओर आकर्षित करता है। यह सही है कि कश्मीर की खूबसूरती की चर्चा दुनिया भर में होती है लेकिन अगर आप एक बार यहाँ आएंगे तो कहेंगे कि यह जगह कश्मीर से बढ़कर नहीं तो उससे कम भी नहीं है। यहाँ की एक और खासियत यह है कि आप भले यहाँ तीन या चार दिन का कार्यक्रम बना कर आये हों लेकिन यहाँ से जाने का मन नहीं करता और अकसर पर्यटक अपना स्टे यहाँ बढ़ा लेते हैं। समुद्रतल से 1,700 मीटर ऊँचाई पर स्थित मुन्नार का दक्षिणी?पश्चिमी मैदानी इलाका तरंगों जैसा लगता है। मुन्नार को चाय के बागानों का शहर भी कहा जाता है। यहां आपको बड़ी संख्या में चाय के बागान देखने को मिलेंगे। मुन्नार की देखने लायक जगहों की बात करें तो इनमें- राजमाला, चितीरापुरम और इकोपाइंट प्रमुख हैं। मट्टुपेटी बांध भी पर्यटकों के लिए विशेष आकर्षण का केंद्र है। मुन्नार की असली सुंदरता पोतैमेदु में है, जो एक महत्वपूर्ण बागान है। यहाँ की झीलें और घने जंगल यहां की खूबसूरती में तो चार चांद लगाते ही हैं साथ ही आपका मन मोहने की क्षमता भी रखते हैं। मुन्नार पहाड़ों से तीन तरफ यानी मुद्रापजा, नल्लतनी और कंडाला से घिरा है। किसी समय मुन्नार ब्रिटिश सरकार का दक्षिणी भारत का गर्मियों का रिजॉर्ट हुआ करता था। मुन्नार के पास ही स्थित है चाय का संग्रहालय जोकि टाटा टी संग्रहालय के नाम से मशहूर है यहां आपको कई दुर्लभ कलाकृतियां, चित्र और मशीनें देखने को मिलेंगी जो चाय के बागानों की उत्पत्ति और विकास के बारे में बताती हैं। कई प्रकार की चाय पत्तियां भी यहां मौजूद हैं जिन्हें चाहे तो खरीद भी सकते हैं। वैसे तो मुन्नार के आसपास कई झरने हैं लेकिन अधिकतर पर्यटक पल्लिवासल और चिन्नाकनाल को देखना पसंद करते हैं। पल्लिवासल पावर हाऊस वाटरफाल्स के नाम से भी प्रसिद्ध है।

# बैंक ऑफ़ इंडिया से कैशियर हुए सेवानिवृत्ति, दी गई भावभीनी विदाई

कैनविज टाइम्स संवाददाता



सुबेहा बाराबंकी : सुबेहा शाखा के बैंक ऑफ़ इंडिया के वरिष्ठ कैशियर शिवकुमार दीक्षित मंगलवार को सेवा निवृत्त हो गए शाम उन्हें भावभीनी विदाई दी गई जिसमें सभी कर्मचारियों ने शिवकुमार दीक्षित जी के विदाई सम्मान समारोह का आयोजन किया। सर्वप्रथम श्री दीक्षित को सभी कर्मचारियों द्वारा माल्यार्पण कर उपहार प्रदान किया बैंक के शाखा प्रबंधक ने अपने संबोधन ने कहा दीक्षित जी आप हमारी संस्था के हिस्सा रहे हैं आपके साथ काम करने का हम सभी कर्मचारियों को मौका मिला आपके साथ बिताए हुए पलों को हम सभी याद करेंगे आपने इतने बढ़िया तरीके से अपने दायित्व का निर्वहन किया क्षेत्र को लोगों का आपके प्रति जुड़ाव बताता है कि आपकी कार्य के प्रति सच्ची निष्ठा रही है हमारी यात्रा का हिस्सा बनने के लिए आपका धन्यवाद अपने अपने कड़ी मेहनत और समर्पण से हम सभी के लिए उच्च मानक स्थापित किया है आप अपने जीवन के इस नए अध्याय का आनंद लें हम सभी कर्मचारी बहुत उत्साहित हैं आपकी सेवानिवृत्ति पर बधाई और शानदार भविष्य के लिए शुभकामनाएं आपकी सेवा निवृत्ति हम सभी के लिए एक क्षति है जिसकी पूर्ति कर पाना संभव नहीं है आपका व्यक्तित्व बहुत ही अच्छा रहा है आपने कभी किसी कार्य को ना नहीं किया आप पूरी मेहनत और लगन से अपने कार्य में लग रहे और संस्था के द्वारा जो भी कार्य मिला सफलतापूर्वक उसे कार्य को पूर्ण करने का कार्य किया आपके सुखद और पूर्ण सेवानिवृत्ति के लिए शुभकामनाएं आपके पेसे में आपका योगदान बहुत अधिक रहा है आपको याद किया जाएगा शिवकुमार दीक्षित ने सभी कर्मचारियों का आभार व्यक्त किया उन्होंने बताया कि बैंक आफ इंडिया संस्था में 41 वर्ष कार्य करने का मौका मिला अपने सेवाकाल के दौरान मुझे बहुत सी नई चीजें सीखने को मिली संस्था ने बहुत कुछ दिया और हमारे क्षेत्र के लोगों का बहुत सहयोग रहा सेवानिवृत्ति एक खाली कागज है यह हमारे जीवन को नया और अलग बनाने का मौका है रिटायरमेंट अंत नहीं है बल्कि एक नई शुरुआत है इस नए अध्याय को उसी उत्साह के साथ बिताएंगे जिस उत्साह के साथ इतने वर्षों तक संस्था का काम करते आए रहे हैं और बैंक के स्टाफ ने कहा हमने एक साथ बहुत सारी यादें और उपलब्धियां साझा की हैं जब आप सेवा निवृत हो रहे हैं तो जान ले हमारे दिलों में आपके लिए हमेशा एक विशेष स्थान रहेगा यह आपके लिए उन सभी शोकों को पूरा करने का समय है जिन्हें अपने रोक रखा है अपनी सेवा निवृत्ति के हर पल का आनंद ले आपका कैरियर सफलता और नेतृत्व के एक उल्लेखनीय यात्रा रही है आपकी सेवानिवृत्ति पर बधाई आपका नेतृत्व ज्ञान और मार्गदर्शन हम सभी के लिए अमूल रहा हम आपको एक आरामदायक और आनंद में सेवानिवृत्ति के लिए कामना करते हैं आपकी सभी पसंदीदा चीज हो आपको बहुत-बहुत शुभकामनाएं दीक्षित के परिवार के लोग भी उनके विदाई समारोह में पहुंचे इतना इसने और प्रेम देखकर परिवार के लोग भावुक हो गए विदाई समारोह कार्यक्रम में शिवकुमार दीक्षित की पत्नी शकुंतला दीक्षित और उनके पुत्र आशीष दीक्षित प्रशांत दीक्षित शशांक दीक्षित एवं बैंक ऑफ़ इंडिया के स्टाफ शाखा प्रबंधक सतीश कुमार एवं स्टाफ कर्मी तरुण सिंह महेंद्र सिंह सौरभ सिंह आनंद कुमार रामसेवक रामदेव विशाल शान मोहम्मद जियाउर रहमान अयाज बलकरण राजू एम हैदरगढ़ बैंक ऑफ़ इंडिया शाखा से स्टाफ कर्मी अरुण कुमार शुक्ला विदाई समारोह में कार्यक्रम में सम्मिलित रहे।

**दीक्षित सदैव बैंक परिवार का हिस्सा रहेंगे : प्रबंधक**

# भगवत दास कुटी में, सुंदरकांड पाठ भजन संध्या



कैनविज टाइम्स संवाददाता

मसौली बाराबंकी। बाबा रामशरण दास भागवत दास कुटी हनुमान मंदिर मसौली स्प्रथानत्येक मंगलवार की भांति इस मंगलवार भी सुंदर काण्ड व भजन संध्या का आयोजन किया गया जिसमें बाबा रामलाल दास ने गणेश वंदना के साथ भजन संध्या का शुभारंभ किया उसके तत्पश्चा सुंदरकांड का पाठ किया गया। मंदिर के पुजारी बाबा रामलाल दास ने गणेश वंदना तुम्हें मानाऊ भोग लागाऊ हे गणपति महाराज मेरे पुरन कारियों काज। भजन -कलियुग में सिद्ध हो देवा तुम्हीं् हनुमान तुम्हारा क्या कहना। लगन तुमने लगा ली है जो होगा देखा जायेगा भजन संध्या में'' गाया। सुंदरकांड के बाद उपस्थित भक्तों ने सुंदर-सुंदर भजन गाए। ऊं नाग ने गाया बड़ा नीक लागे राम जी का गंऊंवा।जो करूणा कर तुम्हारा ब्रज में फिर अवतार हो जाये। शिवा नाग ने आ लौट के आजा हनुमान तुझे श्री राम बुलाते हैं। ?अर्जुन वर्मा ने गाया जैसै पवन झखोरे खायें ्चूनरिया लहर लहर लहराये। जिसके बाद भगवान की आरती हुई फिर प्रसाद वितरण किया गया।इस मौके पर राजीव सोनी, बबली,चंद्रपाल यादव,शिवा नाग मोहित वर्मा अशोक। काश्यप आदि भक्त मौजूद रहे।

## नगर पंचायत कार्यालय पर बनेंगे आधार, डीएम ने दिए निर्देश

बाराबंकी : नगर निकाय के विकास कार्यों को लेकर हुई समीक्षा बैठक में जिलाधिकारी सत्येंद्र कुमार ने जनपद के सभी नगर पंचायत एवं नगर पालिका कार्यालय में आधार कार्ड केंद्र खोलने के निर्देश दिए है इसके लिए नगर पंचायत अध्यक्ष एवं ईओ से आधार कार्ड केंद्र हेतु एक कमरा एवं समूचा सेटअप तैयार कराने को कहा। जानकारी के अनुसार समीक्षा बैठक में अध्यक्ष नगर पंचायत हैदरगढ़ आलोक तिवारी द्वारा आधार कार्ड के लिए लोगो को हो रही समस्या एवं केंद्रों द्वारा अवैध वसूली को लेकर जिलाधिकारी को अवगत कराया आलोक के सुझाव पर डीएम द्वारा जनपद की सभी नगर पंचायतों में आधार कार्ड केंद्र बनाए जाने के निर्देश दिए जिसके बाद अब लोगो के आधार कार्ड मात्र सरकारी फीस पर ही बनेंगे और इसके अवैध कारोबार पर अंकुश लगेगी। जानकारी के अनुसार जनपद भर में आधार कार्ड बनाने की आईडी बहुत कम थी जिसके चलते संशोधन से लेकर नवीन आधार बनाने तक अवैध धन उगाही के साथ साथ लोगों को समस्याओं का सामना करना पड़ता था जिसको लेकर चेयरमैन आलोक तिवारी ने पहले भी डीएम को इस संदर्भ में अवगत कराया था उसके बाद समीक्षा बैठक में एक बार फिर उनका ध्यान इस तरफ केंद्रित किया जिस पर डीएम द्वारा तत्काल जनपद की नगर पालिका समेत समस्त नगर पंचायतों में आधार कार्ड केंद्र खोलने के निर्देश दिए।

# डीएम एसपी ने जेल का किया निरीक्षण



कैनविज टाइम्स संवाददाता

बाराबंकी। जिलाधिकारी सत्येंद्र कुमार व पुलिस अधीक्षक दिनेश कुमार सिंह द्वारा संयुक्त रूप से पुलिस बल के साथ जिला कारागार बाराबंकी का औचक निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान बैरकों, मेस, जेल परिसर में लगे सीसीटीवी कैमरे,वीडियो कान्फ्रेंसिंग रूम आदि की सघन चेकिंग की गई। तदोपरांत कैदियों की समस्याओं सुविधाओं के सम्बन्ध में सम्बन्धित से जानकारी ली गई तथा साफ-सफाई आदि के सम्बन्ध में कारागार कर्मियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गये तथा जिला कारागार निरीक्षण के दौरान बन्दियों से मिलने वाले व्यक्तियों के सम्बन्ध मे जानकारी की गई। जिलाधिकारी बाराबंकी द्वारा निरीक्षण कर सुधारात्मक सुझाव व आवश्यक दिशा निर्देश दिये गये।

# भगवान वराह के अवतार की धरती है बाराबंकी : अतुल कृष्ण भारद्वाज

कैनविज टाइम्स संवाददाता

बाराबंकी। आवास विकास कालोनी स्थित स्वामी चेतना नंद के आश्रम में श्रीराम कथा वाचक मानस मर्मज्ञ अतुल कृष्ण भारद्वाज ने जिले के नामकरण व यहां की धरती की महत्ता पत्रकारों को बताई। उन्होंने कहा कि दैत्य हिरण्याक्ष ने पृथ्वी को गहरे पानी में छिपा दिया था। भगवान विष्णु ने ब्रह्मा की नाक से वराह अवतार लेकर दैत्य हिरण्याक्ष का वध कर धरती को सतह प्रदान की। चारों ओर पानी ही पानी था, इसलिए जिस स्थान पर पृथ्वी को लेकर भगवान वराह पानी से बाहर आए उस क्षेत्र का वराह क्षेत्र व पानी वाले स्थान को घाघरा नदी का नाम दिया गया। घाघरा नदी जब वेग के साथ बहती है तब घुर्र-घुर्र की आवाज आती है। वराह (सूकर) भी घुर्र-घुर्र की आवाज करता है। उत्तराखंड के बागेश्वर से शारदा नदी निकलती है, जो पीलीभीत व लखीमपुर के बाद घाघरा के नाम से जानी जाती है। इस तरह धरती जब दोबारा भगवान वराह के द्वारा सतह पर लाई गई तो उसका पहला अंश बाराबंकी हुआ। मनु व



सतरूपा को सृष्टि संचालन का माध्यम माना गया है। मनु ने अपनी राजधानी अयोध्या को बनाया। मनु ने वृद्धावस्था में नैमिषारण्य में तप किया।

नगर में ! वराही देवी मंदिर

महाराज जी ने नगर के मुहल्ला गुलरिया गार्दा में प्राचीन बड़ी देवी मंदिर के वराही देवी मंदिर होने की बात कही। सूकर को गुलर बहुत पसंद होती है। गुलरिया गार्दा में पहले गूलर के बहुत पेड़ हुआ करते थे। नगर का एक हिस्सा बड़ेल है, सूकर को बड़ भी कहते हैं, इसलिए सूकर की अधिकता यहां होने के कारण सूकर क्षेत्र को बड़ेल के नाम से जाना गया। भारद्वाज ने घाघरा (सरयू) व गोमती नदी को सृष्टि के उत्पत्ति काल करीब दो सौ करोड़ साल से होना बताया। कहा कि गंगा जी बाद में धरती पर भागीरथ के तप स्वरूप आईं। उन्होंने बताया कि बाराबंकी में सप्तऋषि आश्रम अब भी सतरिख में हैं। भगवान वराह का अवतार हुआ तो देवी-देवताओं के साथ सप्तऋषि भी यहां आए। भगवान श्रीराम ने भी यहां सप्तऋषि के गुरुकुल में शिक्षा ग्रहण की। अतुल कृष्ण भारद्वाज ने बताया कि वराह अवतार बाराबंकी में हुआ, इसके कई प्रमाणिक तथ्य हैं। अमृतलाल नागर ने गोस्वामी तुलसीदास के जीवन पर आधारित उपन्यास मानस का हंस में भी इस बात का जिक्र किया है। इसके अलावा इतिहास व शास्त्रों में कई स्थानों पर अवध व बाराबंकी क्षेत्र की स्थिति का हवाला मिलता है।

**ब्रह्मा की नाक से विष्णु ने लिया वराह अवतार**

**दैत्य हिरण्याक्ष का वध कर पृथ्वी को कराया मुक्त**

**पृथ्वी का पहला अंश है बाराबंकी की धरती**

ईश्वर तय करते हैं कर्म क्षेत्र :

अतुल कृष्ण भारद्वाज ने पत्रकारों के सवालों का जवाब देते हुए कहा कि जीवन में किसको क्या करना है, उसका कर्मक्षेत्र ईश्वर तय करते हैं। जेएनयू का छात्रा रहा। विज्ञान की पढ़ाई की। यूपीएससी की तैयारी के दौरान देश का इतिहास पढ़ने का मौका मिला। पत्रकारिता में पीजी भी किया। फिर भी धार्मिक क्षेत्र में सनातन धर्म व संस्कृति की सेवा में लगे हैं।

हिमालय से सिंधु तक रहने वाले हिंदू :

भारद्वाज ने कहा कि हिंदू का तात्पर्य हिमालय से सिंधु के मध्य रहने वाले लोगों से है, जिन्हें हिंदू का कहा गया।

# प्रधानमंत्री आवास योजना, प्रचार प्रसार टीम रवाना, बीडीओ ने दिखाया हरी झंडी

कैनविज टाइम्स संवाददाता

मसौली बाराबंकी। प्रधानमंत्री आवास योजना अंतर्गत आवास विहीन परिवारों के सर्वेक्षण हेतु प्रचार प्रसार के लिए सर्वेयरों को ब्लॉक प्रमुख रईस आलम व खण्ड विकास अधिकारी संदीप कुमार श्रीवास्तव ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया।प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण अंतर्गत आवास प्लस सूची में पात्र लाभार्थियों का नाम जोड़ने के लिए आवास प्लस सर्वेक्षण 2024 के प्रचार प्रसार के सम्बंध में मंगलवार को स्थानीय ब्लॉक सभागार में सर्वेयरों की बैठक आहूत की गई। बैठक में खण्ड विकास अधिकारी संदीप कुमार श्रीवास्तव ने कहा कि ग्रामीण क्षेत्रों के लिए सभी लेबर एवं आवासविहीन परिवारों को पक्की छत उपलब्ध उपलब्ध कराने जाने का कार्य किया जाना है। प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण का लाभ प्राप्त करने के लिए आवश्यक है कि पात्र परिवार का नाम सर्वेक्षण के पश्चात तैयार की जाने वाली स्थायी पात्रता सूची में सम्मिलित हो।सर्वेक्षण कार्य में पारदर्शिता लाने के लिए ग्राम पंचायतों में मुनादी, ई रिक्शा पर लाउडस्पीकर लगाकर एवं समूह की महिलाओं की मदद लेकर जानकारी दी जाए। किसी भी अपात्र व्यक्ति का सूची में न दर्ज किया जाए। बीडीओ श्री श्रीवास्तव ने यह भी जानकारी दी कि पात्र लाभार्थियों की अंतिम सूची प्रकाशन 31 मार्च 2025 को किया जाएगा। तत्पश्चात ब्लॉक प्रमुख एवं बीडीओ ने संयुक रूप से सभी सर्वेयरों को सर्वे हेतु प्रेरित कर हरी झंडी दिखाकर रवाना किया।इस मौके पर सहायक विकास अधिकारी पंचायत जानकी राम,एडीओ कॉपरेटिव खुशबू राय, अनिल दुबे, सचिव अकिब जमाल, संजीव सिंह, सौम्या सिंह, वंदन पाल, प्रिया सिंह, उत्तम वर्मा, महेश सिंह, जैसराम, अजय कुमार वर्मा, प्रताप नारायण, सुधाकर, कमल किशोर सहित समस्त पंचायत सचिव मौजूद रहे।

# स्वास्थ्य विभाग का स्वास्थ्य मेला आयोजन

कैनविज टाइम्स संवाददाता

सिरौलीगौसपुर बाराबंकी। प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र सैदनपुर में वात्सल्य संस्था व सिरौली गौसपुर स्वास्थ्य विभाग के द्वारा स्वास्थ्य मेला का आयोजन किया गया सीएचसी सिरौलीगौसपुर के अधीक्षक डॉक्टर संतोष सिंह सीडीपीओ अर्चना वर्मा, वत्सल संस्था की नीलिमा गुप्ता ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर स्वास्थ्य मेले का शुभारंभ किया।

स्वास्थ्य मेला में डॉक्टर आरिफ के नेतृत्व में दवाइयों एवं जांच के काउंटर लगाए गए। जिसमें मरीज को दवाइयों के साथ ही उनकी जांच की गई तथा किशोरियों को स्वास्थ्य एवं स्वच्छता से संबंधित जानकारी दी गई। वत्सल संस्था के द्वारा 12 ग्राम पंचायत में स्वास्थ्य से सम्बंधित आयोजन किये जा रहा है। जिसमें बालिकाओं को संक्रामक रोग से बचने के उपाय तथा स्वास्थ्य के बारे में जानकारियां दी गई। स्वास्थ्य मेले में जांच भी की गई जैसे टीबी और अन्य बीमारियों से बचने के उपाय भी बताए



**सहयोगी वत्सल संस्था की सराहना**

गए। मेले में ग्राम प्रधान मसूद रियाज सहित तमाम लोग मौजूद रहे। इस अवसर पर सीएचसी अधीक्षक डॉक्टर संतोष सिंह ने किशोरियों को संबोधित करते हुए कहा कि स्वस्थ रहने के लिए सबसे ज्यादा स्वच्छता की जरूरत है। जहां पर गंदगी होती है वहां बीमारियां अपना पैर जल्दी पसारना शुरू कर देती है।अपने आसपास साफ सफाई रखें और बदलते मौसम को ध्यान में रखते हुए खान-पान का ध्यान रखें तो बीमार होने की संभावना कम रहती है। उन्होंने कहा कि अगर शरीर में कोई समस्या हो तो नजदीकी प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र पर पहुंच कर जांच कराकर दवाई ले तो बीमारी जल्द ठीक हो जाती।

## दो मोटरसाइकिलों का भिड़ंत एक की दर्दनाक मौत

मसौली बाराबंकी कैनविज टाइम्स संवाददाता। थाना क्षेत्र के अंतर्गत हाइवे पर डूबकी मोड़ के निकट आमने सामने दो मोटरसाइकिलो के बींच हुई भिड़ंत मे सड़क पर गिर एक युवक को अज्ञात वाहन ने एक कुचल दिया जिसमें गम्भीर रूप से घायल को ऐम्बुलेंस से जिला अस्पताल ले गये। जहां चिकित्सक ने मृत घोषित कर दिया घायलों को सीएचसी बड़ागांव मे भर्ती कराया गया है। जिसमें एक को जिला अस्पताल रेफर किया गया है।मंगलवार को थाना क्षेत्र के ग्राम डूबकी निवासी 24 वर्षीय आशीष कुमार पुत्र राजाराम अपने साथी आलम पुत्र अल्ताफ के साथ बाइक से मसौली बाजार से घर लौट रहे थे डूबकी मोड़ पर घर जाने के लिए जैसे ही मुडे जनपद बहराईच के जरवल थाना क्षेत्र के ग्राम डम्मीपुरवा निवासी दीनानाथ जो अपनी पत्नी माधुरी के साथ बाईक से लखनऊ की ओर जा रहे थे। दोनों बाईकों के बीच टक्कर हो गई। बाइक पर सवार सड़क पर गिर पड़े।इसी बीच अज्ञ काफी तेज रफ्तार से आ रहे अज्ञात वाहन ने आशीष को कुचल दिया। जिसमें गम्भीर रूप से घायल आशीष को पुलिस ने ऐम्बुलेंस से जिला अस्पताल ले गई। जहां चिकित्सक ने मृतक घोषित कर दिया। आलम और माधुरी को सीएचसी बड़ागांव में भर्ती कराया गया। जहां आलम के पैर में फ़्रेचर होने के कारण जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया। पुलिस भागने वाले वाहन की तलाश में लगीहै।

## कार पिकअप में भिड़ंत तीन जख्मी

निंदूरा बाराबंकी कैनविज टाइम्स संवाददाता। लखनऊ -महमूदाबाद मार्ग पर इनैतापुर गांव के निकट कार व पिकप वाहन की आमने-सामने भिड़ंत हो गई।हादसे में कार सवार सीतापुर निवासी तीन लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। घायलों इलाज के लिए निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया। सीतापुर जनपद के शेरपुर निवासी रजत वर्मा मंगलवार को लखनऊ से अपने घर लौट रहे थे।कार में उनके साथ दीपक व अंचल भी मौजूद थे। लखनऊ -महमूदाबाद मार्ग पर ग्राम इनैतापुर गांव के निकट सामने से आ रही एक तेज रफ्तार पिकप वाहन से आमने-सामने जोरदार टक्कर हो गई।हादसे में कार सवार तीनों लोग गंभीर रुप से घायल हो। सूचना पर पहुंची पुलिस ने घायलों को इलाज के लिए निजी अस्पताल में भर्ती कराया।उधर घटना के बाद पिकप चालक वाहन छोड़ मौके से फरार हो गया। बड्डूपुर थानाध्यक्ष मनोज कुमार ने बताया कि पिकप व कार की आमने-सामने भिड़ंत हुई थी। जिसमें कार सवार लोगों को चोटें आई हैं। जिन्हें इलाज के लिए निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

## राम कथा ,छठा दिवस राम का? वन गबन ,राम केवट संवाद !कथा सुन भावुक हुए श्रोता

बाराबंकी कैनविज टाइम्स संवाददाता। जीआईसी ऑडिटोरियम में चल रही श्री राम कथा में सु प्रसिद्ध कथा व्यास अतुल कृष्ण भारद्वाज ने प्रभु श्री राम के बन गबन से लेकर,राम केवट संवाद की कथा का रसपान श्रद्धालुओं को कराया।

यही नहीं कथा व्यास जी ने भारत की एकता,अखंडता , शहीदों के त्याग बलिदान की गाथा सुनाई और राजगुरु ,भगत सिंह की फांसी का चित्रण भी कथा में वर्णित किया। राम बन गबन की कथा में व्यास जी ने कहा की राजा दशरथ किसी भी हालत में श्री राम को बन भेजना नहीं चाहते थे लेकिन उन्होंने अपनी पटरानी कैकेई की जिद पर श्री राम को 14वर्ष के लिए बन भेजने को हामी भरी।उन्होंने कहा कि कैकेई,क्रोध,लोभ,काम के हालात उत्पन्न कर दिए थे। उन्होंने मां कौशल्या के आदर्श चरित्र का बखान करते हुए कहा कि माता कौशल्या ने भी श्री राम को बन जाने की अनुमति दे दी लेकिन सीता को ,लखन लाल को जाने की अनुमति नहीं दी फिर भी सीता जी वा राम के आदर्श भ्राता लखन लाल की जिद के आगे एक भी नहीं चली।प्रभु श्री राम बन को निकले तो आगे जाकर पावन नदी गंगा की धारा देखते दंडवत प्रणाम किया।इस पर सीता जी ने प्रश्न किया कि प्रभु किसे दंडवत कर रहे तो राम जी ने सीता कोगंगा मां की महिमा बताई। नदी के घाट पर केवट से भेंट, तथा केवट राम संवाद की विस्तृत कथा का रसपान कथा व्यास श्री भारद्वाज जी ने भक्तो को कराया। इस अवसर पर श्री राम कथा संयोजक संतोष सिंह,जिला कार्यवाह सुधीर तिवारी,सुदीप जी अयोध्या महानगर प्रचारक,संतोष मिश्रा प्रिंसिपल,भाजपा जिला महामंत्री संदीप गुप्ता,पूर्व विधायक शरद , जगदीश गुप्ता,जिला बार एसो महामंत्री अशोक वर्मा,अधिवक्ता परिषद के अध्यक्ष कौशल किशोर त्रिपाठी,राजन सिंह,सचिन सिंह बिजयानंद बाजपेई,सुरेश गौतम ,राकेश तिवारी,प्रदीप बाजपेई,सहित हजारों कथा प्रेमी उपस्थित रहे।

# सर्वेक्षण प्रारम्भ ! प्रधान मंत्री आवास योजना ग्रामीण का सर्वे 31 मार्च तक

कैनविज टाइम्स संवाददाता

निंदूरा /बनीकोडर बाराबंकी। खंड विकास अधिकारी आलोक कुमार वर्मा ने ब्लॉक प्रांगण के जनलोक सभागार में ग्राम पंचायत सचिवों के साथ बैठक कर प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण आवास प्लस सर्वे 2024-25 के संबंध में आवश्यक मंत्रणा कर दिशा निर्देश दिए। बीडीओ श्री वर्मा ने बताया गया कि सर्वे कार्य आज से आगामी 31 मार्च 2025 तक चलेगा।बीडीओ ने सचिवों से कहा कि पूर्व में अगर किसी माध्यम जैसे आईजीआरएस से आवास को लेकर कोई शिकायत हुई थी और आपने उस व्यक्ति को आवास का पात्र पाया था तो सबसे पहले उन व्यक्तियों के नाम दर्ज कर एक बार पुनः देख ले कि वह अभी भी पात्र है या नहीं।यह ध्यान रखे कि विशेष परिस्थितियों को छोड़कर महिला मुखिया के नाम पर ही आवास रहेगा।ध्यान रखे कि परिवार का विवरण भरते समय आधार कार्ड के अनुसार ही विवरण भरकर रजिस्ट्रेशन करे।अगर किसी व्यक्ति के एक से अधिक बैंक खाते है तो उसका वह खाता लगाए जो अभी जल्द ही उसके द्वारा खुलवाया गया हो।व्यक्ति अपना सेल्फ सर्वे खुद भी मोबाइल से कर सकता है बस वह व्यक्ति एक मोबाइल से एक बार ही सर्वे कर सकेगा।जिसकी पात्रता और अपात्रता का सत्यापन बाद में होगा। सेल्फ सर्वे को लेकर जितना हो सके जिस माध्यम से हो सके गांव गांव में प्रचार प्रसार करें।

रजिस्टर बनाकर सर्वे करे क्योंकि कभी कभी व्यक्ति जिसके वहां आप सर्वे के लिए गए है घर पर नहीं होता है रजिस्टर बनाने से आपको याद रहेगा कि अभी किस व्यक्ति का सत्यापन हुआ है किसका नहीं। आप पुनः उससे मिलकर सर्वे कर सकेंगे।जीरो पावर्टी के पात्र अर्थात आवास विहीन व्यक्ति को जरूर शामिल कर ले।

**योजना का कौन होगा पात्र..?-**

ऐसा परिवार जो आवास विहीन है, एक या दो कमरों के कच्ची दीवार / कच्ची छत युक्त मकानों में रहने वाले परिवार हो, कच्चे आवास में निवास करने वाला परिवार कच्चे छत से आशय है कि छत का निर्माण घास, फूस, बैम्बू, प्लास्टिक, पॉलीथीन, तथा खपरैल और कच्ची दीवाल से आशय दीवार का निर्माण घास, फूस, बैम्बू, प्लास्टिक, पॉलीथीन, कच्ची ईंट, लकड़ी से निर्मित हो। आश्रयविहीन परिवार। बेसहारा/भीख मांग कर जीवनयापन करने वाले। हाथ से मैला ढोने वाला ,आदिम जनजातीय समूह, वैधानिक रूप से मुक्त कराए गए बंधुआ मजदूर।

**कौन नही होगा पात्र -**

वे परिवार जिनके पास मोटरयुक्त तिपहिया / चौपहिया वाहन हो। मशीनी तिपहिया / चौपहिया कृषि उपकरण हो।

पचास हजार अथवा इससे अधिक ऋण सीमा वाले किसान क्रेडिट कार्ड धारक हो।वे परिवार जिनका कोई सदस्य सरकारी कर्मचारी हो।सरकार के पास पंजीकृत गैर-कृषि उद्यम वाले परिवार।वे परिवार, जिनका कोई सदस्य पंद्रह हजार से अधिक प्रतिमाह कमा रहा हो।आयकर ,व्यवसाय कर देने वाला परिवार, वे परिवार, जिनके पास 2.5 एकड़ या इससे अधिक सिंचित भूमि हो और कम से कम एक सिचाई उपकरण हो। दो या इससे अधिक फसल वाले मौसम के लिए पांच एकड़ या इससे अधिक असिंचित भूमि हो।ऐसे लोग आवास पात्रता श्रेणी में नही होंगे। इस मौके पर एडीओ पंचायत अनिल कुमार सिंह,एडीओ समाज कल्याण संत कुमार वर्मा,ग्राम पंचायत सचिव उपस्थित रहे।बनीकोडर से सूरज सिंह प्रतिनिधि की रिपोर्ट मुताबिक मंगलवार को विकासखंड अधिकारी विनय कुमार मिश्रा ने सभागार कक्ष में प्रधान मंत्री आवास योजना ग्रामीण सर्वे 2024-25 के सभी सर्वेयर के साथ बैठक कर सर्वे के बारे में विस्तृत वार्ता की। ग्राम पंचायतों में सर्वेर को रवाना किया गया। श्री मिश्रा ने बताया कि सर्वे प्रारंभ हो गया है और 31 मार्च तक सर्वे जारी रहेगा।

## ओटीएस योजना के प्रथम चरण के अंतिम दिवस देवीगंज उपखंड कार्यालय में उपभोक्ताओं की रही भारी भीड़

रामसनेही घाट बाराबंकी। विद्युत विभाग द्वारा ग्ट्ठ योजना के प्रथम चरण का मंगलवार को अंतिम दिन होने के कारण पंजीकरण कराने की खातिर उपभोक्ताओं की भीड़ लगी रही।उपभोक्ताओं की सुविधा के लिए उपखंड कार्यालय पर इसके लिए विशेष काउंटर बनाया गया है।जनसेवा केंद्रों के माध्यम से भी उपभोक्ता रजिस्ट्रेशन करवा रहे हैं। सरकार द्वारा बिजली उपभोक्ताओं के हित में ग्ट्ठ (एकमुश्त समाधान योजना) शुरू की गई है।योजना के तीन चरण निर्धारित किए गए हैं।योजना का प्रथम चरण 15 दिसंबर से 31 दिसंबर , दूसरा चरण 1 जनवरी से 15 जनवरी और तीसरा चरण 16 से 31 जनवरी तक चलेगा।प्रथम चरण में पंजीकरण कराने पर उपभोक्ताओं को सरचार्ज में 100 प्रतिशत की छूट दी जा रही है।योजना के प्रथम चरण का आज अंतिम दिन है।प्रथम चरण का आखिरी दिन होने के कारण मंगलवार को सुबह से ही उपखंड कार्यालय देवीगंज में बने काउंटर पर अपना रजिस्ट्रेशन कराने की खातिर उपभोक्ता पहुंचने लगे थे।क्षेत्र में स्थित जनसेवा केंद्रों पर भी उपभोक्ता रजिस्ट्रेशन करवा रहे हैं।उपखंड अधिकारी देवीगंज शैलेन्द्र गुप्ता ने बताया कि योजना के प्रथम चरण में उपभोक्ताओं को सरचार्ज में 100 प्रतिशत की छूट दी जा रही है।





# विराट कोहली 3-4 साल तक और खेलेगा, लेकिन रोहित शर्मा को फैसला करना होगा: शास्त्री

एजेंसी



मेलबर्न। पूर्व भारतीय कोच रवि शास्त्री का मानना है कि विराट कोहली में अभी तीन से चार साल का क्रिकेट बचा है लेकिन कप्तान रोहित शर्मा को खेल के पारंपरिक प्रारूप में फॉर्म और तकनीक के साथ लंबे समय से संघर्ष को देखते हुए ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ चल रही श्रृंखला के बाद अपने भविष्य का आकलन करने की जरूरत हो सकती है। भारत के सीनियर बल्लेबाज रोहित और कोहली को ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ चल रही पांच टेस्ट मैच की श्रृंखला के दौरान खराब प्रदर्शन के कारण आलोचना का सामना करना पड़ रहा है। रोहित ने पांच पारियों में सिर्फ 6.20 के औसत से 31 रन बनाए हैं और इस दौरान उन्होंने 3, 6, 10, 3 और 9 रन बनाए जो ऑस्ट्रेलियाई धरती पर किसी विदेशी कप्तान का सबसे कम औसत है। पर्थ टेस्ट में शतक के बावजूद कोहली के प्रदर्शन में निरंतरता की कमी है और उन्होंने श्रृंखला में अब तक 5, नाबाद 100, 7, 11, 3, 36 और 5 रन की पारियां खेली हैं। शास्त्री ने 'स्टार स्पोर्ट्स' से कहा, ''मुझे लगता है कि विराट कुछ समय तक खेलेंगे। वह जिस तरह आउट हो रहा है, या अन्य चीजें, जो भी हो उसे भूल जाइए। मुझे लगता है कि वह अगले तीन या चार साल और खेलेंगे।'' उन्होंने कहा, ''जहां तक रोहित का सवाल है, उसे फैसला करना होगा। शीर्ष क्रम में मुझे लगता है कि उसका फुटवर्क पहले जैसा नहीं है। वह शायद कई बार शॉट खेलने में देर करता है। इसलिए श्रृंखला के अंत में उसे फैसला करना होगा।'' शास्त्री ने रोहित की बल्लेबाजी में तकनीकी समस्याओं की ओर इशारा किया, विशेषकर उनके आगे के पैर की मूवमेंट पर। उन्होंने कहा, ''हमने श्रृंखला में कई बार देखा है कि उनका आगे का पैर गेंद की ओर उतना नहीं जा रहा जितना जाना चाहिए। पूर्व ऑलराउंडर इरफान पठान का मानना है कि अगर रोहित भारत के कप्तान नहीं होते तो मौजूदा फॉर्म के आधार पर उन्हें एकादश में जगह नहीं मिलती। पठान ने कहा, ''एक खिलाड़ी जिसने लगभग 20,000 रन बनाए हैं - फिर भी जिस तरह से रोहित अब संघर्ष कर रहे हैं, ऐसा लगता है कि उनका फॉर्म उनका बिल्कुल भी साथ नहीं दे रहा है। अब जो हो रहा है वह यह है कि वह कप्तान हैं, इसलिए वह खेल रहे हैं। अगर वह कप्तान नहीं होते तो शायद वह अभी नहीं खेल रहे होते।'' उन्होंने कहा, ''आपके पास एक स्थापित टीम होती। लोकेश राहुल शीर्ष पर खेल रहे होते। (यशस्वी) जायसवाल होते। शुभमन गिल होते।

# एक कैलेंडर वर्ष में भारत के लिए सबसे ज्यादा रन बनाने वाले तीसरे खिलाड़ी बने यशस्वी जयसवाल

एजेंसी



नई दिल्ली। भारतीय सलामी बल्लेबाज यशस्वी जायसवाल एक कैलेंडर वर्ष में भारत के लिए सबसे अधिक रन बनाने वाले तीसरे खिलाड़ी बन गए। उन्होंने सोमवार को यह उपलब्धि ऑस्ट्रेलिया और भारत के बीच चौथे टेस्ट के पांचवें और अंतिम दिन हासिल की। जयसवाल ने दूसरी पारी में 340 रनों के लक्ष्य का पीछा करते हुए 208 गेंदों पर 84 रनों की पारी खेली, जिसमें उन्होंने आठ चौके लगाए। बाएं हाथ के इस बल्लेबाज ने 40.38 की स्ट्राइक रेट से रन बनाए। इस पारी के साथ ही खब्बू बल्लेबाज ने एक कैलेंडर वर्ष में 1478 रन पूरे कर लिए। इस उपलब्धि को हासिल करने वाले अन्य भारतीय बल्लेबाज सचिन तेंदुलकर हैं जिन्होंने 2010 में 1562 रन बनाए थे, सुनील गावस्कर ने 1979 में 1555 रन बनाए थे और वीरेंद्र सहवाग ने 2008 और 2010 में क्रमशः 1462 और 1422 रन बनाए थे। हालांकि यशस्वी जयसवाल की यह मैराथन पारी काम न आई और ऑस्ट्रेलिया ने यह मैच 184 रनों से जीत कर पांच मैचों की टेस्ट श्रृंखला में 2-1 की बढ़त हासिल कर ली। दोनों टीमो के बीच पांचवां और आखिरी टेस्ट 3 जनवरी से सिडनी में खेला जाएगा।

## संक्षिप्त समाचार

### भारतीय क्रिकेट में रोहित, विराट की कमी पूरी करने वाले खिलाड़ी हैं : डेरेन लीमैन

**मेलबर्न।** आस्ट्रेलिया के पूर्व मुख्य कोच और दो बार के विश्व कप विजेता डेरेन लीमैन का मानना है कि भारतीय क्रिकेट के पास यशस्वी जायसवाल जैसा सुपरस्टार है और विराट कोहली तथा रोहित शर्मा के संन्यास के बाद भी भारतीय क्रिकेट में इस कमी को पूरा करने वाले खिलाड़ी होंगे। आस्ट्रेलिया के लिये एक दशक के कैरियर में 27 टेस्ट और 117 वनडे खेलने वाले लीमैन ने जसप्रीत बुमराह की तारीफ करते हुए कहा कि उन्होंने कभी ऐसा खिलाड़ी नहीं देखा जिसका एक श्रृंखला पर इतना असर रहा हो। मौजूदा श्रृंखला में खराब प्रदर्शन के कारण रोहित और कोहली के संन्यास की संभावना के बारे में लीमैन ने पीटीआई से कहा ,'' देखते हैं कि अगले कुछ दिन में क्या होता है और वे क्या फैसला लेते हैं। लेकिन वे लंबे समय से भारत के महान क्रिकेटर रहे हैं। उन्होंने कहा ,'' अब युवा खिलाड़ी भारत के लिये बेहतरीन खेल रहे हैं। भारतीय क्रिकेट में इतनी गहराई है कि उन्हें चिंता करने की जरूरत नहीं है। जब भी ये दोनों संन्यास का फैसला लेते हैं तो उनकी जगह लेने के लिये काफी प्रतिभाशाली युवा खिलाड़ी हैं। जायसवाल के बारे में उन्होंने कहा ,''सुपरस्टार। सर्वश्रेष्ठ बल्लेबाजों में से एक। वह और हैरी ब्रूक अगली पीढी के खिलाड़ी हैं। उसने मेलबर्न और पर्थ में शानदार पारियां खेली। इस दौरे पर वह एक खिलाड़ी के तौर पर काफी निखरा है। बुमराह की तुलना वसीम अकरम और ग्लेन मैकग्रा से करते हुए उन्होंने कहा ,'' मुझे लगता है कि रोहित के बाद वह अगला कप्तान होगा। उसने पर्थ में शानदार प्रदर्शन किया। मैने जितने गेंदबाजों को खेलते देखा है, वह सर्वश्रेष्ठ है। मैने वसीम अकरम और ग्लेन मैकग्रा को देखा है लेकिन किसी एक श्रृंखला में किसी गेंदबाज का इतना प्रभाव नहीं देखा जो 2013-14 एशेज में मिचेल जॉनसन के बाद अब बुमराह ने दिखाया है। बदलाव के दौर पर लीमैन ने कहा कि आस्ट्रेलिया को बल्लेबाजी में चिंता करने की जरूरत है हालांकि पैट कमिंस, मिचेल स्टार्क, जोश हेजलवुड , स्कॉट बोलैंड जैसे गेंदबाज भी तीस पार कर चुके हैं। उन्होंने कहा कि गेंदबाजी में कई अच्छे खिलाड़ी आ रहे हैं लेकिन बल्लेबाजी में सोचने की जरूरत है।

### पाकिस्तान ओलंपिक संघ ने आरिफ सईद को नया अध्यक्ष बनाया

**कराची।** पिछले 46 साल में सिर्फ दो अध्यक्षों के रहने के बाद पाकिस्तान ओलंपिक संघ ने 2025 से 2029 तक के कार्यकाल के लिये आरिफ सईद को नया अध्यक्ष बनाया है। जनवरी में स्वास्थ्य कारणों से लेफ्टिनेंट जनरल (सेवानिवृत) आरिफ हसन के इस्तीफ़े के बाद आरिफ का निर्विरोध चुनाव हुआ है। हसन मार्च 2004 से दिसंबर 2024 तक इस पद पर रहे। इससे पहले दिवंगत वाजिद अली शाह मार्च 1978 से मार्च 2004 तक पीओए अध्यक्ष रहे थे। हसन का चौथा कार्यकाल था जब उन्होंने इस्तीफा देने का फैसला किया। पाकिस्तान मुक्केबाजी महासंघ के अध्यक्ष खालिद महमूद को महासचिव और पाकिस्तान टेबल टेनिस महासंघ के अध्यक्ष अहमार मलिक को कोषाध्यक्ष चुना गया। आरिफ सईद करीब 20 साल तक पाकिस्तान रग्बी संघ के अध्यक्ष रहे हैं। पाकिस्तान ने पहली बार ओलंपिक व्यक्तिगत स्पर्धा का स्वर्ण पदक जीता जब पेरिस ओलंपिक में अरशद नदीम ने भालाफेंक में पहला स्थान हासिल किया।

### पीसीबी ने अंतरिम कोच आकिब जावेद को चयन समिति में बरकरार रखा

**कराची।** पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड ने पूर्व टेस्ट गेंदबाज आकिब जावेद को सीमित ओवरों और टेस्ट टीम का अंतरिम मुख्य कोच होने के बावजूद राष्ट्रीय चयन समिति से नहीं हटाने का फैसला किया है। पीसीबी सूत्रों के अनुसार मुख्य कोच के रूप में आकिब का काम अस्थायी है लिहाजा वह चयन समिति में बने रहेंगे। एक आंतरिक सूत्र ने कहा कि एक चयनकर्ता के तौर पर आकिब का प्रभाव कम हुआ है , खासकर जबसे जैसन गिलेस्पी के इस्तीफ़े के बाद उन्होंने टेस्ट टीम के मुख्य कोच का पद संभाला है। उसके बाद से बाकी चयनकर्ताओं की फैसले लेने में अधिक चली है। सूत्र ने कहा ,'' पिछले कुछ समय से चयनकर्ता के तौर पर आकिब की भूमिका सीमित रही है। दूसरे चयनकर्ताओं अजहर अली, असद शफीक, अलीम दर, हसन चीमा का अधिक दबदबा रहा है।

### एसी मिलान के नए मुख्य कोच नियुक्त हुए कोन्सेइकाओ

**रोम।** इतालवी सीरी ए क्लब एसी मिलान ने सोमवार को सर्जियो कोन्सेइकाओ को अपना नया मुख्य कोच नियुक्त किया है। यह नियुक्ति उनके पुर्तगाली हमवतन पाउलो फोंसेका के पद छोड़ने के कुछ घंटों बाद की गई है। रोमा के पूर्व कोच फोंसेका ने इस ग्रीष्मकाल में क्लब के कोच का पद संभाला था, लेकिन उनकी टीम की असंगतता के लिए आलोचना की गई थी, क्योंकि एसी मिलान एक मैच शेष रहते लीग में केवल आठवें स्थान पर है, जबकि सात बार के चैम्पियंस लीग विजेता ने यूरोपीय शीर्ष अभियान की शुरुआत लगातार दो हार के साथ की थी, लेकिन अब वह लगातार चार जीत के साथ लय में है। इटली के कुछ आउटलेट्स के अनुसार, क्लब ने रविवार को रोमा के साथ एसी मिलान के सीरी ए गेम के शुरू होने से पहले ही यह निर्णय ले लिया था, जो अंततः 1-1 से बराबरी पर समाप्त हुआ। कोन्सेइकाओ ने पोर्टो की बेंच पर सात सीज़न के साथ अपना कोचिंग स्पेल शुरू करने से पहले, एक पेशेवर के रूप में लाज़ियो और इंटर मिलान के लिए खेला था। 50 वर्षीय खिलाड़ी ने अपने नए क्लब के साथ जून 2026 तक का करार किया है और वह शुक्रवार को जुवेंटस के साथ सुपरकोपा इटालियाना के सेमीफाइनल में पदार्पण करने के लिए तैयार हैं। दिलचस्प बात यह है कि कोन्सेइकाओ के बेटे फ्रांसिस्को बियानकोनेरी की टीम में हैं।

### महिला विश्व ब्लिट्ज़ चैंपियनशिप 2024: वैशाली ने नॉकआउट चरण के लिए किया क्वालीफाई

**नई दिल्ली।** ग्रैंडमास्टर आर. वैशाली ने मंगलवार को बेहतरीन प्रदर्शन करते हुए न्यूयॉर्क में अपने पहले 10 मैचों में से आठ जीतकर महिला विश्व ब्लिट्ज़ चैम्पियनशिप 2024 के नॉकआउट चरण के लिए क्वालीफाई कर लिया है। वैशाली दूसरे चरण के लिए क्वालीफाई करने वाली एकमात्र भारतीय भी थीं, क्योंकि हाल ही में विश्व रैपिड चैंपियन बनी कोनेरू हम्पी शीर्ष आठ में जगह बनाने से चूक गईं और 8.0/11 के साथ नौवें स्थान पर रहीं। चीन की लेई टिंगजी को छोड़कर, जो 8.5 अंकों के साथ वैशाली के बाद दूसरे स्थान पर रहीं, अन्य सभी योग्य खिलाड़ियों को हम्पी के बराबर अंक मिले। हालांकि, भारतीय खिलाड़ी का टाईब्रेक सबसे खराब रहा, जिसके कारण वह क्वालीफिकेशन स्पॉट से बाहर हो गईं। दिव्या देशमुख, वंतिका अग्रवाल और हरिका द्रोणावल्ली 11 राउंड में सात-सात अंक लेकर क्रमशः 18वें, 19वें और 22वें स्थान पर रहीं। प्रियान नुटक्की और पद्मिनी राउत 108 खिलाड़ियों के बीच पांच अंक लेकर 71वें और 72वें स्थान पर रहीं। भारतीयों में साहिती वर्षिनी ने 4.5 अंक लेकर सबसे खराब प्रदर्शन किया और वह 76वें स्थान पर रहीं।

# वार्षिकी: दिग्गज भारतीय फुटबॉलर सुनील छेत्री ने दो दशक के शानदार करियर के बाद अंतरराष्ट्रीय फुटबॉल को कहा अलविदा

एजेंसी



नई दिल्ली। भारतीय फुटबॉल के ध्वजवाहक सुनील छेत्री ने 2024 में अपने संन्यास की घोषणा की और दो दशकों से अधिक लंबे करियर को अलविदा कह दिया। भारत का प्रतिनिधित्व करने का सपना देखने वाले एक विनम्र लड़के से लेकर देश के सर्वकालिक सर्वोच्च स्कोरर और इसके सबसे सम्मानित फुटबॉल आइकन में से एक बनने तक, छेत्री की सर्वव्यापी सफलता वास्तव में उल्लेखनीय है। छेत्री ने 2002 में मोहन बागान के लिए अपना पेशेवर पदार्पण किया, जहाँ वे 2005 तक खेले और 18 मैचों में आठ गोल किए। हालाँकि शुरुआती साल चुनौतीपूर्ण थे, लेकिन उनकी प्रतिभा ने जल्द ही भारत भर के बड़े क्लबों का ध्यान आकर्षित किया। पिछले कुछ सालों में, छेत्री ने जेसीटी (2005-08), ईस्ट बंगाल (2008-09), डेम्पो एफसी (2009-10), चिराग यूनाइटेड (2011), मोहन बागान (2011-12), चर्चिल ब्रदर्स (2013 लोन पर), बेंगलुरु एफसी (2013-15, 2016-वर्तमान) के लिए खेला और भारतीय क्लब फुटबॉल में एक घरेलू नाम बन गए। कुल मिलाकर, छेत्री ने अपने पूरे करियर में 365 क्लब मैचों में 158 गोल किए हैं। उनकी अंतरराष्ट्रीय यात्रा 2005 में शुरू हुई, जब उन्होंने भारत के लिए पदार्पण किया और अपना पहला गोल किया। छेत्री का करियर 2008 एएफसी चैलेंज कप में एक उच्च बिंदु पर पहुंच गया, जहां ताजिकिस्तान के खिलाफ उनकी हैट्रिक ने 2011 एएफसी एशियाई कप के लिए भारत की योग्यता सुनिश्चित की। छेत्री ने विदेश में भी काम किया, 2010 में यूएसए के मेजर लीग सॉकर क्लब कैनसस सिटी विजार्ड्स और 2012-13 में पुर्तगाली क्लब स्पोर्टिंग सीपी के लिए खेला। इन अनुभवों ने उनके खेल को निखारने में मदद की और उन्हें अधिक बहुमुखी स्ट्राइकर बनाया। भारतीय राष्ट्रीय टीम के कप्तान के रूप में, छेत्री के नेतृत्व कौशल ने खूब चमक बिखेरी। उनकी कप्तानी में, भारत ने वह अनुभव किया जिसे अब देश में आधुनिक फुटबॉल का स्वर्ण युग माना जाता है, जिसमें कई सैफ चैंपियनशिप और इंटरकॉन्टिनेंटल कप जीते गए। उनके निर्णायक क्षणों में से एक 2018 इंटरकॉन्टिनेंटल कप के दौरान आया, जहाँ उन्होंने सोशल मीडिया का उपयोग करके अधिक से अधिक प्रशंसकों का समर्थन प्राप्त करने की अपील की, सफलतापूर्वक हज़ारों लोगों को स्टेडियम में लाया और भारतीय फुटबॉल में रुचि बढ़ाई। छेत्री ने 150 अंतरराष्ट्रीय मैचों में 94 गोल किए हैं, जिससे वह अंतरराष्ट्रीय फुटबॉल में चौथे सबसे ज़्यादा गोल करने वाले खिलाड़ी बन गए हैं। वह केवल लियोनेल मेसी (180 मैचों में 106 गोल) और क्रिस्टियानो रोनाल्डो (205 मैचों में 128 गोल) जैसे दिग्गजों से पीछे हैं। अपने क्लब करियर में, छेत्री ने आई-लीग (डेम्पो के साथ 2009-10 और चर्चिल ब्रदर्स के साथ 2012-13) सहित कई पुरस्कार जीते, साथ ही बेंगलुरु एफसी के साथ भी कई खिताब जीते, जिनमें आई-लीग (2013-14, 2015-16), इंडियन सुपर लीग (2018-19), फ़ेडरेशन कप (2014-15, 2016-17), सुपर कप (2018), और डूरंड कप (2022) शामिल हैं।

## फुटबॉल: लिवरपूल के साथ नए अनुबंध से दूर हैं मोहम्मद सलाह

लंदन। लिवरपूल के फॉरवर्ड मोहम्मद सलाह का कहना है कि वह अपनी टीम को प्रीमियर लीग का खिताब जीतने में मदद करने पर ध्यान केंद्रित कर रहे हैं, लेकिन मानते हैं कि वह अभी भी एक नया अनुबंध करने से दूर हैं। मिस्र के इस खिलाड़ी ने सीजन का अपना 20वां गोल किया और रविवार को वेस्ट हैम के खिलाफ लिवरपूल की 5-0 की जीत में कोडी गाकपो को दूसरा गोल करने में मदद की, जिससे वे अंक तालिका में शीर्ष पर आठ अंकों की बढ़त बना सके। हालांकि, जून के अंत में उनका अनुबंध समाप्त होने वाला है, लेकिन सलाह ने अभी तक एक नए अनुबंध के लिए सहमति नहीं दी है और जब खेल के बाद टीवी साक्षात्कार में उनके भविष्य के बारे में पूछा गया, तो मिस्र के फॉरवर्ड ने स्वीकार किया कि वह और क्लब अभी भी उससे बहुत दूर हैं। सलाह ने कहा, ''मैं मीडिया में कुछ भी नहीं बताना चाहता...मेरे दिमाग में बस यही बात है कि मैं चाहता हूं कि लिवरपूल लीग जीते और मैं उसका हिस्सा बनना चाहता हूं।

# आस्ट्रेलियाई कोच ने मार्श का बचाव किया, सिडनी टेस्ट में स्टार्क को खेलने की उम्मीद जताई

एजेंसी



मेलबर्न। आस्ट्रेलिया के मुख्य कोच एंड्रयू मैकडोनाल्ड ने स्वीकार किया कि मिचेल मार्श भारत के खिलाफ बल्लेबाजी में अपेक्षाओं पर खरे नहीं उतर सके हैं और उन्होंने यह उम्मीद भी जताई कि मिचेल स्टार्क सिडनी में पांचवां टेस्ट खेल सकेंगे। स्टार्क की फिटनेस आस्ट्रेलिया की चिंता का सबब बनी हुई है जो बॉक्सिंग डे टेस्ट के तीसरे दिन से ही पसली में सूजन से जूझ रहे हैं लेकिन उन्होंने प्रभावी गेंदबाजी करके विराट कोहली का विकेट लिया। मैकडोनाल्ड ने एमसीजी टेस्ट जीतने के बाद मीडिया से कहा कि तकलीफ भी स्टार्क को रोक नहीं सकी। शुरूआती स्पैल में उसे परेशानी हुई लेकिन इसके बाद उसने खुलकर गेंदबाजी की। देखते हैं कि वह कैसे रिकवर करता है। हम सिडनी क्रिकेट ग्रांउड की पिच देखकर टीम संयोजन तय करेंगे। आस्ट्रेलिया अगर सिडनी टेस्ट जीतता या ड्रॉ करता है तो 2014 . 15 के बाद पहली बार बॉर्डर गावस्कर ट्रॉफी उसके नाम होगी। भारत अगर जीतता है तो ट्रॉफी भारत के पास रहेगी और यह रिकॉर्ड लगातार पांचवीं बार होगा। अगर स्टार्क सिडनी टेस्ट नहीं खेल पाते हैं तो झाय रिचर्डसन या सीन एबोट उस कमी को पूरा कर सकते हैं। मैकडोनाल्ड ने कहा ,'' मुझे यकीन है कि स्टार्क खेल सकेगा। वैसे रिचर्डसन और सीन एबोट भी यहां है। हम पिच को देखकर तय करेंगे। चार टेस्ट में सिर्फ 73 रन बना सके मार्श का बचाव करते हुए उन्होंने कहा ,'' उसकी मानसिक तैयारी अच्छी है।इसमें कोई शक नहीं कि प्रदर्शन बेहतर होना चाहिये। वह पिछले चार टेस्ट में ऐसा कर नहीं सका लेकिन हम चिंतित नहीं है। लोग इसे ज्यादा तूल दे रहे हैं। हमें गेंदबाजी में उसकी जरूरत नहीं पड़ी।

# 2024 में वैश्विक सोपान की नयी ऊंचाइयों पर भारत

एजेंसी

नयी दिल्ली। पिछले दस साल में आर्थिक नीतियों और निर्णयों तथा बुनियादी ढांचा क्षेत्र में सुधार से भारतीय अर्थव्यवस्था जहां विश्व की प्रमुख अर्थव्यवस्थाओं में अपना स्थान ऊंचा किया है वहीं प्रतिस्पर्धात्मकता, लॉजिस्टिक्स से लेकर नवाचार, नागरविमान सुरक्षा और साइबर सुरक्षा तक के क्षेत्रों में वैश्विक रैंकिंग में भारत 2024 तक काफी प्रगति की है। भारत 2014 में करीब दो हजार अरब डालर के सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) के साथ 10वीं सबसे बड़ी अर्थव्यस्था से उभर कर 2024 में 3.9 हजार अरब डालर से अधिक के जीडीपी के साथ पांचवीं सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था है। देश अब तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यस्था की ओर बढ़ रहा है। वर्ष 2024 में सितंबर में देश का विदेशी मुद्रा भंडार 704.89 अरब अमेरिकी डॉलर के उच्चतम स्तर पर पहुंच गया था। विदेशी मुद्रा भंडार के मामले में भारत आज चीन, जापान और स्विट्जरलैंड के बाद चौथे स्थान पर आ गया है। आधिकारिक रिपोर्टों के अनुसार 2015 और 2018 के बीच कारोबार में आसानी (ईज ऑफ डूइंग बिजनेस) सूचकांक में 42 सोपान चढ़ गया और अपने को विश्व में एक निवेश के लिए अधिक अनुकूल गंतव्य के रूप में स्थापित किया। वैश्विक प्रतिस्पर्धात्मकता सूचकांक में देश 2014 के 71वें स्थान से 2018 में 39वें स्थान पर पहुंच गया था, जो बुनियादी ढांचे, बाजार के आकार और नवाचार में प्रगति को दर्शाता है। वर्ष 2022 में, भारत के विमानन सुरक्षा निरीक्षण तंत्र ने चीन, इज़राइल और डेनमार्क जैसे देशों को पीछे छोड़ते हुए वैश्विक रैंकिंग में 102वें स्थान से उछल कर 48वें स्थान पर पहुंच गया। मोबाइल फोन उत्पादन में वैश्विक स्तर पर दूसरा स्थान भी हासिल किया, जिससे एक प्रमुख विनिर्माण केंद्र के रूप में इसकी स्थिति मजबूत हुई।

## वारी रिन्यूएबल टेक्नोलॉजीज को दो गीगावाट की सौर परियोजना का मिला ठेका

नयी दिल्ली। वारी रिन्यूएबल टेक्नोलॉजीज लिमिटेड (डब्ल्यूआरटीएल) ने जिंदल रिन्यूएबल्स की विशेष इकाई (एसपीवी) सनब्रीज रिन्यूएबल्स नाइन प्राइवेट लिमिटेड से दो गीगावाट सौर परियोजना का अब तक का सबसे बड़ा ठेका मिलने की मंगलवार को घोषणा की। कंपनी बयान के अनुसार, यह परियोजना राजस्थान के बीकानेर में क्रियान्वित की जाएगी जिसमें ऊर्जा दक्षता बढ़ाने तथा उत्पादन को अधिकतम करने के लिए उन्नत प्रौद्योगिकियों व टिकाऊ समाधानों का इस्तेमाल किया जाएगा। बयान के अनुसार, भारत की सबसे बड़ी सौर पीवी मॉड्यूल निर्माता कंपनी वारी एनर्जीज लिमिटेड की अनुषंगी कंपनी डब्ल्यूआरटीएल ने जिंदल रिन्यूएबल्स की विशेष इकाई (एसपीवी) सनब्रीज रिन्यूएबल्स नाइन प्राइवेट लिमिटेड से दो गीगावाट सौर परियोजना के लिए अपना सबसे बड़ा इंजीनियरिंग, खरीद व निर्माण (ईपीसी) ठेका हासिल किया है। जिंदल रिन्यूएबल्स के अध्यक्ष भारत सक्सेना ने कहा, '' कम उत्सर्जन वाले इस्पात उत्पादन के लिए वारी के साथ साझेदारी केवल शुरुआत महज है। जैसे-जैसे हम अक्षय ऊर्जा समाधानों को अपनाने में आगे बढ़ेंगे ऐसे कई और कदम उठाए जाएंगे। डब्ल्यूआरटीएल के निदेशक वीरेन सी दोशी ने कहा, '' हम इस ऐतिहासिक दो गीगावाट सौर ईपीसी परियोजना पर जिंदल रिन्यूएबल्स के साथ सहयोग कर खुश हैं।

# साल के आखिरी दिन सर्राफा बाजार में तेजी से महंगा हुआ सोना, चांदी की भी चमक बढ़ी

एजेंसी



नई दिल्ली। साल 2024 के आखिरी दिन आज घरेलू सर्राफा बाजार में आज तेजी नजर आ रही है। सोने के भाव में आई कमजोरी की वजह से देश के ज्यादातर सर्राफा बाजारों में 24 कैरेट सोना आज 78,150 रुपये से लेकर 78,000 रुपये प्रति 10 ग्राम के दायरे में कारोबार कर रहा है। इसी तरह 22 कैरेट सोना 71,650 रुपये से लेकर 71,500 रुपये प्रति 10 ग्राम के बीच बिक रहा है। चांदी की कीमत में भी आज 200 रुपये प्रति किलोग्राम की मजबूती नजर आ रही है। इस तेजी के कारण दिल्ली सर्राफा बाजार में इसकी कीमत 92,500 रुपये प्रति किलोग्राम के स्तर पर पहुंच गई है। देश की राजधानी दिल्ली में 24 कैरेट सोना आज 78,150 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर कारोबार कर रहा है, जबकि 22 कैरेट सोने की कीमत 71,650 रुपये प्रति 10 ग्राम दर्ज की गई है। वहीं देश की आर्थिक राजधानी मुंबई में 24 कैरेट सोना 78,000 रुपये प्रति 10 ग्राम और 22 कैरेट सोना 71,500 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर बिक रहा है। इसी तरह अहमदाबाद में 24 कैरेट सोने की रिटेल कीमत 78,050 रुपये प्रति 10 ग्राम और 22 कैरेट सोने की कीमत 71,550 रुपये प्रति 10 ग्राम दर्ज की गई है। इन प्रमुख शहरों के अलावा चेन्नई में 24 कैरेट सोना आज 78,000 रुपये प्रति 10 ग्राम की कीमत पर और 22 कैरेट सोना 71,500 रुपये प्रति 10 ग्राम की कीमत पर बिक रहा है। इसी तरह कोलकाता में भी 24 कैरेट सोना 78,000 रुपये प्रति 10 ग्राम और 22 कैरेट सोना 71,500 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर कारोबार कर रहा है। लखनऊ के सर्राफा बाजार में 24 कैरेट सोना आज 78,150 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर और 22 कैरेट सोना 71,650 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर बिक रहा है। वहीं, पटना में 24 कैरेट सोने की कीमत 78,050 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर है, जबकि 22 कैरेट सोना 71,550 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर बिक रहा है। इसी तरह जयपुर में 24 कैरेट सोना 78,150 रुपये प्रति 10 ग्राम और 22 कैरेट सोना 71,650 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर बिक रहा है। देश के अन्य राज्यों की तरह कर्नाटक, तेलंगाना और ओडिशा के सर्राफा बाजार में भी आज सोने की कीमत में तेजी आई है। इन तीनों राज्यों की राजधानियों बेंगलुरु, हैदराबाद और भुवनेश्वर में 24 कैरेट सोना आज 78,000 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर कारोबार कर रहा है। इसी तरह इन तीनों शहरों के सर्राफा बाजारों में 22 कैरेट सोना आज 71,500 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर बिक रहा है।

# केजरीवाल, आतिशी की झूठ, ठगी की राजनीति : भाजपा

एजेंसी

नयी दिल्ली। भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) ने दिल्ली में सत्तारूढ़ आम आदमी पार्टी (आप) के संयोजक अरविंद केजरीवाल और दिल्ली के मुख्यमंत्री आतिशी मार्लेना पर मासूम एवं अबोध बच्चों का राजनीति के लिए इस्तेमाल करने का आरोप लगाया है तथा पुजारियों एवं ग्रंथियों को 18 हजार रुपए प्रति माह देने के वादे को झूठ और ठगी का एक और नमूना बताया है।

भाजपा के प्रवक्ता गौरव भाटिया ने आज पार्टी के केंद्रीय कार्यालय में आयोजित प्रेसवार्ता को संबोधित करते हुए ये आरोप लगाये। उन्होंने कहा कि आम आदमी पार्टी (आप) के संयोजक एवं पूर्व सीएम अरविंद केजरीवाल और दिल्ली के मुख्यमंत्री आतिशी मार्लेना द्वारा अपनी गंदी राजनीति कीस्वार्थपूर्ति के लिए मासूम एवं अबोध बच्चों का इस्तेमाल किया। उन्होंने कहा कि हिन्दू विरोधी केजरीवाल अब नए-नए वादे कर रहे हैं कि पुजारियों एवं ग्रंथियों को 18 हजार रुपए प्रति माह देंगे, जबकि पिछले 17 महीनों से मौलवियों को भी 18 हजार रुपए नहीं दे रहे हैं, जो उन्होंने वादा किया था। केजरीवाल दिल्ली की जनता से झूठे वादे और ठगने में महारात हासिल की है, किन्तु दिल्ली की जनता विधानसभा चुनाव में उन्हें सत्ता से हटाकर सही जगह दिखाएगी।

श्री भाटिया ने कहा, पापी आप के संयोजक अरविंद केजरीवाल कट्टर बेईमान अब ढोंगी और फरेबी भी बन गए हैं। केजरीवाल दिल्ली के बच्चों को भी नहीं बख्शा। दिल्ली के बच्चे पूछ रहे हैं कि केजरीवाल! क्यों नहीं सच्चे केजरीवाल और दिल्ली के मुख्यमंत्री आतिशी मार्लेना ने दिल्ली प्रदेश के बच्चों को अपने घटिया एवं ओछी राजनीति में इस्तेमाल किया है। श्री भाटिया ने कहा कि दिल्ली के बच्चों के भविष्य और उनके प्रति सोच की सच्चाई पापी ‘आप’ के संयोजक केजरीवाल और मुख्यमंत्री आतिशी मार्लेना के चाल-चरित्र और चेहरे बेनकाब हो गए हैं। भाजपा प्रवक्ता ने आप नेताओं द्वारा बच्चों का राजनीतिक इस्तेमाल किये जाने के संबंध में कहा कि 30 दिसम्बर को राष्ट्रीय



मानवाधिकार आयोग ने एक आदेश पारित किया, जिसमें कहा गया कि अरविंद केजरीवाल और आतिशी मार्लेना के सोशल मीडिया एक्स पोस्ट में बच्चों को राजनीति में घसीटते हुए उनके दुरुपयोग करके उनके भविष्य को अंधकारमय बनाने का कृत्य स्वीकार नहीं किया जाएगा। इस एक्स पोस्ट को तुरंत हटाया जाए। राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग ने अरविंद केजरीवाल द्वारा बच्चों के राजनीति इस्तेमाल वाली वीडियो टैग किया हुआ एक्स पोस्ट को बहुत ही गंभीरता से लिया है, लेकिन केजरीवाल और आतिशीमार्लेना ने अभी तक एक्स पोस्ट को नहीं हटाया है। उन्होंने कहा कि अरविंद केजरीवाल और आतिशी मार्लेना ने बच्चों का वीडियो बनाकर सोशल मीडिया पर पोस्ट किया है और उन बच्चों को राजनीति में ढकेला है। उनका यह कृत्य किशोर न्याय अधिनियम-2015 का उल्लंघन है। 05 फरवरी 2024 को निर्वाचन आयोग ने दिशानिर्देश जारी किये थे कि राजनीति में कोई भी बच्चों का वक्तव्य या उनकी उपस्थिति या उनके द्वारा राजनीतिक बयान देना,आदि गतिविधियां नहीं होनी चाहिए। श्री भाटिया ने श्री केजरीवाल और सुश्री आतिशी मार्लेना से पूछा कि दिल्ली की जनता सच्चाई जानना चाहती है कि आखिर क्यों उन्होंने बाल-विरोधी सोच के साथ ऐसा काम किया। आखिर उन्होंने मासूम बच्चों को अपनी राजनीतिक स्वार्थपूर्ति के लिए क्यों इस्तेमाल किया, जो बच्चों के सम्मान के खिलाफ है और बच्चों का सम्मान उनका मौलिक अधिकार है। उन्होंने पूछा कि क्या केजरीवाल दिल्ली विधानसभा चुनाव हार रहे हैं, उन्हें विधानसभा चुनाव प्रचार करने के दौरान अपनी हार सुनिश्चित लग रही है। क्यों केजरीवाल और आतिशी मार्लेना ने संविधान के अनुच्छेद 21 का उल्लंघन किया जिसमें बच्चों समेत हर व्यक्ति की स्वंतत्रता एवं सम्मान की गारंटी दी गयी है। श्री केजरीवाल और सुश्री आतिशी मार्लेना ने किशोर न्याय अधिनियम-2015 का उल्लंघन किया। क्या मुख्यमंत्री आतिशी मार्लेना के लिए देश के कानून का कोई महत्व नहीं है, जबकि उन्होंने मुख्यमंत्री पद की शपथ लेते समय भारत के संविधान की रक्षा करने का वचन दिया था। श्री भाटिया ने कहा कि ढोंगी केजरीवाल ने अपनी गंदी राजनीति की स्वार्थपूर्ति के लिए अपने बच्चों को पहले भी नहीं छोड़ा है। श्री केजरीवाल ने दिल्ली में 500 नए स्कूल देने का वादा किया था, लेकिन नए स्कूल देने के मामले मे केजरीवाल विफल रहे। दस साल में पापी आप की सरकार ने एक भी नया स्कूल नहीं दिया। 16 ऐसे विद्यालयों को बंद कर दिया। दिल्ली के स्कूलों में प्रिंसिपल नहीं है और स्कूलों में 80 प्रतिशत पद रिक्त पड़े हैं। श्री केजरीवाल को लग रहा है कि उनके पैरों के नीचे जमीन नहीं है तो अब अपनी गंदी राजनीति स्वार्थ के लिए मासूम एवं अबोध बच्चों का इस्तेमाल कर रहे हैं। भाजपा

# कांग्रेस में शामिल हुए सरबजीत, फरीद सहित आप के कई नेता

एजेंसी

नयी दिल्ली। राष्ट्रीय राजधानी की बादली विधानसभा से आम आदमी पार्टी (आप) के सहसचिव सरबजीत सिंह, स्टार प्रचारक रहे फरीद शाह, मुस्तफाबाद विधानसभा क्षेत्र से आप की पूर्व निगम पार्षद परवीन, मोहम्मद मारुफ और निगम चुनाव में बहुजन समाजवादी पार्टी की प्रत्याशी रजनी सूर्यवंशी सहित कई नेता मंगलवार को कांग्रेस में शामिल हो गए।

दिल्ली प्रदेश कांग्रेस समिति के अध्यक्ष देवेन्द्र यादव ने यहां आयोजित समारोह में इन नेताओं को पटका पहना कर पार्टी की सदस्यता दिलाई। इस मौके पर श्री यादव ने कांग्रेस में शामिल होने वाले आप के नेताओं और कार्यकर्ताओं का स्वागत किया और कहा कि आपके सहयोग और समर्थन से हम सब मिलकर मजबूती के साथ दिल्ली में सकारात्मक बदलाव की दिशा में काम करेंगे। उन्होंने कहा कि आप को डूबता हुआ जहाज बताते हुए कहा कि दिल्ली की जनता सहित मंत्री, विधायक, पार्षद सहित क्षेत्रीय नेताओं का आप के राष्ट्रीय संयोजक अरविन्द केजरीवाल के प्रति मोह भंग हो चुका है। आप में भ्रष्टाचार और कुशासन के कारण भगदड़ मची हुई है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस की विचारधारा और पार्टी अध्यक्ष मल्लिकार्जुन के नेतृत्व और वरिष्ठ नेता राहुल गांधी देश के लिए संघर्ष से प्रेरित होकर पार्टी में शामिल होने वालों का पार्टी में स्वागत है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस एक खुला मंच है, जिसमें हर व्यक्ति को बराबर का अधिकार और अभिव्यक्ति की आजादी है। कांग्रेस अपने संविधान के अंतर्गत काम करती है और हमारी पार्टी पर किसी व्यक्ति विशेष का आधिपत्य नहीं है। इस अवसर पर श्री यादव के अलावा पूर्व सांसद डॉ. उदित राज, कांग्रेस के राष्ट्रीय सचिव दानिश अबरार, दिल्ली सरकार के पूर्व मंत्री डॉ. नरेन्द्र नाथ, पूर्व विधायक हरी शंकर गुप्ता, हसन अहमद, भीष्म शर्मा, और दर्शना रामकुमार, जिला अध्यक्ष जावेद मिर्जा, मुस्तफाबाद से कांग्रेस प्रत्याशी अली मेंहदी कई कई नेता मौजूद रहे।

## बिरला ने देशवासियों को दी नव वर्ष की शुभकामनायें

**नयी दिल्ली।** लोक सभा अध्यक्ष ओम बिरला ने नव वर्ष की पूर्व संध्या पर देशवासियों को शुभकामनायें दी। श्री बिरला ने नव वर्ष की पूर्व संध्या पर मंगलवार को यहां जारी एक संदेश में कहा, नया साल आपके और आपके प्रियजनों के जीवन में नयी खुशियां, नयी उमंग लेकर आये। इस वर्ष आपके सभी संकल्प पूरे हों। मेरी यही कामना है। उन्होंने कहा, इस वर्ष हम सम्पूर्ण देश में संविधान उत्सव भी मना रहे हैं। इसलिये संविधान के अध्ययन का संकल्प इस बार अवश्य लें। भारत के संविधान को पढ़ें, इसके आदर्शों और मूल्यों को समझते हुये जीवन में उतारें। नये साल में हम अपनी तरक्की के लिये जो भी योजना बनायें, उसमें अपने राष्ट्र की उन्नति का विचार जरूर करें। गत वर्ष का कोई संकल्प यदि अधूरा रह गया हो, तो निराश होने के बजाय नये सिरे से प्रयास करें। श्री बिरला ने कहा, यह नववर्ष आप सभी के जीवन में शांति, सुख एवं समृद्धि लेकर आये, आपका स्वास्थ्य उत्तम रहे, मैं ईश्वर से यही कामना करता हूं। आप सभी को पुनः नववर्ष की अनेक बधाई और मंगलकामनायें।

## स्पैडेक्स पूरी तरह से स्वदेशी मिशन : जितेंद्र सिंह

**नई दिल्ली।** केंद्रीय पृथ्वी विज्ञान राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) डॉ. जितेंद्र सिंह ने मंगलवार को कहा कि स्पैडेक्स मिशन का नाम भारतीय डॉकिंग टेक्नोलॉजी रखा गया है क्योंकि यह पूरी तरह से स्वदेशी मिशन है और भारत डॉकिंग तकनीक से संबंधित इस तरह का पहला प्रयोग कर रहा है। डॉ. सिंह ने दिल्ली के राष्ट्रीय मीडिया सेंटर में संवाददाता सम्मेलन में कहा कि स्पैडेक्स मिशन प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के आत्मनिर्भर भारत के दृष्टिकोण के साथ बहुत मेल खाता है। उन्होंने कहा कि जहां तक डॉकिंग तकनीक का सवाल है, स्पैडेक्स मिशन की लॉन्चिंग भारत द्वारा किए गए पहले प्रयोगों में से एक है। यह पूरी तरह से स्वदेशी तकनीक है और इसीलिए इसे भारतीय डॉकिंग तकनीक नाम दिया गया है। यह प्रधानमंत्री द्र मोदी के आत्मनिर्भर भारत के मंत्र के बिल्कुल अनुरूप है। वर्ष 2024 के अंत के अवसर पर डॉ. सिंह ने कहा कि वर्ष 2024 भारतीय अंतरिक्ष क्षेत्र के लिए एक उल्लेखनीय यात्रा रही है। भारत के पहले सौर मिशन का उदाहरण देते हुए सिंह ने कहा कि आदित्य मिशन भारतीय अंतरिक्ष क्षेत्र के लिए एक बहुत ही महत्वाकांक्षी मिशन है, जो लॉन्च होने के तीन महीने बाद ही जनवरी 2024 में एल1 बिंदु पर पहुंच गया। इसके अतिरिक्त भारत ने मोदी सरकार के तीसरे कार्यकाल के पहले तीन महीनों के भीतर अपना पहला राष्ट्रीय अंतरिक्ष दिवस मनाया।

## मणिपुर के मुख्यमंत्री ने की मेल मिलाप से रहने की अपील, अशांति के लिए मांगी माफी

**इंफाल।** मणिपुर के मुख्यमंत्री एन बीरेन सिंह ने राज्य में मई 2023 से हो रही हिंसा और अशांति के लिए गहरा खेद व्यक्त करते हुए जनता से माफी मांगी है। उन्होंने लोगों से मेल-मिलाप से रहने और शांति व समृद्धि से भरे नए जीवन की शुरूआत की अपील की। साल के अंतिम दिन मुख्यमंत्री एन बीरेन सिंह ने यहां एक संवाददाता सम्मेलन में कहा, ''मैं मणिपुर के लोगों से माफी मांगता हूं। इस अशांति में कई लोगों ने अपनी जान गंवाई और बेघर हो गए। मुझे इसका गहरा खेद है।'' मुख्यमंत्री ने कहा कि यह वर्ष राज्य के लिए बहुत दुर्भाग्यपूर्ण रहा और उन्होंने हिंसा में मारे गए तथा विस्थापित हुए लोगों के परिवारों के प्रति संवेदना व्यक्त की। मुख्यमंत्री ने राज्य में शांति बहाली के लिए चल रहे प्रयासों पर संतोष व्यक्त करते हुए कहा, ''पिछले तीन-चार महीनों में शांति की दिशा में प्रगति देखकर मुझे विश्वास है कि नए साल के साथ राज्य में सामान्य स्थिति और शांति वापस आएगी।'' उन्होंने सभी समुदायों से पुरानी गलतियों को भुलाकर मेल-मिलाप से रहने की अपील की और कहा कि पुरानी गलतियों को माफ करें और शांति और समृद्धि से भरे नए जीवन की शुरुआत करें। मणिपुर के सभी समुदायों को एक साथ रहना होगा।

## आतिशी-संजय के खिलाफ दायर करूंगा मानहानि का मामला: संदीप दीक्षित

**नयी दिल्ली।** कांग्रेस नेता संदीप दीक्षित ने भारतीय जनता पार्टी से करोड़ों रुपये लेने के आरोप को लेकर दिल्ली की मुख्यमंत्री आतिशी और आम आदमी पार्टी (आप) सांसद संजय सिंह पर मानहानि का मुकदमा दर्ज कराने का एलान किया है। श्री दीक्षित ने मंगलवार को यहां संवाददाताओं को संबोधित करते हुये कहा कि पूर्व प्रधानमंत्री डॉ मनमोहन सिंह के निधन के कारण वह इस मुद्दे पर पहले संवाददाता सम्मेलन नहीं कर पाये, लेकिन अब वह आप के नेताओं के खिलाफ सख्त कानूनी कार्रवाई करेंगे। इस दौरान उन्होंने श्रीमती आतिशी से मुआवजे के तौर पर 10 करोड़ रुपये मुआवजे की मांग की और बताया कि इसमें से पांच करोड़ रुपये वह यमुना की सफाई में खर्च करेंगे।

# मोदी सरकार में गरीब-वंचित हैं मनुवाद के दंश से पीड़ित : खरगे

एजेंसी

नयी दिल्ली। कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने मोदी सरकार को संविधान विरोधी बताते हुए कहा है कि उसके शासन में दलित, आदिवासी, पिछड़े तथा अल्पसंख्यकों के ख़िलाफ़ लगातार अत्याचार हो रहे हैं और गरीब तथा वंचितों को मनुवाद का दंश झेलना पड़ रहा है।

श्री खरगे ने कहा कि संसद में गृहमंत्री अमित शाह बाबा साहेब अंबेडकर का अपमान करते हैं और भाजपा शासित राज्यों में वही वंचित विरोधी मानसिकता दोहराई जा रही है। गरीबों तथा वंचितों के साथ हाल की घटनाओं का उदाहरण देते हुए उन्होंने कहा 'मध्य प्रदेश के देवास में दलित युवक की पुलिस कस्टडी में हत्या कर दी जाती है और ओडिशा के बालासोर में आदिवासी महिलाओं को पेड़ से बांधकर पीटा जाता है। हरियाणा के भिवानी में दलित छात्रा को बीए परीक्षा की फीस न भर पाने पर आत्महत्या के लिए मजबूर होना पड़ता है तो महाराष्ट्र के पालघर में एक आदिवासी गर्भवती महिला को आईसीयू की तलाश में 100 किलोमीटर जाना पड़ता है और उसकी मृत्यु हो जाती है। उत्तर प्रदेश के मुजफ्फरनगर में तीन दलित परिवार पलायन के लिए मजबूर किए जाते हैं क्योंकि उन पर जातिसूचक हमले होते हैं और पुलिस मौन रहती है। ये जगज़ाहिर है कि मोदी सरकार के संविधान- विरोधी राज में दलित, आदिवासी, पिछड़े तथा अल्पसंख्यक वर्ग के ख़िलाफ़ लगातार अत्याचार हो रहे हैं तथा गरीब और वंचित है जो मनुवाद का दंश झेल रहें हैं'। उन्होंने कहा 'दलित तथा आदिवासी महिलाओं व बच्चों के ख़िलाफ़ हर घंटे एक अपराध होता है और राष्ट्रीय अपराध ब्यूरो के मुताबिक़ ये आंकड़े 2014 से दोगुने हो गए हैं। कांग्रेस पार्टी 140 करोड़ भारतीयों के संवैधानिक अधिकारों का हनन नहीं होने देगी।

## बीपीएससी अभ्यर्थियों को जब तक न्याय नहीं मिल जाता है तेजस्वी चुप नहीं बैठेंगे : राजद

पटना। बिहार राष्ट्रीय जनता दल के मुख्य प्रवक्ता शक्ति सिंह यादव ने आज कहा कि बिहार लोक सेवा आयोग (बीपीएससी )अभ्यर्थियों को जब तक न्याय नहीं मिल जाता है तबतक नेता प्रतिपक्ष तेजस्वी यादव चुप नहीं बैठेंगे।

श्री सिंह ने मंगलवार को प्रदेश प्रवक्ता एजाज अहमद, सारिका पासवान, मधु मंजरी, अरूण कुमार यादव, प्रमोद कुमार सिन्हा एवं आरजू खान के साथ संयुक्त संवाददाता सम्मेलन को संबोधित करते हुए कहा कि बीपीएससी अभ्यर्थियों के साथ जिस तरह से अन्यायपूर्ण व्यवहार और पुलिसिया दमन और अत्याचार की घटना हो रही है, यह राष्ट्रीय स्तर पर चिंतन और चिंता का विषय बन गया है और इस मामले पर श्री तेजस्वी छात्रों को न्याय दिलाने के लिए उनके साथ मजबूती से खड़े हैं। श्री सिंह ने कहा कि जब बीपीएससी अभ्यर्थी सत्याग्रह पर थे तो उनकी सुध लेने वाला कोई नहीं था। उनकी एक सूत्री मांग है कि पुर्न-परीक्षा ली जाये, लेकिन न तो बीपीएससी और न ही बिहार सरकार उनकी सुन रही है।

# मणिपुर हिंसा पर मुख्यमंत्री का माफी मांगना नाकाफी : जयराम रमेश

एजेंसी

नई दिल्ली। कांग्रेस ने मणिपुर के मुख्यमंत्री एन. बीरेन द्वारा राज्य में हिंसक घटनाओं के लिए माफी मांगने को नाकाफी बताते हुए इस मुद्दे पर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी से मणिपुर का दौरा करने और वहां के हालात के लिए माफी मांगने का आग्रह किया है।

कांग्रेस महासचिव जयराम रमेश ने मंगलवार को पत्रकारों से कहा कि हिंसा शुरू होने के 19 महीने बाद मणिपुर के मुख्यमंत्री एन बीरेन ने अपनी चुप्पी तोड़ी। तीन मई 2023 को मणिपुर जलने लगा। तब से बेइंतहा हिंसा हुई। सैकड़ों लोग मारे गए और हजारों लोग विस्थापित हुए। आज सीएम ने क्या कहा, यह मायने नहीं रखता। मायने यह रखता है कि प्रधानमंत्री मोदी ने मणिपुर पर अब तक अपनी चुप्पी नहीं तोड़ी है। मोदी ने केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह को मणिपुर का जिम्मा दिया है, जिन्होंने 17 दिसंबर 2024 को राज्यसभा में बाबा साहेब आंबेडकर का अपमान किया। कांग्रेस नेता ने कहा कि मणिपुर के मुख्यमंत्री तो महज कठपुतली हैं। असली जिम्मेदार तो प्रधानमंत्री मोदी हैं। यह प्रधानमंत्री की विफलता है। प्रधानमंत्री को फौरन मणिपुर जाना चाहिए। मणिपुर की जनता पूछ रही है कि प्रधानमंत्री क्यों मणिपुर नहीं जा रहे हैं? वो वहां जाएं और माफी मांगें। मुख्यमंत्री ने जो माफी मांगी है, वो उनका कर्तव्य है। रिलीफ कैंप स्थापित करना सरकार की जिम्मेदारी है।

कांग्रेस महासचिव ने कहा कि कुछ महीने पहले सुप्रीम कोर्ट ने कहा था कि मणिपुर में संवैधानिक मशीनरी का ब्रेकडाउन हो चुका है। इसलिए हमारी मांग है कि प्रधानमंत्री मोदी को मणिपुर जाना चाहिए। वहां के राजनीतिक दलों से नेताओं से मिलना चाहिए। रिलीफ कैंप में जाना चाहिए। नागरिक संस्थाओं से मिलना चाहिए। मुख्यमंत्री पद से एन बीरेन को हटाना चाहिए। रमेश ने कहा कि आज मुख्यमंत्री ने जो कहा, वह कोई खास मायने नहीं रखता। वहां प्रधानमंत्री मोदी और केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह को जाना चाहिए और अपनी बात कहनी चाहिए। गौरतलब है कि मंगलवार को इंफाल में एक संवाददाता सम्मेलन के दौरान मुख्यमंत्री सिंह ने राज्य में चल रहे संकट पर खेद व्यक्त किया। उन्होंने कहा, ''यह पूरा साल बहुत दुर्भाग्यपूर्ण रहा है। मैं पिछले साल 3 मई से आज तक जो कुछ भी हुआ है, उसके लिए राज्य के लोगों से माफी मांगना चाहता हूं। कई लोगों ने अपने प्रियजनों को खो दिया। कई लोग अपने घर छोड़कर चले गए। मुझे खेद है। मैं माफी मांगता हूं।

# इसरो जनवरी में 100वें प्रक्षेपण मिशन के साथ इतिहास रचने के लिए पूरी तरह तैयार : सोमनाथ

एजेंसी

श्रीहरिकोटा (आंध्र प्रदेश)। भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (इसरो) अंतरिक्ष डॉकिंग प्रयोग के हिस्से के रूप में पीएसएलवी-सी-60/स्पैडेक्स अंतरिक्षयानों के एक मील के पत्थर मिशन के साथ नए साल की शुरुआत करने के बाद जो भविष्य के अंतर-ग्रहीय मिशनों और पहले मानव अंतरिक्ष यान गगनयान के लिए महत्वपूर्ण था , जनवरी के मध्य में 100वें प्रक्षेपण मिशन के साथ प्रक्षेपणों की शताब्दी के लिए तैयार होकर एक और इतिहास रचने के लिए पूरी तरह तैयार है।

इसरो के अध्यक्ष एस सोमनाथ ने मिशन कंट्रोल सेंटर से वैज्ञानिकों को संबोधित करते हुए सफल स्पैडेक्स मिशन और पीएसएलवी चौथे चरण के वाहन पीओईएम-4 के हिस्से के रूप में 24 वैज्ञानिक प्रयोगों के लिए टीम इसरो को बधाई देते हुए कहा, 'हमारा अगला मिशन जनवरी के मध्य में जीएसएलवी है जो नए साल 2025 का पहला प्रक्षेपण होगा। उन्होंने कहा कि 2025 में 'हमारे पास कई मिशन होंगे और सबसे पहले हम जीएसएलवी द्वारा एनवीएस-02 (नाविक समूह का एक उपग्रह) का प्रक्षेपण करेंगे।' उन्होंने कहा, 'जब तक हम आपको जीएसएलवी मिशन के बारे में अपडेट नहीं देते, मैं आप सभी को नव वर्ष की शुभकामनाएं देता हूं। उन्होंने कहा कि कल रात का पीएसएलवी-सी60/स्पैडेक्स मिशन इसरो का 99वां मिशन था और जनवरी के मध्य में जीएसएलवी मिशन 100वां प्रक्षेपण होगा जो प्रक्षेपणों की एक शताब्दी को चिह्नित करेगा। श्री सोमनाथ ने स्पैडेक्स मिशन पर कहा कि अंतरिक्ष डॉकिंग अनुसंधान अंतरिक्ष में निर्माण, मानव अंतरिक्ष उड़ान मिशन, उपग्रहों के रखरखाव और सेवा में मदद करेगा। उन्होंने कहा 'यह मुख्य रूप से एक अनुसंधान और विकास डॉकिंग है। यह अंतरिक्ष स्टेशनों को विकसित करने में हमारी मदद करेगा। उन्होंने पीएसएलवी-सी60 मिशन के प्रक्षेपण में दो मिनट की देरी पर जो 2158 बजे निर्धारित प्रक्षेपण के बजाय 2200 बजे 15 सेकंड पर प्रथम प्रक्षेपण पैड से उड़ान भरी, कहा 'यह सुनिश्चित करने के लिए था कि हमारे उपग्रह अन्य उपग्रहों (जो एक ही कक्षा में हैं) के बहुत करीब न आएं। यह कहते हुए कि डॉकिंग एक नियंत्रित तकनीक है श्री सोमनाथ ने कहा 'हमें इस उपलब्धि पर गर्व है...एक बहुत ही महत्वपूर्ण अनुसंधान। उन्होंने कहा 'यह पहला स्पैडेक्स मिशन है और निकट भविष्य में कई और होंगे। श्री सोमनाथ ने दो स्पैडेक्स उपग्रहों के बारे में जिन्हें 55 डिग्री के झुकाव के साथ 475 किमी की सही कक्षा में इंजेक्ट किया गया था और कक्षा को दो बार पीएस4-चरण को स्विच करके नीचे लाया जाएगा , कहा कि डॉकिंग सात जनवरी को पूर्वाह्न या आठ जनवरी को होने का अनुमान है। उन्होंने कहा, 'नए साल में हमारे पास डॉकिंग के साथ-साथ पीएस4 ऑर्बिटल एक्सपेरीमेंट मॉड्यूल (पीओईएम) पर प्रयोग करने के लिए बहुत काम है।' इसरो ने कहा कि अंतरिक्ष डॉकिंग प्रयोग मिशन भविष्य के मिशनों के लिए महत्वपूर्ण है जिसमें चंद्रमा से नमूना वापस लाना, चंद्रमा पर एक भारतीय को उतारना और भारतीय अंतरिक्ष स्टेशन (बीएएस) का निर्माण और संचालन शामिल है। इसरो ने कहा कि दो छोटे उपग्रह चेज़र और टारगेट जिनमें से प्रत्येक का वजन 200 किलोग्राम है, स्पैडेक्स के हिस्से के रूप में डॉकिंग तकनीक का प्रदर्शन करेंगे। पहले दो उपग्रहों एसडीएक्स 01 चेज़र और एसडीएक्स 02 टारगेट के बीच लगभग 20 किमी की दूरी बनाई जाएगी। एक दिन के भीतर आवश्यक दूरी प्राप्त होने के बाद सापेक्ष वेग का मुकाबला करने के लिए टारगेट पर प्रणोदन प्रणाली को फायर किया जाएगा - उपग्रह दूर जाना बंद कर देंगे और एक दूसरे से निरंतर दूरी पर रहेंगे।

# पेज एक का शेष

## महाकुंभ में सुरक्षा...

के लिए 494.30 किमी डीआईपी लाइन, 304 किमी जीआईपी लाइन, 4270 पेयजल स्टैंड पोस्ट, 176 किमी से अधिक ड्रेनेज निकासी लाइन, 54700 स्ट्रीट लाइट, 173 किमी एचटी लाइन, 1280 किमी एलटी लाइन, 206 बिजली सब स्टेशन की स्थापना की जा चुकी है। इसी तरह, स्वरूपरानी नेहरू अस्पताल, सप्रू (बेली) अस्पताल, मोतीलाल नेहरू अस्पताल, डफरिन और प्राइवेट चिकित्सालयों में अब तक 3305 बेड मेला के लिए आरक्षित किए जा चुके हैं। 1200 नगीमी जेटी भी तैयार हो चुकी है। वहीं सभी रिवर फ्रंट रोड तैयार हैं। थीमेटिक लाइटिंग के लिए 3339 पोल, फसाड के लिए 07 स्थान, 90 हजार से अधिक शौचालय इंस्टाल किये जा चुके हैं। मुख्यमंत्री ने अवशेष कार्यों को तय समय सीमा के भीतर पूरा करने के निर्देश दिए। स्वच्छ महाकुम्भ-स्वच्छ प्रयागराज की परिकल्पना को साकार करने के लिए मुख्यमंत्री ने सभी प्रयागराज वासियों, संतगणों, आम नागरिकों से सहयोग का आह्वान किया है। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि महाकुम्भ से पहले पूरा प्रयागराज अतिक्रमण मुक्त हो, इसके लिए अभियान चलाकर कार्यवाही की जाए।

## अखाड़ों-कल्पवासियों ...

है। इसके साथ ही उन्हें रिफिल करने का भी पूरा इंतजाम है। इसके अलावा जिन कल्पवासियों के पास अपना खुद का खाली गैस सिलेंडर है, उन्हें भी यहां पर रीफिल करा सकते हैं। तीन विशेष प्रकार के सिलेंडर भरने की व्यवस्था महाकुम्भ में की गई है। इनमें 5 किलो, 14.2 किलो और 19 किलो के सिलेंडर भरे जा सकेंगे। अन्न भंडार के पांच गोदाम स्थापितमहाकुम्भ में अखाड़ों-कल्पवासियों और संस्थाओं को भोजन के लिए किसी प्रकार की समस्या न आने पाए, इस लिहाज से मेला क्षेत्र में 138 दुकानों पर विशेष इंतजाम किया गया है। साथ ही अन्न भंडार के पांच गोदाम भी तैयार किए गए हैं। इन गोदामों पर 6000 मीट्रिक टन आटा और 4000 मीट्रिक टन चावल और 2000 मीट्रिक टन चीनी भी रहेगी। हर कल्पवासी को 3 किलो आटा, 2 किलो चावल और एक किलो चीनी मेला क्षेत्र में दी जा रही इस विशेष सुविधा के अंतर्गत हर कल्पवासी को 3 किलो आटा, 2 किलो चावल और एक किलो चीनी उपलब्ध कराए जाने की व्यवस्था है। जनवरी से फरवरी अंत तक राशन की यह सुविधा उपलब्ध कराई जाएगी। साथ ही वन नेशन वन कार्ड की सुविधा भी प्राप्त होगी। 100 कुंतल सामान हर दुकान पर उपलब्ध कराया जा रहा है।

## बावड़ी का दूसरा तल...

की मांग उठाईएसआई की देखरेख में जैसे-जैसे खोदाई का कार्य आगे बढ़ रहा है, बहुत सी चीजें स्पष्ट होती जा रही हैं। मुरादाबाद लोकसभा से पूर्व सांसद व पूर्व मंत्री स्व. रानी इंद्राणीहिनी के बेटे राजा चंद्रविजय सिंह उर्फ बेबी राजा के प्रतिनिधि कौशल किशोर ने बीते दिन संभल जिलाधिकारी राजेंद्र पैंसिया को दिए प्रार्थना पत्र में चंदौसी स्थित मोहल्ला लक्ष्मणगंज में प्राचीन बावड़ी को पुरातत्व विभाग अथवा पर्यटन विभाग को सौंपने की मांग की ताकि संभल जनपद के साथ पूरे मुरादाबाद मंडल के लोगों को एक ऐतिहासिक धरोहर के रूप में पर्यटन का स्थान मिल सके। मंगलवार को पूर्व सांसद राजा चंद्र विजय सिंह उर्फ बेबी राजा ने कहा कि चंदौसी में मिली प्राचीन बावड़ी एक अनोखी धरोहर है। उनके पूर्वज बताया करते थे कि उत्तर प्रदेश में बावड़ी निर्माण कम ही स्थानों पर होता था।

## आयरलैंड, तुर्की,...

को केंद्रीय औषधि मानक नियंत्रण संगठन, पूर्वी क्षेत्र के ड्रग्स इंस्पेक्टर ने हिरासत में लिया है। न्यायालय ने आरोपी को 14 दिनों की न्यायिक हिरासत में भेज दिया है और उससे पूछताछ की अनुमति दी है। मामले में आगे की जांच जारी है। मंत्रालय के अनुसार नियमों के अनुसार ऐसे दस्तावेज़ नहीं होने पर दवाओं को नकली माना जाता है। जांच दल को खाली पैकिंग सामग्री भी मिली है। इससे ज़ब्त उत्पादों की प्रामाणिकता को लेकर और भी शंका बढ़ गई। जब्त की गई दवाओं का कुल अनुमानित बाजार मूल्य लगभग 6.60 करोड़ रुपए है। उपयुक्त जांच सुनिश्चित करने के लिए दवाओं के नमूने गुणवत्ता परीक्षण हेतु भेजे गए हैं। शेष जब्त मात्रा को केंद्रीय औषधि मानक नियंत्रण संगठन के निगरानी में सुरक्षित रखा जा रहा है।

## उत्तर प्रदेश में आठ...

जब्तीकरण की कार्रवाई की गयी है। पुलिस की कार्रवाई होगी तेज- राज्य पुलिस महानिदेशक प्रशांत कुमार की ओर से आज जारी विज्ञप्ति में बताया गया कि उत्तर प्रदेश को अपराध मुक्त बनाने के लिए यूपी पुलिस अपनी कार्रवाई में और तेजी लाएगी। शासन और पुलिस के वरिष्ठ अधिकारी इस कार्यवाही को और प्रभावी बनाने के लिए कई योजनाएं बना रहे हैं। अपराधियों के खिलाफ मुठभेड़ों को और बढ़ाना, विशेष रूप से उन अपराधियों के खिलाफ जो गंभीर अपराधों में लिप्त हैं, पुलिस की प्राथमिकता है।

## 'मुख्यमंत्री योगी की...

को दर्शाता है। चिन्हित परिवारों के जीवन स्तर को ऊंचा उठाने के लिए विभिन्न कंपनियों और संगठनों से सहयोग लिया जाएगा। ग्राम पंचायत स्तर पर तैनात पंचायत सहायकों को इस योजना में विशेष भूमिका दी गई है। मुख्यमंत्री योगी की मंशानुरूप पंचायत सहायक, जो अपने ग्राम पंचायत के निवासी होते हैं, इस योजना के माध्यम से अपने समुदाय को गरीबी से मुक्त करने में महत्वपूर्ण योगदान दे रहे हैं। उन्होंने पंचायत सहायकों की समस्याओं को दूर करने और उनका लंबित मानदेय शीघ्र भुगतान करने के भी निर्देश दिए हैं। चयनित निर्धनतम परिवारों की सूची ग्राम पंचायत सचिवालय और अन्य सार्वजनिक स्थानों पर प्रदर्शित की जाएगी। इसके साथ ही, यह सूची जीरो पावर्टी पोर्टल पर भी उपलब्ध होगी। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की अगुआई में उत्तर प्रदेश सरकार ने 2 अक्टूबर, 2025 तक प्रदेश को गरीबी मुक्त बनाने का लक्ष्य रखा है। इस अभियान के तहत ग्रामीण स्तर पर कार्यरत अधिकारियों और कर्मचारियों को शत-प्रतिशत सफलता सुनिश्चित करने का निर्देश दिया गया है। पंचायत राज मंत्री ओमप्रकाश राजभर ने कहा कि सरकार की इस योजना का उद्देश्य है कि प्रदेश के सबसे गरीब परिवारों को सरकारी योजनाओं का लाभ देकर उनके जीवन में सकारात्मक बदलाव लाया जाए।

## 52 आईपीएस...

अरुण कुमार श्रीवास्तव, सूर्य कांत त्रिपाठी, विकास कुमार वैद्य, राजेश कुमार सक्सेना, डॉ. अरविंद चतुर्वेदी, आलोक प्रियदर्शी, सुनीता सिंह, राजेश कुमार सिंह, सुधा सिंह, दिनेश सिंह, कमला प्रसाद यादव, अरविंद कुमार मौर्य, रामबदन सिंह, तेज स्वरूप सिंह, सुभाष चंद्र शाक्य और हृदयेश कुमार शामिल हैं। इसके अलावा वर्ष 2010 बैच के डॉ. धर्मवीर सिंह को भी डीआईजी के पद पर प्रोन्नत किया गया है। इसके अलावा वर्ष 2012 बैच के 13 आईपीएस को सेलेक्शन ग्रेड प्रदान किया गया है। इनमें विजय ढुल, घुले सुशील चंद्रभान, आशीष तिवारी, सचींद्र पटेल, विपिन टाडा, प्रताप गोपेंद्र यादव, अभिषेक यादव, संकल्प शर्मा, सोमेन वर्मा, यमुना प्रसाद, संतोष कुमार मिश्रा, हेमराज मीना और राजकरन अय्यर शामिल हैं।

# प्रेस क्लब की नव निर्वाचित कार्यकारिणी ने मुख्यमंत्री से की मुलाकात



कैनविज टाइम्स संवाददाता

देहरादून। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी से मंगलवार को मुख्यमंत्री आवास में उत्तरांचल प्रेस क्लब की नव निर्वाचित कार्यकारिणी के सदस्यों ने भेंट की। मुख्यमंत्री ने नव निर्वाचित कार्यकारिणी के सदस्यों का स्वागत करते हुए सभी पदाधिकारियों को बधाई दी।

इस मौके पर मुख्यमंत्री ने कहा कि मीडिया सरकार की योजनाओं और नीतियों को जनता तक पहुंचाने में अहम भूमिका निभाती है। पत्रकारिता समाज का आईना होती है। उन्होंने कहा कि मीडिया सरकार की योजनाओं और नीतियों के प्रति जनता की जागरूकता बढ़ाने के साथ-साथ सरकार को जनता की समस्याओं और सुझावों से भी अवगत कराती है। लोकतंत्र के चौथे स्तंभ के रूप में मीडिया महत्वपूर्ण भूमिका निभाती है। उन्होंने आशा व्यक्त की कि उत्तरांचल प्रेस क्लब सरकार की योजनाओं और नीतियों को नियमित रूप से आम जन तक पहुंचाने का कार्य करेगा। इस अवसर पर उत्तरांचल प्रेस क्लब कार्यकारिणी के नव निर्वाचित अध्यक्ष भूपेंद्र कंडारी, महामंत्री सुरेंद्र डसीला, वरिष्ठ उपाध्यक्ष अभिषेक मिश्रा, कनिष्ठ उपाध्यक्ष सुलोचना पयाल, कोषाध्यक्ष अनिल चंदोला, संयुक्त सचिव अभय क़ैतूरा, सम्प्रेक्षक शिवेश शर्मा, सदस्य योगेश रतूड़ी, रमन जायसवाल, संदीप बड़ोला, असद ख़ान और किशोर रावत उपस्थित थे।

# निकाय चुनाव के लिए भाजपा ने किया समिति का गठन

कैनविज टाइम्स संवाददाता

देहरादून। उत्तराखंड में चल रहे नगरीय निकाय चुनावों के लिए भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) ने मंगलवार को प्रदेश चुनाव प्रबंध समिति का गठन किया। समिति की आज हुई पहली महत्वपूर्ण बैठक में हर वार्ड, पालिका और निगम में भाजपा का परचम लहराने की रणनीति तैयार की गई।

पार्टी मुख्यालय में हुई इस बैठक की जानकारी देते हुए प्रदेश मीडिया प्रभारी मनवीर चौहान ने बताया कि प्रदेश अध्यक्ष महेंद्र भट्ट के निर्देश पर सभी 100 चुनावी निकायों की संचालन समिति से समन्वय के लिए यह समिति बनाई गई है। जिसमें बतौर संयोजक प्रदेश अध्यक्ष महेंद्र भट्ट, सह संयोजक प्रदेश महामंत्री आदित्य कोठारी, खिलेंद्र चौधरी, राजेंद्र बिष्ट समेत कुल 14 पदाधिकारी शामिल हैं। इसी क्रम में प्रचार एवं सभाओं के प्रमुख आदित्य कोठारी, सह प्रमुख सीताराम भट्ट, हिमांशु संगतानी, प्रचार सामग्री व साहित्य वितरण प्रमुख कौस्तुभा नंद जोशी, सह प्रमुख राजेंद्र ढिल्लो, जगमोहन चंद, मीडिया विभाग प्रमुख मनवीर सिंह चौहान, सह प्रमुख राजेंद्र नेगी, मानिक निधि शर्मा, कुंवर जपेंद्र, प्रचार सामग्री व साहित्य निर्माण प्रमुख डॉ देवेंद्र भसीन, सह प्रमुख अभिमन्यु कुमार, ओपी कुलश्रेष्ठ, मीरा रतूड़ी, चुनाव कार्यालय प्रमुख मुकेश कोली, हरीश डोरा, लच्छू गुप्ता,आशीष रावत, विपुल मेंदोली, संवाद केंद्र प्रमुख प्रवीण लेखवार, सत्यवीर चौहान, सोशल मीडिया प्रमुख नवीन ठाकुर, सह प्रमुख गंधार अग्रवाल, कुलदीप रावत, करुण दत्ता, युवा प्रमुख शशांक रावत, महिला सम्पर्क प्रमुख आशा नौटियाल, सह प्रमुख गीता रावत, भावना मेहरा, वार्ड व बूथ स्तर के कार्य प्रमुख राजेंद्र बिष्ट, सह प्रमुख मधु भट्ट, यशपाल नेगी, विशाल गुप्ता बनाए गए हैं। उन्होंने बताया कि इसके अलावा, एससी संपर्क प्रमुख समीर आर्य, दर्पण कुमार, ऋषिपाल, हिसाब किताब प्रमुख पुनीत मित्तल, सह प्रमुख साकेत अग्रवाल, प्रशासनिक कार्य व चुनाव आयोग से संपर्क प्रमुख राजीव शर्मा बंटू, सह प्रमुख पुरुषोत्तम कंडवाल, प्रभात बिष्ट को प्रमुख रूप से जिम्मेदारी दी गई है।

श्री चौहान ने बताया कि चुनाव प्रबंध समिति की इस पहली बैठक में प्रदेश महामंत्री अजेय कुमार ने सभी सदस्यों की भूमिका एवं जिम्मेदारी को लेकर आवश्यक निर्देश दिए। उन्होंने लक्ष्य स्पष्ट करते हुए कहा कि प्रत्येक वार्ड, नगर पंचायत, नगर पालिका और निगमों पर हमे भाजपा का परचम लहराना है। जिसके लिए हमे केंद्र और राज्य सरकार की उपलब्धियों को जन जन के बीच पहुंचना है। उन्होंने कहा कि हमारे पास पीएम के अतिरिक्त प्रदेश में मुख्यमंत्री धामी का लोकप्रिय चेहरा है, जिस पर सवा करोड़ देवभूमिवासी भरोसा करते हैं। उन्होंने स्पष्ट किया कि सभी जिलों में निकायों के संदर्भ में चुनाव संचालन समिति बना दी गई है, जिनमें समन्वय और चुनाव अभियान के प्रबंधन का काम हम सबको मिलकर करना है। चुनाव में सभी मोर्चों एवं प्रकोष्ठों की भूमिका भी बहुत हम होने वाली है विशेष कर महिला युवा एवं एससी मोर्चा। सभी को अपने अपने वर्गों में कार्यक्रमों का आयोजन करना है ताकि सर्व समाज भाजपा के पक्ष में एकजुट हों।

## नव वर्ष पर पर्यटकों की संख्या के दृष्टिगत धामी के निर्देश

देहरादून। उत्तराखंड के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने मंगलवार को अपने शासकीय आवास में उच्च स्तरीय बैठक के दौरान, अधिकारियों को निर्देश दिए कि नव वर्ष के आगमन पर पर्यटकों की संख्या में वृद्धि के दृष्टिगत, सुरक्षा व्यवस्था और यातायात प्रबंधन का विशेष ध्यान रखा जाय।

मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि नए वर्ष के दौरान ट्रैफिक जाम और दुर्घटनाओं को रोकने के लिए उचित यातायात प्रबंधन किया जाय।

आप सभी को नववर्ष 2025 की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं
इम्तियाज़ अली

रेहान अहमद
छान्दोइया दुबग्गा की ओर से समस्त क्षेत्र वासियों को नववर्ष की हार्दिक शुभकामनाएं

समस्त क्षेत्रवासियों को नववर्ष 2025, मकर संक्रान्ति, लोहड़ी व गणतन्त्र दिवस की हार्दिक शुभकामनाएँ
परवेज़ खान

नव वर्ष 2025 की हार्दिक शुभकामनाएं
मो. वक़ार शहर
महासचिव कांग्रेस पार्टी

नव वर्ष 2025 की हार्दिक शुभकामनाएं
लईक आगा
पार्षद कश्मीरी मोहल्ला वार्ड

सभी क्षेत्रवासियों एवं गन्ना किसानों को नव वर्ष 2025 की हार्दिक शुभकामनाएं
आर के भार्गव
जिला गन्ना अधिकारी पीलीभीत

समस्त क्षेत्रवासियों को नव वर्ष 2025 मकर संक्रांति, गणतंत्र दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
सुधांशु सिंह
अभय प्रताप सिंह

आप सभी क्षेत्रवासियों को नव वर्ष 2025 की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं
उमेश कुमार रावत

हाशिम सिद्दीकी
समाजसेवी दुबग्गा की ओर से समस्त क्षेत्र वासियों को नववर्ष की हार्दिक शुभकामनाएं

नव वर्ष 2025 की हार्दिक शुभकामनाएं
S.S. GROUP OF INSTITUTIONS
S.S. INSTITUTE OF MANAGEMENT AND PHARMACY
D.Pharm | BBA | B.COM
S.S. INTERNATIONAL SCHOOL
S.S. PUBLIC SCHOOL

नव वर्ष 2025 की हार्दिक शुभकामनाएं
सचिन कुमार गुप्ता
संवाददाता कैनविज टाइम्स पूरनपुर जनपद पीलीभीत

पूरनपुर विधानसभा क्षेत्र वासियों को नव वर्ष 2025 मंगलमय हो
राजकुमार 'राजू'
राष्ट्रीय उपाध्यक्ष समाजवादी युवजन सभा 129 विधान सभा पूरनपुर

सभी शहरवासियों को नव वर्ष 2025 मंगलमय हो
डॉक्टर आस्था अग्रवाल
नगर पालिका परिषद अध्यक्ष

नव वर्ष 2025 की हार्दिक शुभकामनाएं
पार्षद शाईस्ता परवीन व पूर्व पार्षद अयाज़ूर रहमान अल्लाह प्यारे

नव वर्ष 2025 आप सभी के लिए मंगलमय हो
डॉ0 विभव सक्सेना
प्रधानाध्यापक एवं समस्त स्टाफ प्राथमिक विद्यालय टाह पौटा विकास क्षेत्र मरौरी,जनपद पीलीभीत

नववर्ष ग्राम वासियों को ढेर सारी खुशियां लेकर आए
लाल बहादुर पाल
प्रधान
ग्राम पंचायत इसौटा विकास खंड करछना प्रयागराज

नव वर्ष 2025 की हार्दिक शुभकामनाएं
जितेंद्र कुमार रावत उर्फ टेनी रावत
पूर्व जिला पंचायत सदस्य बसपा

नव वर्ष 2025 की हार्दिक शुभकामनाएं
विजय श्री गौतम
सपा नेत्री
168 मलिहाबाद विधानसभा

बीएम लैंड डेवलपर्स छठामील रैथा रोड बीकेटी की तरफ़ से सभी देशवासियों को नववर्ष 2025 की हार्दिक शुभकामनाएं।
महीप यादव
बीकेटी

Vivranta Group
SARKAR GROUP
Plot Your Dreams, Build Your Own Storey
नई शुरुआत का शुभारम्भ
सरकार टाउन के संग

नववर्ष पर सभी गांव एवं देशवासियों को ढेर सारी हार्दिक शुभकामनाएं
धीतेश तिवारी
प्रधान संघ महामंत्री
प्रधान चनैनी विकास खंड करछना प्रयागराज

नववर्ष पर सभी छात्र-छात्राओं, शिक्षकों एवं अभिभावकों को हार्दिक शुभकामनाएं
निर्मल सिंह
प्रबंधक
एसएलबी इंटर कालेज चनैनी, करछना, प्रयागराज

नववर्ष पर सभी को हार्दिक शुभकामनाएं
दीप्ति मिश्रा
ग्राम पंचायत अधिकारी ग्राम पंचायत कचरी/मेडरा, विकास खंड करछना प्रयागराज

नववर्ष 2025 सभी गांव व देशवासियों को ढेर सारी हार्दिक शुभकामनाएं
बीरू सिंह
प्रधान प्रतिनिधि
ग्राम पंचायत धरवारा, विकास खंड करछना प्रयागराज

नववर्ष पर सभी गांव एवं देशवासियों को ढेर सारी हार्दिक शुभकामनाएं
आशीष पांडेय
प्रधान
ग्राम पंचायत लखरावा, विकास खंड करछना प्रयागराज

नववर्ष पर सभी साथियों को ढेर सारी हार्दिक शुभकामनाएं
सुधीर जय शेखर
ग्राम पंचायत अधिकारी
विकास खंड करछना प्रयागराज

नववर्ष पर सभी गांव वासियों को ढेर सारी हार्दिक शुभकामनाएं
शैलेन्द्र प्रताप
रोजगार सेवक
ग्राम पंचायत कचरी, विकास खंड करछना प्रयागराज

सभी गांव एवं देशवासियों को ढेर सारी हार्दिक शुभकामनाएं
धर्मराज पटेल
प्रधान
ग्राम पंचायत कचरी, विकास खंड करछना प्रयागराज

नववर्ष पर सभी गांव एवं देशवासियों को हार्दिक शुभकामनाएं
कुसुम देवी
प्रधान
ग्राम पंचायत तेवतिया, विकास खंड करछना प्रयागराज

नववर्ष पर सभी गांव एवं देशवासियों को ढेर सारी शुभकामनाएं
कृष्णदेव कोटार्य
प्रधान
ग्राम पंचायत बस्तर, विकास खंड करछना प्रयागराज

नववर्ष पर सभी गांव एवं देशवासियों को ढेर सारी हार्दिक शुभकामनाएं
बजरंगी
प्रधान
ग्राम पंचायत बरांव, विकास खंड करछना प्रयागराज

चेयरमैन एवं प्रधान सम्पादक - राकेश कुमार पाण्डेय कार्यकारी सम्पादक* - अरशद सईद खान स्टेट हेड - संदीप मिश्रा
स्वामी, मुद्रक एवं प्रकाशक राकेश कुमार पाण्डेय द्वारा सरस्वती प्रिंटर्स वाटर वर्क्स रोड ऐशबाग, लखनऊ से मुद्रित एवं सी-46, कृष टॉवर, विभूति खण्ड, गोमती नगर, लखनऊ, पिन-226010 से प्रकाशित। * इस अंक में प्रकाशित सभी समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु पीआरबी एक्ट के तहत उत्तरदायी।
समस्त विवाद लखनऊ न्यायालय क्षेत्र के ही अधीन होंगे। फोन नं। 0522-4249333 फैक्स नं.- 4249333 e-mail : info@kanwhizztimes.com RNI NO - UPHIN/2012/42063